वर्ष- 12 अंक - 118
लखनऊ, रविवार 15 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पूरे साल मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी वर्ष : सीएम योगी 03

अभिव्यक्ति व संवाद के संतुलन पर पनपता है लोकतंत्र : जगदीप धनखड़ 12


## आरबीआई ने अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा बढ़ाकर की दो लाख रुपए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने कृषि संबंधी सहायक कार्यों के अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने की घोषणा की है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि किसान पर 1.6 लाख रुपये की वर्तमान ऋण सीमा को बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। यह परिवर्तन एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत के कारण से किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय पहुँच प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करना कि उनके पास अपनी कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। आरबीआई ने कहा है कि दो लाख रुपये तक के ऋण के लिए किसी गारंटी की आवश्यकता नहीं होगी। यह कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए ऋण पहुंच को बढ़ाता है। इस पहल से किसान क्रेडिट कार्ड ऋणों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है जिससे किसानों को कृषि कार्यों में निवेश करने और अपनी आजीविका में सुधार करने में सहायता मिलेगी।

## मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल ने फहराया परचम

### प्रदेश में 103 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को पीछे छोड़कर पहुंचा पहले स्थान पर, 23,741 नागरिकों तक पहुंचकर किया उनका प्रकृति परीक्षण

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद ।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा विगत दो सप्ताह से चलाये जा रहे 'प्रदेश का प्रकृति परीक्षण अभियान' संकल्प स्वास्थ्य का आधार आयुर्वेद का, जो कि सम्पूर्ण देश एवं प्रदेश में भारत सरकार आयुष मंत्रालय की देखरेख में घर-घर आयुर्वेद एवं जन-जन आयुर्वेद को पहुँचाने के लिए उत्तर प्रदेश में मेजर एसडी सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बेबर रोड फतेहगढ़ फर्रुखाबाद ने जन-जन तक पहुंचकर उनके स्वस्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं किस ऋतु (मौसम) और किस दिनचर्या का पालन कर स्वस्थ रहा जा सकता है एवं उनकी प्रकृति क्या है एवं उनको किस प्रकार का आहार-विहार का पालन करना चाहिए। इन सभी बातों को बताने एवं प्रत्येक नागरिक का प्रकृति परीक्षण का संकल्प लिया जिसके तहत उत्तर प्रदेश के 103 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों में मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल फर्रुखाबाद ने 23741 नागरिकों तक पहुंचकर उनका प्रकृति परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर उत्तर प्रदेश में अभी तक के भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के द्वारा भेजे गये आंकड़ों के अनुसार मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश व जनपद का नाम गौरवान्वित करने का काम किया है और हमारा प्रयास जन-जन तक प्रकृति परीक्षण अभियान का संकल्प जारी है।

इस अभियान की सफलता के लिए कॉलेज के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव एवं कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन एवं प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने समस्त वालंन्टियर (छात्र-छात्राओं) एवं शिक्षकगणों एवं कॉलेज व हॉस्पिटल स्टाफ को इस अभियान में सफलता के लिए बधाई देते हुए भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया।



ग्रामीणों के बीच मौजूद आयुर्वेदिक चिकित्सक



सेल्फी प्वाइंट पर मौजूद चिकित्सक

## संक्षिप्त समाचार

### निहारिका वेंचर्स एंड डेवलपर्स की 2.73 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोन की टीम ने प्रयागराज स्थित करोड़ों की सम्पति को कुर्क किया है। यह सम्पति निहारिका वेंचर्स एंड डेवलपर्स कंपनी के नाम पर थी। ईडी की ओर से शनिवार को एक्स पर जानकारी देते हुए बताया गया कि कंपनी के निदेशक ओम प्रकाश द्विवेदी उनके बेटे अभिषेक, निहारिका और राधारानी के नाम कई संपत्तियों को ब्योरा ईडी ने जुटाया है। आरोप है कि इन लोगों ने निवेशकों को सस्ती जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ो रुपये हड़पे हैं। इस मामले में एफआईआर भी दर्ज हैं। ईडी ने एफआईआर के आधार पर ही मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामले की जांच शुरू की थी। इसी प्रकरण में कार्रवाई करते हुए ईडी ने प्रयागराज में स्थित पांच आवासीय फ्लैटों के रूप में 2.73 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को अनंतिम रूप से कुर्क किया है।

### लालकृष्ण आडवाणी आईसीयू में भर्ती, हालत स्थिर

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे आईसीयू में भर्ती हैं। अस्पताल के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है। 97 साल के आडवाणी को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें सर्दी-खांसी की परेशानी हुई थी, जो पॉल्यूशन के चलते और बढ़ गई। फिलहाल उन्हें 48 घंटे के लिए न्यूरोलॉजी विभाग में डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया हैं। कल के बाद उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है। इससे पहले, 26 जून को एम्स दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।

### डूबने से दुनिया में हर साल तीन लाख मौतें : डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा/नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने डूबने से मरने वालों की रोकथाम पर अपनी पहली रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें 2000 के बाद से विश्व में डूबने से होने वाली मृत्यु दर में 38 प्रतिशत की गिरावट आयी है, लेकिन कम आय वाले देशों में यह जोखिम ऊंचा बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डूबना एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है, जिसमें अनुमान है कि हर घंटे 30 से अधिक लोग डूब रहे हैं और अकेले 2021 में तीन लाख लोगों की डूबने से मौत हुई। करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत 29 वर्ष से कम उम्र में हुई है और एक चौथाई मरने वाले पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे होते हैं। वयस्कों की देखरेख के बिना बच्चों में डूबने का जोखिम विशेष रूप से अधिक होता है। डब्ल्यूएचओ ने डूबने से मौत की गिरावट को वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

### नेपाल आर्मी चीफ अशोक राज ने राम मंदिर में किए दर्शन

**अयोध्या।** नेपाल आर्मी चीफ जनरल अशोक राज ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के दर्शन किए। अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचने पर दिल्ली, लखनऊ व डोगरा आर्मी के बड़े अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राम मंदिर पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य डॉ अनिल मिश्र, मंदिर व्यवस्थापक गोपाल राव ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत नेपाल आर्मी प्रमुख अशोक राज ने रामलला का दर्शन पूजन के उपरांत अयोध्या से एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

# कांग्रेस के डीएनए का हिस्सा है संविधान का दुरुपयोग : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संविधान पर चर्चा के दौरान कांग्रेस को संविधान का शिकार करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने 1 घंटे 49 मिनट की स्पीच में कहा कि संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वह समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही। संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती रही। करीब 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया। उन्होंने कहा कि इतिहास



### ▸ पीएम मोदी ने संविधान पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पर बोला हमला

कह रहा है कि नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक सभी ने संविधान का दुरुपयोग किया। इनकी नई पीढ़ी भी उसी रास्ते पर है। नेहरू जी से राजीव गांधी तक कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने आरक्षण का विरोध किया। नेहरू जी ने लंबी-लंबी चिट्ठियां लिखीं। मोदी बोले- इमरजेंसी आई, संवैधानिक व्यवस्थाओं को खत्म कर दिया।

देश को जेलखाना बना दिया, अधिकारों को लूट लिया, प्रेस की स्वतंत्रता को ताले लगा दिए। कांग्रेस के माथे पर ये जो पाप है, वो कभी भी धुलने वाला नहीं है। जब लोकतंत्र की चर्चा होगी, ये पाप धुलने वाला नहीं है। 1952 से पहले राज्यसभा भी नहीं थी। राज्यों में भी चुनाव नहीं थे। कोई जनादेश नहीं था। अभी-अभी तो संविधान निर्माताओं ने इतना मंथन किया था। 1951 इन्होंने ऑर्डिनेंस लाकर संविधान को बदला। अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला कर दिया गया। संविधान निर्माताओं की नहीं चलने दी। अपने मन की चीजें, जो संविधान सभा के भीतर नहीं करवा पाए, पिछले दरवाजे से किया, चुनी हुई सरकार के प्रधानमंत्री नहीं थे। उन्होंने पाप किया। उसी दौरान प्रधानमंत्री नेहरू जी ने मुख्यमंत्रियों को एक चिट्ठी लिखी- अगर संविधान हमारे रास्ते के बीच में आ जाए तो हर हाल में संविधान में परिवर्तन करना चाहिए। 1951 में ये पाप किया गया। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि गलत हो रहा है। स्पीकर ने भी कहा, आचार्य कृपलानी, जेपी जैसे महान लोगों ने भी रोकने को कहा। पंडित जी का अपना संविधान चलता था। उन्होंने सलाह नहीं मानी। इंदिरा पर उन्होंने इमरजेंसी थोपी, कुर्सी के लिए फैसला लिया संसद संविधान के किसी भी आर्टिकल में जो मन आए कर सकती है और अदालत उसकी तरफ नहीं देख सकती।

### छह दशक में 75 बार संविधान बदला

संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वह समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही। संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती रही। करीब 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया। जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री ने बोया था, उसे खाद-पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री ने किया, श्रीमती इंदिरा गांधी। संविधान यात्रा के 25 साल पूरे हो रहे थे, उसी वक्त हमारे देश में संविधान को नोच दिया गया। इमरजेंसी आई, संवैधानिक व्यवस्थाओं को खत्म कर दिया। देश को जेलखाना बना दिया, अधिकारों को लूट लिया, प्रेस की स्वतंत्रता को ताले लगा दिए। कांग्रेस के माथे पर ये जो पाप है, वो कभी भी धुलने वाला नहीं है। जब लोकतंत्र की चर्चा होगी, ये पाप धुलने वाला नहीं है। कांग्रेस ने लगातार संविधान की अवमानना की। उसके महत्व को कम किया। कांग्रेस इसके अनेक उदाहरणों से भरी है। संसद में आए बिना संसद को ही अस्वीकार कर दिया गया। संविधान का पहला पुत्र संसद है, उसका भी गला घोंटने का काम किया।

### हैंड ग्रेनेड हमले में पुलिस ने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीन आतंकियों को पकड़ा

**जालंधर।** पंजाब के नवांशहर में थाना काठगढ़ के अंसार पुलिस चौकी पर हुए हैंड ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान युगप्रीत सिंह उर्फयुवी, जसकरण सिंह और हरजोत सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। वे खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स मॉड्यूल के सदस्य हैं। इनका नियंत्रण जर्मनी, यूके और अन्य देशों में बैठे हैंडलर्स के पास था। उनसे आदेश मिलने के बाद आरोपियों ने नवांशहर के काठगढ़ थाने पर हमला किया। पिछले छह महीने में इस मॉड्यूल को 4.5 लाख रुपये की फंडिंग मिली है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों को यह ग्रेनेड 28 नवंबर को जालंधर के पास एक डेड लेटर बॉक्स से मिला था। जिसके बाद 2 दिसंबर को एसबीएस नगर पुलिस चौकी पर उक्त ग्रेनेड फेंका गया। डीजीपी गौरव यादव ने कहा- पुलिस जल्द ही तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। वहीं, हैंड ग्रेनेड पहुंचाने वाले आरोपियों की पहचान के लिए पंजाब पुलिस की अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं।

## दिल्ली व उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात सोनू मटका ढेर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस और उप्र एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई ने बदमाश सोनू मटका को मुठभेड़ में मार गिराया। मटका ने फर्श बाजार में चाचा भतीजे की हत्या की थी। उसके बाद से ही पुलिस की टीमें सोनू मटका की तलाश में जुटी हुई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ये मुठभेड़ बागपत-मेरठ मार्ग पर हुई है। शनिवार तड़के दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम को सोनू मटका के मेरठ के टीपी नगर थाना क्षेत्र इलाके में होने की सूचना मिली थी।

सूचना को पुख्ता कर टीम ने घेराबंदी की। आरोपित को सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से सोनू मटका घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोनू मटका कुख्यात हासिम बाबा गैंग का शूटर था। उसके खिलाफ उप्र और दिल्ली में लूट और हत्या के छह केस दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि दिवाली की रात फर्श बाजार थाना क्षेत्र के बिहारी कॉलोनी इलाके में दिवाली मना रहे 40 साल के एक शख्स और उसके 16 साल के भतीजे को बदमाशों ने गोली मार दी थी। इस हमले में आकाश शर्मा और उनके भतीजे ऋषभ शर्मा की मौत हो गई।



आकाश शर्मा के बेटे ने बताया कि वो लोग अपने घर के बाहर दिवाली मना रहे थे तभी एक युवक वहां स्कूटी से पहुंचा। उसने पैर छूकर आकाश शर्मा से आशीर्वाद लिया। इसी दौरान उसके साथ आए दूसरे शख्स ने अचानक पिस्टल निकालकर आकाश पर गोली चला दी। उनके भतीजे ऋषभ ने पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने ऋषभ को भी गोली मार दी। शुरुआती जांच में पता चला कि इस पूरे हत्याकांड को आकाश शर्मा के एक नाबालिग रिश्तेदार ने अंजाम दिया था। पैसे नहीं देने से नाराज नाबालिग रिश्तेदार ने आकाश शर्मा की हत्या करने के लिए शूटर सोनू मटका से संपर्क किया और उसे आकाश शर्मा की हत्या करवा दी। पुलिस के अनुसार दिल्ली के करावल नगर के गोकुलपुरी इलाके में रहने वाला अनिल उर्फ सोनू मटका मूल रूप से उप्र के बागपत के छपरौली थाना क्षेत्र के शेरपुर लुहारा का रहने वाला था। दिल्ली एनसीआर में अपराध की दुनिया से सोनू मटका कई सालों से जुड़ा हुआ था।

### पत्नी निकिता व ससुराल पक्ष ने गिरफ्तारी से बचने को हाईकोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी

**प्रयागराज।** 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष मोदी की आत्महत्या के मामले में उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया सहित चार लोगों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता के वकील ने यह जानकारी दी। बता दें कि गिरफ्तारी से बचने के लिए निकिता सिंघानिया समेत सभी आरोपियों ने अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि निकिता के अलावा अतुल सुभाष की सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग और सुशील सिंघानिया ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है।

## कार्रवाई : प्रमुख सचिव इंडस्ट्री, चेयरमैन यमुना अथॉरिटी अनिल सागर हटाए गए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को प्रमुख सचिव इंडस्ट्री, चेयरमैन यमुना अथॉरिटी आईएएस अनिल सागर को हटाया दिया है। नोएडा की यमुना ऑथरिटी में बिल्डर्स के प्रोजेक्ट में घपलेबाजी की शिकायतों को लेकर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने काफी नाराजगी जताई थी। सरकार को जमकर फटकारा और यह तक पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की बात भी कही थी।

इस मामले में सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई होनी है। इससे पहले शासन ने आईएएस अनिल सागर को हटाते हुए प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है। अनिल सागर प्रमुख सचिव के साथ साथ यमुना ऑथरिटी के चेयरमैन भी थे। उन पर आरोप हैं कि उन्होंने मनमर्जी के आधार बिल्डर्स के प्रोजेक्ट को रद्द किया और जिसमें सहूलियत दिखी उसको मंजूरी दी। पर्सनल एफिडेविट के माध्यम से हाइकोर्ट ने यमुना ऑथरिटी की घपलेबाजी पकड़ी है। जस्टिस पंकज भाटिया ने यूपी सरकार के वकील से कहा कि प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर पर सरकार कार्रवाई करे अन्यथा सोमवार को सीबीआई जांच के आदेश होंगे।

### ▸ घपलेबाजी को लेकर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जताई थी नाराजगी

### अभिनेता मुस्ताक खान अपहरण मामले में बुलंदशहर से चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** यूपी एसटीएफ और मेरठ जिले की पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता मुस्ताक खान और हास्य कलाकार सुनील पाल के अपहरण मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों को बुलंदशहर जिले से गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1.04 लाख रुपये नकद और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पकड़े गये चारों अभियुक्तों ने अपना नाम सार्थक चौधरी, बुद्दीन उर्फ सेबी, असीम और शंशाक कुमार बताया है। आरोपितों को बुलंदशहर के मकान से शनिवार सुबह पकड़ा गया। पूछताछ में इन लोगों ने स्वीकार किया है कि अब तक दस कलाकारों का अपहरण कर फिरौती की वसूली की।

## महाकुंभ के लिए प्रयागराज में चलेगी 350 शटल सेवा

### ▸ मुख्य स्नान पर्वों पर शटल बसों में फ्री रहेगी यात्रा : दयाशंकर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** 14 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले महाकुंभ-2025 के अवसर पर श्रद्धालुओ के लिए प्रयागराज क्षेत्र में परिवहन निगम ने 350 शटल लगाई है। व्यवस्था सुचारू एवं सुदृढ़ बनाए रखने के लिए 22 अधिकारियों की टीम भी सुपरविजन करने के लिए लगाई गई है। सेवा प्रबंधक मुरादाबाद अनुराग यादव को इंचार्ज बनाया गया है।

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रयागराज को जाने वाले 7 मार्गो पर क्विक रिस्पांस टीम भी तैनात की गई है,जो इंटरसेप्टर वाहनों से लैस होंगे।क्विक रिस्पॉन्स टीम किसी भी इमरजेंसी स्थिति से निपटने के लिए कार्यरत रहेंगे।



इन क्विक रिस्पांस टीम में परिवहन निगम के प्रवर्तन अधिकारी तैनात किए जाएंगे तथा उनके साथ में कुछ तकनीकी कर्मचारी भी रहेंगे जो कि बसों में कोई तकनीकी आवश्यकता पड़ने पर तत्काल अटेंड करेंगे। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 8 अस्थाई बस स्टेशन बनाए गए हैं। जिसमें मुख्यालय से प्रधान प्रबंधक स्तर के अधिकारियों के तैनाती की गई है एवं कुछ सेवानिवृत्ति सलाहकार भी तैनात किए गए हैं।

सभी अस्थाई बस स्टेशनों के पास में अस्थाई कार्यशालाएं भी स्थापित की जा रही है जो की बाहरी क्षेत्र से आने वाली बसों को अटेंड करेंगे तथा किसी भी तकनीकी दोष के लिए तत्पर रहेंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि मेले के प्रथम चरण के लिए 2000 बसे हैं तथा द्वितीय चरण जो की मुख्य स्नान की तिथि होगी। मौनी अमावस्या पर्व पर 7000 बसें तैनात की गई है। मेले में 6800 साधारण एवं 200 एसी बसें प्रयोग की जाएगी। सभी शटल बसें नई बसें होगी एवं इन पर महाकुंभ का लोगों भी रहेगा। मुख्य स्नान पर्वों पर शटल बसों में निशुल्क यात्रा की जाएगी।

## 46 साल से मंदिर पर अवैध कब्जे को प्रशासन ने कराया मुक्त

समृद्धि न्यूज

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के बाद भड़की हिंसा के खिलाफ प्रशासन का सख्त रुख बरकरार है। प्रशासन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया तो शनिवार को मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित एक घर में प्राचीन शिव मंदिर मिला।

प्रशासन ने मंदिर से अवैध कब्जा हटाते हुए 46 साल से कैद भगवान शिव, कार्तिकेय और हनुमान को मुक्त कराया। मंदिर के पास एक कुआं भी मिला है और पीपल वृक्ष होने का भी साक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही प्रशासन मंदिर पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। जिलाधिकारी



राजेंद्र पेंसिया ने मीडिया को बताया कि शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। इसी दौरान महमूद खां सराय में एक बंद मकान में शिव मंदिर मिला है। वर्ष 1978 से पहले ये मकान एक हिंदू परिवार का था लेकिन 1978 के सांप्रदायिक दंगे के दौरान कई हिंदू घरों में आग लगा दी गयी थी। डर के चलते हिंदू परिवार यहां से पलायन कर हिंदू आबादी वाले इलाके में बस गए।

स्थापना दिवस

### मुख्यमंत्री योगी ने एसजीपीजीआई के 41वें स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत

## एसजीपीजीआई में अब एआई तकनीक से होगा लोगों का इलाज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** सीएम योगी लखनऊ में एसजीपीजीआई के 41वें स्थापना दिवस में शामिल हुए। दार्शनिक की कहानी सुनाई। कहा जीत की तैयारी इतनी शालीनता के साथ करो कि आपकी सफलता शोर मचा दे। यूपी में लोगों को नेताओं से ज्यादा डॉक्टरों पर भरोसा है। इसलिए, अंगदान के लिए लोगों को जागरूक करें। डॉक्टरों के बारे में पेशेंट के मन में जो श्रद्धा सम्मान का भाव है वह सरकार से ज्यादा है। उन्होंने कहा अगर पेशेंट किसी दुर्घटना का शिकार हो गया है, उसका ब्रेन डेड हो चुका है। फिर भी उसके अंग काम आ सकते हैं। डॉक्टर उसके परिजनों को दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए तैयार करें। 2047 में देश अपनी आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा। हमें भारत को कुशल देश की नजर से देखना होगा।



संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में योगी के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद रहे। योगी ने कहा अस्पतालों में किसी को सर्जरी के लिए लंबी डेट न दी जाए। एसजीपीजीआई देश का पहला चिकित्सा संस्थान है, जिसे 500 करोड़ रुपए मिले हैं। अभी तक रोबोटिक का उपयोग होता था। लेकिन अब हेल्थ को एआई टेक्नोलॉजी से जोड़ा जाएगा। जब कोरोना वायरस यूपी में आया तब प्रदेश में सर्वे कराया गया। 36 जिले ऐसे थे जहां आईसीयू का एक भी बेड नहीं था। तब एसजीपीजीआई के निदेशक ने सुझाव दिया कि हम लोग डेली आईसीयू प्रारंभ कर सकते हैं।

### तीन गुना तेज गति से काम करें चिकित्सक

योगी ने कहा उत्तर प्रदेश जैसे देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य में स्वास्थ्य का मानक क्या होना चाहिए। मेडिकल एजुकेशन का स्टैंडर्ड क्या होना चाहिए। यह न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि उत्तर भारत में अब एसजीपीजीआई बिना किसी शोरगुल के यह करता है। हर मरीज चाहता है कि उसे अच्छी सुविधा मिले। मैं चाहूंगा कि अभी डॉक्टरों की जो स्पीड है, उसे तीन गुना बढ़ाएं। आपको जो संसाधन चाहिए सरकार उपलब्ध कराएगी। इसके लिए आपको स्वयं समय देना होगा। मुझे लगता है अगर आप एक दिन में 10 मरीज देखते हैं। अगर यह स्पीड तीन गुना कर दें तो डिफरेंट कैटेगरी के 25-30 मरीज मिलेंगे। एसजीपीजीआई में एक साल में सवा लाख पेशेंट्स आते हैं। हम इसको 1 साल में 5 लाख कर सकते हैं। यहां पर भर्ती होने वाले 48 हजार पेशेंट हैं। इसे बढ़ाकर डेढ़ लाख तक पहुंचा सकते हैं। किडनी ट्रांसप्लांट 150 तक हो रही है। हम इसे 500 तक पहुंचा सकते हैं।

# खराब सड़क देख धौरहरा विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार

- जनता की शिकायत पर खुद रोड खोदने लगे विधायक धौरहरा
- खराब सड़क देख अधिकारियों पर भड़के विधायक



ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर जिले में घटिया सड़क निर्माण को लेकर विधायक एक्शन मोड में दिखे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हाल ही में विधान सभा धौरहरा क्षेत्र के ग्राम रमियाबेहड़ से हौकना मटेरा तक निर्माणाधीन सड़क मार्ग जिसमें कई तरह की अनियमितता पाई गई है। ग्रामीणों ने ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने को लेकर धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी से नाराजगी जताई, कार्य देखने की लगाई गुहार।

### सड़क की जांच करने पहुंचे विधायक

गांववालों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए खुद धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी गुणवत्ताहीन सड़क की जांच करने मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों की मौजूदगी में रोड़ का भौतिक सत्यापन किया गया। ग्रामीणों ने सड़क की क्वालिटी को दिखाया, जिसमें पैरों से रौंदने मात्र से ही सड़क उखड़ गया। ऐसा सड़क के कई हिस्से में देखा गया जिसको देख विधायक ने सड़क खोदनी चालू कर दी जिसमें बहुत सी कमियां मिली।

### डामर की जगह जले ऑयल का छिड़काव

गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि, सड़क में ठेकेदार द्वारा पहले न तो अच्छा से पानी डाला गया और न ही क्वालिटी युक्त मटेरियल, डामर और इमल्शन का उपयोग किया गया है। इस सड़क निर्माण में डामर की जगह जले ऑयल का छिड़काव किया गया है ठेकेदार ने सड़क के बगल की मिट्टी को ही खोदकर सड़क के बगल में डाला है। साथ ही इस सड़क को पैरों से खुरचने से परत दर परत सड़क से मटेरियल उखड़ जा रहा हैं. जिससे गुणवत्ता में कमी देखी जा सकती है।

### अधिकारियों को जमकर लगाई फटकार

घटिया सड़क निर्माण देख विधायक ने एई सहित अन्य अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने अधिकारियों को कहा कि ऐसा काम नहीं चलेगा, ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत सही है। ठीक से काम कराओ, लोगों की बुनियादी सुविधाओं पर डाका मत डालो, भ्रष्टाचार करना बंद करो। विधायक की फोन वार्ता पर एई अपनी ओर से सफाई देते दिखे, पुनः सुधार करने को कहा।

# लड़की को बरामद नहीं कर पाई थाना फूलबेहड़ पुलिस

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर पुलिस अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है।आपको बता दे कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष जो 6 दिसंबर 24 को करीब 1 बजे दिन में शौच के लिए गई थी जब वह काफी देर तक वापस नहीं आई तो उसकी खोजबीन शुरू की गई जिस पर जानकारी मिली कि गाँव के ही रहने वाले मुनीजर पुत्र शिव कुमार अनूप पुत्र हरिनाम के द्वारा बहला फुसलाकर भगाने में अपनी भूमिका निभाई है। आरोप है कि शिव कुमार पुत्र राम औतार ने लड़की को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया है। मस्तराम पुत्र शिव कुमार का लड़की भगाने में हांथ है जिसके द्वारा लड़की को धमकी देकर ले गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** ग्राम मुड़िया हेमसिंह चौकी क्षेत्र बिजुआ थाना भीरा जिला खीरी में प्रियंका देवी पत्नी महिपाल उम्र करीब 20 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है जिसकी शादी करीब 06 माह पहले हुई थी। प्रियंका देवी का मायका ग्राम परसेला थाना हैदराबाद है। इनके पिताजी का नाम लालाराम पुत्र नीलकंठ जाति पासी है। उक्त मृतका का पंचायत नामा की कार्यवाही मजिस्ट्रेट द्वारा की गई।

### हत्या का प्रयास करने वाले वांछित वारंटी को भेजा जेल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी फरधान थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्या का प्रयास करने के आरोप में एक वांछित वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया अंडू निवासी सतीश कुमार पर जान से मार देने का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद वह लगातार फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी सतीश कुमार 34 वर्ष को लखीमपुर गोला मार्ग पर छाउछ चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है और जेल भेज दिया गया है।

### थाना समाधान दिवस में महज दो फरियादियों ने दर्ज करायी शिकायतें

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस में मात्र दो फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें एक शिकायत का निस्तारण हुआ। कोतवाली परिसर में तहसीलदार एसके मिश्रा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस के दौरान मात्र दो फरियादी ही शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंचे। जिसमें एक शिकायत राजस्व विभाग से संबंधित भूमि पर अतिक्रमण को लेकर दर्ज कराई गई। जबकि दूसरी शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित दर्ज कराई गई। मौके पर पुलिस विभाग की शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। जबकि राजस्व विभाग की शिकायत को संबंधित लेखपाल को सौंपकर शिकायत का निस्तारण समय सीमा में करने के निर्देश तहसीलदार ने दिए। कहा कि निस्तारण अख्या प्रस्तुत करने के साथ ही शिकायतकर्ता को भी निस्तारण से अवगत कराएं। ताकि शिकायतकर्ता को बार बार परेशान न होना पड़े। इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई गौरव मिश्रा, एसआई अमर सिंह, ओंकार सिंह, लेखपाल नैंसी, सुधा, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में यूपीएस लौना बनी उप विजेता

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट ललितपुर में आयोजित मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में यूपीएस लौना की कबड्डी की टीम फाइनल खेलते हुए उप विजेता बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री मनोहर लाल व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडी बेसिक ने बच्चों को मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान देकर सम्मानित किया। खेलों को बच्चों की रूचि को देखते हुए और बच्चों को खेल में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित कराया जाता है। मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट ललितपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की टीम ने प्रतिभाग किया। टीम सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए फाइनल में पहुंची। जहां उसका मुकाबला स्थानीय टीम से हुआ। फाइनल मुकाबले में टीम उपविजेता रही। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री मनोहर लाल व एडी बेसिक ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। बच्चों की उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, डीसी प्रशिक्षण विश्वनाथ दुबे, जिला व्यायाम शिक्षक अभिनव दीक्षित, व्यायाम शिक्षिका ममता स्वर्णकार, प्रधान बलवान कुशवहा व प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को बधाई दी।

# धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। बच्चों ने एक से बढ़ कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

शनिवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पचपेड़ी में वार्षिकोत्सव, क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रा राधिका, रागिनी, सुलोचिनी, शांति ने सरस्वती वंदना व रायल, प्रिया, हिमांशी, शांति ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान मंच पर छात्राओं ने मेरे घर राम आए है, तेरी मिट्टी में मिल जावां, धरती सुनहरी अंबर नीला, संदेशे आते है, तेरी मेरी कट्टी हो जायेगी आदि संगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं बालिकाओं की 100 मी0 दौड़ में छात्रा किरन ने प्रथम व चांदनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में छात्र नितेश ने प्रथम व राहुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में छात्र राहुल ने प्रथम व छात्राओं में हिमांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रा राधिका, प्रिया, सना, रागिनी, शांति, अर्पणा व शशि ने "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" पर नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया व अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप सिंह यादव ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ने किया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप सिंह यादव, मनीष वर्मा, हिमांशु, प्रदीप, विजय, वेद प्रकाश, ममता, पंकज, शरद विश्वकर्मा, कुशलपाल, कुलश्रेष्ठ, सौरभ, स्लामुद्दीन सहित न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# गुरुनानक कन्या डिग्री कालेज में मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को गुरुनानक कन्या डिग्री कालेज में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा, महिला आरक्षी रजनी शर्मा, सुगम शर्मा ने शिक्षिकाओं तथा बालिकाओं को संबोधित करते हुए आत्म रक्षा, गुड टच, बैड टच सहित तमाम अन्य जानकारियों को साझा किया।

इसी कडी में पुलिस अधिकारियों की टीम ने हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 102, 108, 1076, 1098, 1930 व छेडछाड से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा बालिकाओं व बच्चों से संबंधित चलाई जा रही बहुपयोगी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओं, बेटी पढाओ सहित पाक्सों व साइबर अपराध के संबंध में जागरुक कर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए।

# सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने जमाया कब्जा, लग रहा जाम

**जंग बहादुर गंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** जंग बहादुरगंज कस्बे में सड़कों पर अतिक्रमण होने से आए दिन जाम के हालात बन जाते हैं। जिससे राहगीरों, वाहन चालकों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जंग बहादुरगंज कस्बे के अंदर दुकानदारों ने अतिक्रमण करके सड़क तक दुकान लगा रखी हैं जिसके बाद फल और चाट के ठेले वाले आधे से ज्यादा रोड को घेर लेते हैं। कस्बे में दिन-ब-दिन बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण जहां एक और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं वही कॉलेज स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को बहुत ही ज्यादा परेशानी होती है । सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने और पुलिस की अनदेखी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है।

बाकी सड़क पर दुकानदार और ग्राहकों के वाहन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है। बाजार क्षेत्र में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं।

इस मार्केट में किराना, स्टेशनरी, धार्मिक सामग्री, मेडिकल, स्कूल सामग्री, कपड़ा सहित अन्य जरूरी सामानों की दुकानें हैं। दुकानदारों ने शेडों के जरिए तो कई दुकान सामान और शोकेस के लिए सड़कों पर दुकान खुलते ही अतिक्रमण कर लेते हैं। यहां आने वाले लोग भी सड़कों पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते हैं। जिससे मार्ग पर सुबह 11 बजे से लेकर रात आठ बजे तक गहमा.गहमी बनी रहती है। इसी बीच यदि कोई चार पहिया वाहन या हाथठेला मार्ग पर आ जाता है तो यातायात ठप सा हो जाता है। यह स्थिति दिन में कई बार बन जाती है। जाम से विवाद की स्थिति तक बन जाती है।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत एक घायल

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के गांव फूटाकुआँ के पास शुक्रवार की देर रात दो बाइको की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। दोनों बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल होने पर सीएचसी फरधान लाए गए थे। जहां से रेफर होने के बाद इलाज के लिए लखीमपुर लें जाते समय साबान की रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खीरी थाना क्षेत्र के डीहपुर निवासी साबान पुत्र सकील अपने एक दोस्त शाकिब के साथ बाइक पर सवार होकर शुक्रवार की देर रात को घर वापस आ रहा था। रास्ते में फरधान थाना क्षेत्र के फूटा कुआंगांव के पास दो बाईकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। सड़क हादसे में दोनों बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीनों घायलों को इलाज के लिए फरधान सीएचसी में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने तीनों घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए इलाज के लिए रात में हीं रेफर कर दिया था। इलाज के लिए जाते समय रास्ते में साबान पुत्र शकील 22 वर्ष निवासी डीहपुर थाना खीरी की मौत हो गई है। जबकि बाइक सवार शाकिब उम्र 21 वर्ष निवासी डीहपुर थाना खीरी और दूसरी बाइक चालक वीरेंद्र कुमार 35 वर्ष निवासी बहेरवा थाना फरधान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक सड़क पर पलटा प्रशासन नहीं करता वाहनों की जांच पड़ताल

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



परिवहन विभाग एवं पुलिस की मिलीभगत से राहगीरो पर मौत का साया बनकर निघासन बेलरायां रोड पर ओवर लोड गन्ना भरकर फर्राटा भरकर दौड रहे है। सिंगाही निघासन रोड पर ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक की बॉडी फट गयी रोड पर गन्ना पलट गया और साइड से जा रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने उछलकर किसी तरह से अपनी जान बचाई जबकि साइकिल सवार व मोटरसाइकिल गन्ने के अंदर ही दब गए।

सरजू सहकारी चीनी मिल में इन दिनों पेराई सत्र 2024 -25 लेकर दिन- रात बड़ी संख्या में ओवरलोड ट्रक निघासन सिंगाही मार्ग पर निकल रही हैं। निघासन के साहतेपुरवा के पास अचानक सड़क के किनारे ट्रक की बॉडी फट गई और गन्ना गिरने लगा लोगों ने जब ट्रक की बॉडी फटते देखा तो चिल्लाने लगे। लेकिन सिंगाही के मोबिन अहमद (भल्लू) जब तक कुछ समझ पाते तब तक ट्रक पलटता हुआ उनकी ओर आ गया। इस दौरान वह मोटरसाइकिल छोड़कर भागे। भल्लू तो बच गए लेकिन उनकी मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे आकर दब गई। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गन्ना बिखरने से जाम के हालात पैदा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को निकलवाया। क्षेत्र वासियों का कहना है कि पता नहीं कब प्रशासन इन ओवरलोड ट्रैकों पर कार्रवाई करेगा लगता है कि कोई बड़े हादसे का इंतजार है।

सूचना पाकर पहुंची निघासन पुलिस रोड से गन्ना हटवाकर रोड साफ करा दिया। पुलिस व परिवहन विभाग अगर वाहनों की फिटनेस पर ध्यान दें और ओवरलोड वाहनों पर कड़ाई से जांच पड़ताल कर कार्रवाई करे तो सड़क पर चलने वाले रहगीरो के मुसीबत कम हो सकती।

# सड़क दुर्घटना में घायल भाई की मौत के दूसरे दिन बहन की हुई मौत

- अंजनी की इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र अंतर्गत बहन को ससुराल से विदा कराकर मायके लें जा रहें भाई बहन नीमगांव थाना क्षेत्र के जम्होरा के पास शुक्रवार की देर शाम को हुई सड़क दुर्घटना में भाई रोहित कुमार की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि दुर्घटना में घायल बहन को इलाज के लिए शनिवार को लखनऊ लें जाते समय रास्ते में मौत हो गई। फरधान पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नीमगांव थाना क्षेत्र की चौकी सिकंदराबाद के गांव नेवलापुर निवासी रोहित कुमार अपनी बहन अंजनी देवी को शुक्रवार को फरधान थाना क्षेत्र के गांव रमुआपुर से विदा कराकर बाइक से घर जा रहा था। सिकंदराबाद कस्ता मार्ग पर गांव जम्होरा के पास बाइक ट्रैक्टर की चपेट में आ गई थी। जिसमे रोहित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि बहन अंजनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजनों ने सड़क दुर्घटना में घायल अंजनी देवी को जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया था। जहां इलाज चलने के बाद दूसरे दिन शनिवार को डॉक्टर ने हालत नाजुक देख लखनऊ रेफर कर दिया था। परिजन इलाज के लिए अंजनी को लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में सीतापुर के पास अंजनी देवी पत्नी दुर्योधन 27 वर्ष की मौत हो गई। रमुआपुर निवासी दुर्योधन ने बताया उसकी एक वर्ष पहले ही नेवलापुर से शादी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया घटना नीमगांव थाना क्षेत्र में हुई थी। विवाहिता की ससुराल फरधान थाना क्षेत्र के गांव रमुआपुर में होने की वजह से शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया गया है।

# फायर, सोने की चेन लूटने का आरोप फर्जी, आपसी विवाद में मारपीट

- पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध की कार्रवाई

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

एक युवक ने दो युवकों पर तमंचे की नोक से कार रोकने व मारपीट कर दो तोले की सोने की चेन लूट व जान से मारने की नियत से फायर करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। वहीं मामले में दूसरे पक्ष के युवक अश्वनी कुमार वर्मा, विवेक वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में मारपीट व हाथापाई करने का आरोप लगाया है। सुखवीर चौधरी पुत्र महावीर सिंह निवासी पंजाबी कालोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था। कि वह आफिस के लिए कार से जा रहा था। उसी दौरान विपक्षी अश्वनी कुमार वर्मा निवासी बिजौरिया, विवेक वर्मा निवासी अर्जुननगर कालोनी थाना गोला तमंचा लेकर उसकी गाडी के सामने आ गए। तथा गाडी रोककर उसे नीचे घसीटते हुए मारपीट व हाथापाई की। तथा जान से मारने की नियत से फायर किया। वही मामले में दूसरे पक्ष के अश्वनी वर्मा, विवेक वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विपक्षी सुखबीर चौधरी पुत्र महावीर सिंह निवासी पंजाबी कालोनी ने उनसे गाली गलौज, मारपीट व हाथापाई की थी। मामले में प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों का आपसी विवाद था। जिसे लेकर दोनो के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किये मनमोहक कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



कंपोजिट स्कूल बम्हनियारपुर को पीएम श्री योजना में चयनित होने से शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि रामशंकर राज ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना स्वागत गीत से किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया हमारे सभी अभिभावक डीबीटी से प्राप्त धन का सदुपयोग करें और बच्चों के लिए जूता, मौजा, बैग, स्वेटर ही खरीदें। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम शंकर राज के द्वारा सभी अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने के लिए आग्रह किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाध्यापक राज किशोर वर्मा ने पीएम श्री विद्यालय की खूबियां तथा सुविधा बताई स्कूल में वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों ने कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा कई सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने खेलकूद,कबड्डी, खो खो गोला फेंक, आदि की प्रतियोगिता भाग लिया। बच्चों द्वारा कई मनमोहक कार्यक्रमो में एकांकी अनपढ़ बीबी, पुरवइया बोले होले होले तथा बच्चों के द्वारा एकांकी आनंदीबाई जोशी पर बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत की गई। डांस में फिर भी दिल है हिंदुस्तानी गीत प्रस्तुत किया गया निपुण निपुण नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार । इस मौके पर प्राथमिक शिक्षा संघ के पूर्व मंत्री सुनील गुप्ता, मनोज गुप्ता प्रधानाध्यापिका डाली वर्मा , विनोद कुमार प्रधान प्रतिनिधि सहित अभिभावक मौजूद रहे।

# पुलिया टूटने से धंस गई सड़क, दुर्घटना का रहता है डर

- हादसे को दावत दे रही पुलिया पर टूटी सड़क
- मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे से रहती है हादसे की आशंका



बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

अलीगंज से वसलीपुर के मध्य मुख्य मार्ग पर संसारपुर गांव के पास बनी पुलिया पर कई माह पूर्व सड़क टूटने से बना सुराख खतरे को दावत दे रहा है। यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। वहीं लोक निर्माण विभाग इससे बेखबर है।

अलीगंज वसलीपुर मार्ग के मध्य संसारपुर गांव के पास कुछ माह पूर्व सड़क टूट गई थी जिसमें बड़ा गड्ढा बन गया था। किसी ने उसे गड्ढे नुमा सुराक को खरपतवार से ढक दिया है। जिससे वह दूर से दिखाई नहीं दे रहा है। बता दें कि यह सड़क काफी व्यस्त रहती है इस पर हजारों राहगीर दो पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिदिन आवागमन करते हैं। तेज गति से चलने वाले वाहन सवार लोग सड़क पर बने गड्ढे को देख नहीं पाते हैं यह गड्ढा कई महीनों से बना हुआ है। लोगों की जागरूकता से यहां पर कोई हादसा नहीं हुआ है परंतु बाहर से आने वाले व्यक्ति को यह आसानी से दिखाई नहीं देता। शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आखिर सड़क की देखरेख में लगे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी क्या कर रहे हैं उनकी निगाह इस पर क्यों नहीं पड़ रही है देखना होगा कि विभाग इसका कब संज्ञान लेता है।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने भरी हुंकार

- प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में बड़ी मुहिम का ऐलान

**18 को करेंगे विधानसभा का घेराव**

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार की नीतियों के विरुद्ध एक बार फिर कांग्रेस जोर आजमाइश में लग गई है प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 18 दिसंबर को कांग्रेस के सभी घटक एक साथ विधानसभा का घेराव करने की रणनीति को अंजाम देने में जुट गए हैं इसी क्रम में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने रामनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में आगामी 18 दिसंबर के घेराव आंदोलन की रणनीति का खुलासा किया उन्होंने बताया कि इस आंदोलन में कांग्रेस के सभी फ्रंटल विभाग प्रकोष्ठ सेल, सेवादल तथा वरिष्ठ कांग्रेस जनों की सहभागिता रहेगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद अविनाश पांडे के आवाहन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राज के नेतृत्व में राष्ट्रीय सचिव प्रभारी पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के निर्देशन में जनपद जालौन कांग्रेस कमेटी एवं समस्त फ्रंटल विभाग प्रकोष्ठ सेल तथा सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ विधानसभा का घेरा किया जा रहा है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता वर्तमान योगी सरकार की कुशल से त्राहि त्राहि कर रही है सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है अपनी नाकामी छुपाने के लिए सिर्फ धार्मिक तुष्टिकरण की नीति अपनाई जा रही है आम जनमानस की हर समस्या का एक ही जवाब है योगी सरकार के पास हिंदू मुस्लिम आए दिन कोई धार्मिक उन्माद फैलाने वाला एजेंडा सेट किया जाता है ताकि सरकार अपनी नाकामी पर पर्दा डाल सके उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बात के लिए संकल्पित है कि देश और प्रदेश में आपसी भाईचारा और सहिष्णुता का माहौल कायम हो सके जिसके लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को तैयार है उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें सकारात्मक परिणाम नहीं मिलते तो वह सड़कों पर उतर कर भी आंदोलन करने के लिए तैयार हैं 18 दिसंबर को पूरी ताकत के साथ भारी संख्या में कांग्रेस जन सोई हुई प्रदेश सरकार को जगाने के लिए विधानसभा का घेराब करेंगे। वार्ता के दौरान कांग्रेस मेल मोर्चा की जिला अध्यक्ष शकुंतला पटेल, अयूब अंसारी, कमल दोहरे, राकेश बुधौलिया कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष याघवेंद्र सिंह जादौन, विकास श्रीवास्तव, जितेंद्र मिश्रा राजेश प्रजापति, अशोक सक्सेना मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा में शक्तिशाली एंटी ड्रोन तैनात

समृद्धि न्यूज



**विशेषज्ञ 24 घंटे अलर्ट मोड पर**

महाकुम्भ नगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बेहद शक्तिशाली एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिया गया है। इसके लिए अनुभवी विशेषज्ञों को यहां बुलाया गया है। आते ही एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। वे एक जगह तैनात रहकर मेला क्षेत्र में उड़ने वाले सभी ड्रोन पर नजर रख रहे हैं। इन्हें 24 घंटे अलर्ट रखा गया है। साथ ही शंका होने पर ये हवा में ही किसी भी ड्रोन को निष्क्रिय करने में सक्षम हैं।

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुम्भ में योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में 45 करोड़ लोगों की देख-रेख का सुरक्षित प्लान तैयार कर लिया गया है। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए शक्तिशाली एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिया गया है। साथ ही, बिना अनुमति उड़ाए जाने वाले ड्रोन को लेकर बेहद सख्त कार्यवाही शुरू कर दी गई है। महाकुम्भ नगर में दो ड्रोन को हवा में फर्राटा भरते दबोचा गया है। आगे सतर्कता का पूरा ध्यान रखने के साथ ही उन्हें नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर महाकुम्भ की पुलिस बेहद चौकन्नी है। महाकुम्भ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। पहले दिन ही काम करते हुए बेहद हाईटेक एंटी ड्रोन ने बिना अनुमति हवा में फर्राटा भर रहे दो ड्रोन को मारकर डिएक्टिव कर दिया है। इसके संचालकों को बाकायदा नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति महाकुम्भ नगर मेला क्षेत्र में किसी भी कीमत पर ड्रोन उड़ाए नहीं जा सकेंगे। इसके लिए बाकायदा पहले से पुलिस से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद ही ड्रोन हवा में उड़ान भर सकेंगे। बिना अनुमति ड्रोन संचालित करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महाकुंभ नगर में सनातन की अलख जगाने श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े का भव्य प्रवेश

**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रयागराज में जनवरी से आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण 13 अखाड़ों का महाकुम्भ नगर में प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े ने पूरी भव्यता और राजसी अंदाज के साथ महाकुम्भ नगर में प्रवेश किया। जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने भी अनुगामी बनकर अपनी छावनी में प्रवेश किया।

नगरत्रिवेणी के तट पर लगने जा रहे आस्था के महासमागम महाकुम्भ में शामिल होने के लिए अखाड़ों का महाकुम्भ नगर में प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े ने अपने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी की अगुवाई में अपनी छावनी में प्रवेश किया। जूना अखाड़े के श्री मौज गिरी आश्रम से शुरू हुई जूना की यह प्रवेशाई महाकुम्भ नगर के

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पेशवाई के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटा दिए गए हैं। अंडर ग्राउंड केबल से बिजली आपूर्ति की जा रही है। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से मेला क्षेत्र में प्रमुख पेशवाई मार्गों पर रोड क्रॉसिंग तारों को केबल में बदला गया है। इससे अखाड़ों के संतों के जुलूस निर्बाध रूप से शहर से छावनी में प्रवेश कर सकेंगे। पेशवाई की सड़कों को दिल्ली की जनपथ की सड़कों की तर्ज पर बनाया गया है। स्पेन से आई जूना अखाड़े की अवधूत संत अंजना गिरी बताती हैं कि वह 30 बरस से हर कुम्भ और महाकुम्भ आ रही हैं लेकीन महाकुम्भ में इतनी स्वच्छता और इतनी भव्यता कभी नहीं दिखी।**

सेक्टर 20 में समाप्त हुई। जूना अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी का कहना है कि इस प्रवेश यात्रा में आचार्य महामंडलेश्वर सहित 65 महामंडलेश्वरों ने हिस्सा लिया। सौ से अधिक शाही बग्घियों में सवार होकर 8 हजार से अधिक साधु संत छावनी पहुंचे। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी का कहना है कि दुनिया भर के करोड़ों लोगों की नजरें हमारे सनातन संस्कृति के कालजयी पर्व पर हैं। हमारे अखाड़े का छावनी प्रवेश में पहला दिन होगा जिसके बाद अखाड़े के सभी पूजा अनुष्ठान छावनी में स्थापित देवता के समक्ष होंगे। श्री पंचदशनाम अखाड़े के पेशवाई मार्ग में योगी सरकार की तरफ से विशेष व्यवस्था की गई थी। पेशवाई का सम्पूर्ण मार्ग पहली बार अखाड़ों के जुलूस के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के तारों से मुक्त कर दिया गया। इसके अलावा पेशवाई मार्ग से बिजली के पोल हटाकर अंडर ग्राउंड केबल बिछाई गई।

# पूरे साल मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी वर्ष : सीएम योगी

**▸ 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर सीएम आवास सहित जिलों में होंगे विशेष कार्यक्रम**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सिख धर्म के नवम् गुरु तेग बहादुर की शहीदी का 350वां वर्ष पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। एक वर्ष तक चलने वाले इस आयोजन का शुभारंभ 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के विशेष अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास से होगा, जिसका प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसका समापन अवसर पर अगले वर्ष भव्य समारोह के साथ होगा।

शनिवार को विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व धर्म की स्थापना के लिए सिख गुरुओं का बलिदान अनुकरणीय है, इसलिए सिख गुरुओं के त्योहारों को पूरे प्रदेश में परंपरागत तौर पर उल्लास के साथ मनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी सत्र से सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान की अमर गाथा को स्कूली पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाएगा।

यही नहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुरु तेग बहादुर के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तक भी तैयार की जाएगी। इस विशेष अवसर पर 11000 सहज पाठ का महायज्ञ भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में वीर बाल दिवस का विशेष समारोह मनाया जाएगा। गुरु ग्रंथ साहब का पाठ हो, इस कार्यक्रम में सभी ग्रंथियों को भी आमंत्रित किया जाए। सभी गुरुद्वारों में होने वाले आयोजन में सांसद, महापौर, विधायक विधान परिषद सदस्य समेत जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सिख गुरु यह हमारे प्रेरणास्रोत हैं। इनसे जुड़े विषयों पर कविता, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाए। आज भेटं में शिष्टमंडल में निर्मल सिंह अध्यक्ष गुरुद्वारा आलमबाग, भूपिन्दर सिंह तलवार, सर्वजीत सिंह, अरविन्दर सिंह कोहली, सतनाम सिंह सेठी, संदीप सिंह आनन्द, मंदीप बजाज, राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह बक्शी, हरजीत सिंह सरला व गुरविन्दर सिंह छाबड़ा शामिल हुये।

## खबरें एक नजर में

### मकान की छत ढही, मजदूर की मौत, परिजनों ने मालिक को पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मऊ गांव निवासी ओमप्रकाश (60) मोहनलालगंज कस्बे में मजदूरी करने आया था। यहां एक निर्माणाधीन मकान की छत तोड़ी जा रही थी। दोपहर करीब एक बजे अचानक छत ढह गई, जिससे ओकप्रकाश मलबे में दब गया। साथी मजदूरों ने उसे मलबे से निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस उसको अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और मकान मालिक पर गुस्सा जाहिर कर उसकी पिटाई कर दी। परिजनों ने कहा कि मजदूर की मौत लापरवाही के कारण हुई है। साथ ही, डॉक्टरों पर समय पर इलाज नहीं करने का आरोप भी लगाया। ओमप्रकाश अपने पीछे पत्नी सुशीला देवी और पांच बच्चे संतोष, योगेश, शिवम, मनीष और लक्ष्मी को छोड़ गए हैं। मोहनलालगंज थाना इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मदरसा बोर्ड ने परीक्षा शेड्यूल किया जारी, जल्द जारी होगा प्रवेश पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड ने परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। शिक्षा परिषद ने 2025 सत्र के लिए मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी, फारसी, अरबी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी फारसी, अरबी) परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया। परिषद ने परीक्षा आवेदन-पत्रों को ऑनलाइन भरने और शुल्क भुगतान से संबंधित विस्तार से जानकारी प्रदान की है। जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, मदरसा छात्रों को 13 दिसंबर 2024 से आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन पत्रों को 31 दिसंबर 2024 तक ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरा जा सकेगा। इसके बाद 2 जनवरी 2025 तक आवेदन पत्रों को पोर्टल पर लॉक करना होगा।

मदरसा छात्रों को 28 दिसंबर तक परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2024 है। आवेदन पत्र लॉक करने की अंतिम तारीख 2 जनवरी, 2025 है। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण और डाटा फीडिंग 4 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक पूरा किया जाएगा। 15 जनवरी को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। मदरसा परिषद ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर कोई मदरसा आवेदन पत्र नहीं भरता है, तो उसके खिलाफउ.प्र. अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता प्रशासन और सेवा विनियमावली 2016 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### कुत्ता टहलाने वाले सात लोगों पर जुर्माना, नगर निगम ने वसूले 35 हजार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बिना लाइसेंस के कुत्ता टहलाने पर नगर निगम ने कार्रवाई की है। इस दौरान 7 लोगों से 35 हजार रुपए की वसूली की गई। दो कुत्तों को जब्त भी किया गया है। शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे पेट डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान प्रवर्तन दल और डॉग कैचिंग स्क्वाड के साथ पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने जोन 4 में लोहिया पार्क के पास विनीत खंड, विराट खंड, विशाल खंड, विजयंत खंड में चेकिंग अभियान चलायाइसमें 7 लोग बिना लाइसेंस कुत्ता टहलाते हुए पाए गए। इनसे कुल 35,000 रुपए जुर्माना वसूला गया। मौके पर डॉग लाइसेंस भी बनवाए गए। कुल करीब 41, 200 रुपए नगर निगम कोष में जमा किया गया। अभियान में 1 लेब्राडोर और 1 पग प्रजाति के कुत्ते को जब्त किया गया। इनको जुर्माना देने के बाद छोड़ा गया।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के एल्डिको उद्यान-2 में परिवार के साथ रहने वाली आरती (30) ने शुक्रवार रात में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पति की सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है। दिलीप कुमार पत्नी आरती, बेटा वीर और वेद के सात आश्रय कॉलोनी, एल्डिको उद्यान 2 में रहती थी। यह परिवार महुरा कला, थाना गोसाईगंज का रहने वाला है। दिलीप कुमार के मुताबिक शुक्रवार रात सभी ने साथ खाना खाया था और सो गए थे। शनिवार सुबह 3 बजे दिलीप कुमार उठे तो देखा आरती कमरे में नहीं थी, जब दूसरे कमरे में गए तो देखा कि छत की जाली में लगे छड़ के सहारे दुपट्टे से फांसी लगा ली थी। दोनों का विवाह 2015 में हुआ था।

### हिन्दू महासमा त्रिदडी युवक प्रकोष्ट लखनऊ मंडल के अध्यक्ष बने घनश्याम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारत हिन्दू महासमा त्रिदडी ने घनश्याम रस्तोगी को युवक प्रकोष्ठ लखनऊ का अध्यक्ष बनाया गया है। आज यहां पार्टी मुख्यालय कुर्सी रोड पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला ने इस आशय की घोषणा की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के हाथों नवनियुक्त युवक प्रकोष्ठ लखनऊ मण्डल मण्डल के अध्यक्ष धन श्याम रस्तोगी को मनोनयन पत्र सौंपा गया। टाउन तबौर सीतापुर के निवासी घनश्याम रस्तोगी को पार्टी में मिली इस जिम्मेदारी पर बधायी और शुभकामनायें देते हुये पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि पार्टी की नीतियों पर चलते हुये संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

### पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, बीकेटी पुलिस ने किया खुलासा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी थाना क्षेत्र में बीते 10 दिसंबर 2024 को रैथा गांव के मजरा अस्थल गांव निवासी नरपत उर्फसोनू की आलू के खेत में लाश मिली थी। मृतक की मां ने बीकेटी थाना में लिखित तहरीर दी थी। बीकेटी थाना पुलिस और डीसीपी उत्तरी की टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर रैथा गांव के किसान पथ अंडर पास से हिरासत में लिया था। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मृतक के भाई नागेश्वर ने बताया था कि सोनू सोमवार की रात गांव की शादी समारोह में गया था। वहां से वह घर नहीं लौटा। मंगलवार सुबह गांव के ही किसान जब आलू के खेत पर पहुंचे तो नाली में खून से लथपथ शव मिला था। मृतक की मां का कहना था कि गांव के ही विक्की और उसके दो साथियों ने मेरे बेटे की हत्या की घ्है। यह भी आशंका जताई गई थी कि सोनू को किसी के प्रेम प्रसंग की जानकारी हो गई थी। हालांकि पुलिस जांच में यह सारे आरोप सही नहीं पाए गए।

### कांग्रेस पार्टी ने मनाई संजय गांधी की जयंती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे संजय गांधी की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह सहित उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि संजय गांधी बहुत दूरदर्शी नेता थे जो बहुत आगे की सोच रखते थे। उनके द्वारा चलाया गया अभियान जिसमें एक तरफशहरों की सड़कों को चौड़ा किया गया तथा शहरों को एक रंग में रंगने की शुरुआत हुई तो दूसरी तरफबड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चला कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम किया गया। श्री शुक्ल ने कहा कि उनके आकस्मिक रूप से चले जाने के कारण बहुत कुछ छूट गया या पिछड़ गया। संजय गांधी की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष आरपी त्रिपाठी, डॉ रिचा शर्मा, विनोद मिश्रा, नितान्त सिंह, के.डी. शुक्ला, मेहताब जायसी, राम बरन गौतम, वासुदेव यादव आदि ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विधानमंडल का शीतकालीन सत्र होगा हंगामेदार

**▸ बाहर से कांग्रेस तो भीतर सपा करेगी हंगामा**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सोमवार से शुरु हो रहा उप्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र भी हंगामेदार होगा। विपक्ष ने पहले से ही घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। सपा के साथ ही कांग्रेस ने भी लोकसभा में उप्र का मुद्दा प्रमुखता से उठाकर यह जता दिया है कि उसकी नजर भी उप्र पर है। उप्र कांग्रेस ने 18 दिसम्बर को विधानसभा घेरने का प्लान पहले से तय कर रखा है। इसी के साथ ही विपक्ष को भाजपा का 'एक हैं तो सेफ हैं।' का नारा भी हर वक्त खटक रहा है। उसकी गूंज भी विधानसभा में सुनाई पड़ने के आसार हैं।

शुक्रवार को पहली बार लोकसभा में बोलते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने सबसे पहले उप्र की संभल, झांसी के मुद्दों को उठाकर यह जता दिया कि वे वायनाड से भले सांसद हैं, लेकिन उनके केंद्र में उत्तर प्रदेश ही है। यह उप्र कांग्रेस नेताओं को भी नया जोश दे गया। इससे कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों में उत्साह देखने को मिला। वहीं दूसरे दिन शनिवार को भी राहुल गांधी ने उप्र में संविधान का राज नहीं, मनु स्मृति का राज चल रहा है। कह कर उप्र के लगाव को दर्शा दिया। विधानसभा में कांग्रेस के मात्र दो विधायक हैं। इस कारण वह विधानसभा में बहुत कुछ करने की स्थिति में नहीं है। इस कारण सोमवार को शुरू हो रहे विधानमंडल के शीतकालीन सत्र को घेरने के लिए उसने दूसरी रणनीति अपनाई है और 18 को उसे बाहर से कार्यकर्ताओं को बुलाकर घेरने की तैयारी की है।

वहीं भीतर भाजपा को घेरने का काम समाजवादी पार्टी करेगी। उसके विधानसभा में 111 सदस्य हैं। अर्थात बाहर से विधानसभा को घेर कर कांग्रेस अपना जोर दिखाएगी। वहीं दूसरी तरफ भीतर सपा घेराबंदी कर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यहां कांग्रेस और सपा में एक दूसरे से आगे बढ़कर अल्पसंख्यक वर्ग का हितैशी दिखाने की होड़ है। भीतर कांग्रेस के सदस्यों की संख्या न के बराबर है। इस कारण उसने बाहर से घेराबंदी कर लोगों के बीच अपनी पकड़ दिखाना चाहती है। इससे सपा की बौखलाहट भी बढ़ने की उम्मीद है। कांग्रेस ने जब संभल मुद्दे को उठाया था, तब भी सपा ने नाराजगी जाहिर की थी। 16 दिसंबर से शुरू हो रही विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। महाकुंभ पर केंद्रित अनुपूरक बजट का आकार 12 से 15 हजार करोड़ रुपये के बीच होने की संभावना है। सत्र के पहले दिन औपचारिक कार्य जैसे अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा और विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया होगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी, जिसके बाद उसे पारित किया जाएगा। वहीं 19 और 20 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे।

## रात के अंधेरे में चल रहा था खनन, एसडीएम ने लिया एक्शन

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज इलाके में प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। लंबे समय से स्थानीय लोग अवैध खनन की शिकायतें कर रहे थे, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा था, बल्कि आसपास की सड़कों और लोगों को दिक्कत हो रही थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बीके वर्मा ने शनिवार की रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के कोडरा रायपुर गांव में लंबे समय से बगैर किसी अनुमति के अवैध खनन चल रहा था। इस खनन से जहां प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान हो रहा था, वहीं भारी वाहन जैसे डंपर और पोकलैंड मशीनों के कारण गांव की सड़कों पर भी गड्ढे और टूट-फूट की समस्याएं बढ़ गई थीं। ग्रामीणों का कहना है कि इन सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया था। रात के अंधेरे में एसडीएम बीके वर्मा ने अपनी टीम के साथ छापेमारी कर इस अवैध खनन को रोका। इस दौरान एक पोकलैंड मशीन और चार डंपरों को मौके पर ही सीज कर लिया गया।

# भाजपा लखनऊ महानगर के मंडल अध्यक्ष का चुनाव आज

**▸ नामांकन से लेकर चुनाव तक की प्रक्रिया तैयार, 25 मंडलों में होगा फैसला**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भाजपा लखनऊ महानगर के सभी 25 मंडलों में मंडल अध्यक्षों के चुनाव कल (रविवार) को होने जा रहे हैं। यह चुनाव पार्टी संगठन की नई दिशा तय करने वाले साबित हो सकते हैं। खास बात यह है कि इन चुनावों में युवा नेतृत्व को प्राथमिकता दी गई है।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि मंडल अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार की आयु 35 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है और उन्हें दो बार सक्रिय सदस्य रहना जरूरी है। पार्टी ने युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए आयु सीमा तय की है। इसके अलावा उम्मीदवार को बूथ अध्यक्ष से एक प्रस्तावक और अनुमोदक के साथ नामांकन करना होगा। यह नियम पार्टी के संगठन को न केवल मजबूत करेगा बल्कि नेतृत्व में नई ऊर्जा भी लाएगा। नामांकन प्रक्रिया कल सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगी। पार्टी का प्रयास है कि मंडल अध्यक्षों का चुनाव आम सहमति से हो। इसके लिए सभी मंडल चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ महानगर कार्यालय पर सभी नामांकन फॉर्म जमा किए जाएंगे। चुनाव की प्रक्रिया पर हुई विशेष बैठकशनिवार को लखनऊ महानगर कार्यालय में मंडल चुनाव अधिकारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। इसमें चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल चुनाव अधिकारी, महामंत्री, उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। 25 मंडलों में नामांकन और चुनाव प्रक्रिया के लिए स्थलों की घोषणा कर दी गई है। हर मंडल के लिए अलग स्थान निर्धारित है। पश्चिम से लेकर सरोजनी नगर तक सभी क्षेत्रों में चुनाव स्थलों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# सिल्ट सफाई के कार्यों को निरंतर पूर्ण करा रहा है सिंचाई विभाग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग निरंतर सिल्ट सफाई के कार्यो को पूर्ण करा रहा है। शनिवार को जनपद गोंडा में देहरस रजवाहा की सिल्ट सफाई का कार्य भी तय समय से पहले पूर्ण हुआ।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी में उत्तर प्रदेश के जनपद इटावा में सिंचाई विभाग के अभियंता और कार्यदायी संस्था ने संयुक्त प्रयास से थारी माइनर की सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण किया तो वहीं प्रतापगढ़ में जलालपुर अल्पिका, रजनपुर अल्पिका की सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण कराया गया है। महाकुम्भ के मद्देनजर प्रयागराज में लगातार प्रवास कर रहे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने वहां के अभियंताओं को निर्देशित किया है कि प्रयागराज के आसपास सिल्ट सफाई के कार्यो को तय समय तक पूर्ण कराये। जिसमें अधिकांश कार्यो को सिंचाई विभाग ने पूर्ण भी करा लिया है।

लखनऊ से प्रयागराज जाने से पहले जलशक्ति मंत्री ने लखनऊ के शारदा नहर के अंतर्गत काजीखेड़ा माइनर पर सिल्ट सफाई के तहत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया था। इसी तरह बाराबंकी में रहमतनगर माइनर सिल्ट सफाई, शाहपुर रजवाहा के डीसिल्टिंग कार्य सिल्ट सफाई, हैदरगढ़ विकास खण्ड में स्थित भिलवल अल्पिका नहर, बारा नहर की सिल्ट सफाई का निरीक्षण किया था। उसी दिन अमेठी में इन्होना रजवाहा के डीसिल्टिंग कार्य का निरीक्षण भी हुआ था।

## मंत्री सुरेश खन्ना ने उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को दिया महाकुंभ का न्योता

**लखनऊ ।** प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा देशभर में आमंत्रण भेजने की प्रक्रिया जारी है। आज उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बेंगलुरु में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ 2025 का निमंत्रण पत्र, कुम्भ कलश, और कुम्भ प्रतीक चिह्न भेंट किया और मुख्यमंत्री सहित कर्नाटकवासियों को महाकुंभ में भाग लेने का न्योता दिया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार से बातचीत के दौरान महाकुंभ की पौराणिक, सांस्कृतिक, और आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का सबसे बड़ा प्रतीक है। यह आयोजन केवल स्नान और पूजन तक सीमित नहीं है।

# उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को दिया जा रहा है बढ़ावा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अधिक से अधिक इकाइयां लगाने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं और इस क्षेत्र में विभाग द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। नयी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में इस क्षेत्र में इकाइयां लगाने पर अनुदान सहित अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

उप मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में ही निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर उद्यमियों को इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाय। शनिवार को अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तर प्रदेश शासन बीएल मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 योजनान्तर्गत प्रदेश में स्थापित होने वाले विभिन्न प्रकार के उद्योगों के उद्यमियों द्वारा रेशम निदेशालय में अप्रेजल समिति की बैठक में प्रस्तुतिकरण किया गया। योजनान्तर्गत अब तक 230 उद्यमियों को लेटर ऑफ कर्म्फट जारी हुआ है, जिनकी परियोजना लागत धनराशि 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा है तथा लगभग 1 लाख से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है, लगभग 1 लाख किसानों की उपज को उद्यमियों द्वारा प्रसंस्करण किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश देश में इस योजना के माध्यम से सबसे अधिक अनुदान धनराशि 10 करोड़ तक उपलब्ध करा रहा है। प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पीएम एफएमई योजना में अब तक 13500 उद्यमियों को 5-10 लाख अनुदान धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान एवं बिहार द्वितीय स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में आवेदन के सापेक्ष वितरण 98 प्रतिशत हुआ है, जबकि देश का औसत 50 प्रतिशत है। इस योजना से 1 लाख लोगों को रोजगार मिला है एवं 1500 करोड़ का निवेश हुआ है।

## क्रॉसिंग, रेल लाइन व निर्माणाधीन काम को समय से करें पूरा : रेल निदेशक

**लखनऊ ।** भारतीय रेल मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक विकास कुमार जैन ने शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ परिक्षेत्र का निरीक्षण किया। विजय कुमार जैन ने गोमतीनगर स्टेशन परियोजना के पुनर्विकास कार्यो के क्रम में नवनिर्मित नॉर्थ टर्मिनल बिल्डिंग, वाणिज्यिक ब्लॉक, फ्लाईओवर और एयर कोनकोर्स का अवलोकन किया। इस दौरान आरएलडीए के मुख्य परियोजना प्रबन्धक सुधीर सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। विकास कुमार जैन ने निरीक्षण के दौरान फर्स्ट एंट्री और सेकेंड एंट्री पर चल रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यो को देखा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को गोमतीनगर स्टेशन पर भविष्य की आवश्यकताओं के देखते हुए यात्री सुविधाओं में विस्तार किए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद रेल मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक ने पुश ट्रॉली से ऐशबाग जंक्शन से लखनऊ जंक्शन के बीच यार्ड का निरीक्षण भी किया।

## विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर, मिली नेताओं को जिम्मेदारी

**लखनऊ ।** भाजपा के कुशासन के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 18 दिसंबर को किये जा रहे विधानसभा घेराव के दृष्टिगत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर जनपदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस ने घेराव को लेकर कमर कस ली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि पार्टी अपने वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी देकर विधानसभा के महा घेराव की तैयारी कर रही है। हमारे वरिष्ठ नेता जिन्हें जमीनी संघर्ष का पर्याप्त अनुभव है वह भाजपा के जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाकर अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ आने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि कुंभकर्णी नींद में सोई भाजपा सरकार को जगाने का काम किया जा सके।

**निर्माण** | **पेडिस्ट्रियन ब्रिज की डिजाइन के लिए आर्किटेक्चर डिजाइन प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

# साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर एलडीए बनाएगा पेडिस्ट्रियन ब्रिज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** गुजरात में अहमदाबाद शहर के साबरमती रिवर फ्रंट की तरह लखनऊ शहर में गोमती नदी के रिवर फ्रंट पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) शानदार पेडिस्ट्रियन ब्रिज बनाएगा। पेडिस्ट्रियन ब्रिज का खाका तैयार कराते हुए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ब्रिज की लम्बाई सौ मीटर व ऊंचाई दस मीटर होगी। ब्रिज की डिजाइन बेहद आकर्षक व अनूठी होगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पेडिस्ट्रियन ब्रिज की डिजाइन के लिए आर्किटेक्चर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें दिल्ली, गोवा व बंगलुरू समेत देश भर से चौबीस प्रविष्टियां आयी हैं। अब इसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनी जाने वाली डिजाइन के आधार पर पेडिस्ट्रियन ब्रिज को आकार दिया जाएगा। प्रथमेश कुमार ने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट पर पेडिस्ट्रियन ब्रिज के लिए एडीसीपी आफिस के पास जगह चिन्हित की गयी है और इसे पर्यटन केन्द्र में रूप में विकसित किया जायेगा। भविष्य में ब्रिज के बनने के बाद गोमती नदी के ऊपर से क्रूज का नजारा देखा जा सकेगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि पेडिस्ट्रियन ब्रिज के लिए अलग-अलग तरह के आकर्षक थीम पर डिजाइन प्राप्त हुई हैं। जिसमें से गोमती गेट-वे, कथक ब्रिज, देव सेतु, द नॉट कनेक्टिंग, स्माइलिंग ब्रिज, तरंत सेतु, जश्न-ए-पुल व हेरिटेज वॉक आदि थीम की डिजाइन ने ज्यूरी पैनल को खूब आकर्षित किया। ये सभी डिजाइन इतनी कलात्मक व प्रभावशाली थीं कि ज्यूरी पैनल को इनमें से टॉप-10 डिजाइन का चुनाव करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। भविष्य की योजना पर उन्होनें बताया कि पेडिस्ट्रियन ब्रिज पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा और ब्रिज पर केवल पैदल यात्रा व साइकिलिंग की जा सकेगी। लोगों की सुविधा के लिए ब्रिज पर पेडिस्ट्रियन प्लाजा, व्यू प्वाइंट्स, डेक, मनोरंजन के स्थान व बैठने की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। जिन्हें वरीयता देते हुए पेडिस्ट्रियन ब्रिज की डिजाइन का चयन किया जाएगा।

# एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

▸ ऑपरेशन साइबर कवच अभियान के तहत राजस्व टीम व उपस्थित जनता को साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना कर्नलगंज में जनसुनवाई की गई।

एसपी ने समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कर्नलगंज में सुनवाई के दौरान 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। जिसमें से 01 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देश में समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त हुए कुल 246 प्रार्थना पत्रों में से 25 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया। ऑपरेशन साइबर कवच अभियान के तहत राजस्व टीम व उपस्थित जनता को साइबर अपराध की जानकारी दी गयी और बताया कि इंटरनेट के उपयोग की सही जानकारी होने पर साइबर अपराध से बचा जा सकता है। कोई कम्पनी कम लागत में अधिक पैसे कमाने का लालच देती है तो सावधान रहिये ऐसी कंपनी फर्जी होती हैं जो आपका पैसा लेकर कंपनी को बंद कर भाग जाते हैं। ठगों द्वारा फर्जी ऑफिस खोलकर, कम ब्याज दर पर अधिक लोन, बिना किसी कागज के आसानी से लोन दिलवाने हेतु फर्जी विज्ञापन प्रसारित किया जाता है और प्रोसेसिंग फीस के रुप में एकाउंट में रुपये जमा कराके फरार हो जाते है। मोबाइल व सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट्स के सुरक्षित प्रयोग के बारे में भी बताया गया। छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर इंटरनेट प्रयोग किये जाने पर साइबर अपराध के शिकार होने से बचा जा सकता है। अन्त में सभी से आग्रह किया गया की दी गई जानकारी को अपने परिवार, आस-पड़ोस में अधिक से अधिक लोगों को बतायें जिससे की कोई भी व्यक्ति जानकारी के आभाव में साइबर अपराधियों का शिकार न हो। जागरूकता के दौरान में उपस्थित आमजन को पम्पलेट वितरित किये गये।

**साइबर सुरक्षा टिप्स**

01. ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें 02. किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। 03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। 04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें। 05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें। 06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें। 07. पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें। 08. ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें। 09. साइबर बुलिंग और साईबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें। 10. ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें। 11. साइबर क्राइम की रिपोर्ट करने के लिए हेल्प लाइन नम्बर 1930 का प्रयोग करें। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक के पिता का निधन, श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता





**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय तहसील के अन्तर्गत कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे के पिता का शनिवार की सुबह निधन हो गया है। शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने और श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

कटरा बाजार विधानसभा के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे के 97 वर्षीय पिता भवानी प्रसाद दूबे का शनिवार सुबह निधन हो गया। शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने और श्रद्धांजलि देने वालों का उनके गांव परसा महेशी में कतार लगी रही। वह पांच साल तक सहकारी गन्ना समिति मैजापुर के चेयरमैन रह चुके थे। शनिवार की दोपहर में उनका अन्तिम संस्कार उनके गांव पर किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे के बड़े बेटे अखिलेश दूबे, दूसरे बेटे विजय दूबे, तीसरे बेटे मुकेश दूबे समेत पूरा परिवार शोकाकुल है।

# गन्ना ढोने वाले प्रत्येक वाहन पर लगाया जाए रिफ्लेक्टिव टेप

▸ 15 दिन के अंदर सभी ब्लैक स्पॉट को सुधारा जाए
▸ सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दी जाए तत्काल चिकित्सा सहायता



**देवीपाटन मण्डल गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में 3मण्डलायुक्त ने सड़क सुरक्षा को एक व्यापक और महत्वपूर्ण विषय बताते हुए सड़क दुर्घटनाओं के कम करने हेतु सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने की हितायत दी। उन्होंने कहा कि ठण्ड एवं कोहरे की स्थिति के दृष्टिगत सभी गन्ना ढोने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवायें जाये। ओवरलोड/ओवर साइज वाहनों का चालान किया जाये। ब्लैक स्पॉट का सुधारीकरण कराते हुए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित परिवहन विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी स्कूली वाहनों के मानकों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज में किसी प्रकार का भी व्यवधान न आये इसे सभी संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिये गये। विद्यालयों के रोड सेफ्टी क्लब के गठन का दायरा बढाते हुए इसकी कार्यशैली को अधिक उपयोगी बनाने की हितायत दी गयी। परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चालकों व परिचालकों का स्वास्थ्य नेत्र परीक्षण के साथ ही साथ उनको यातायात नियमों के बारे में भी जागरूक करें। बैठक में कमलेश चन्द्र अपर आयुक्त, राधेश्याम राय अपर पुलिस अधीक्षक, उमाशंकर यादव आरटीओ, आर के सरोज आरटीओ प्रवर्तन, आर सी भारतीय एआरटीओ गोण्डा, बृजेश कुमार एआरटीओ बलरामपुर, शैलेन्द्र कुमार तिवारी पीटीओ, अधिशासी अभियन्ता एनएचएआई तथा समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे युवक का मिला शव, हड़कंप

▸ घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र परसपुर अन्तर्गत पुरैना गांव के समीप सड़क किनारे शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई।

मिली जानकारी के मुताबिक परसपुर क्षेत्र के ग्राम सुसुंडा चेन लाल पुरवा निवासी 38 वर्षीय युवक बृजेश मिश्रा का शव डेहरास गोण्डा मार्ग पर ग्राम पुरैना के समीप सड़क किनारे पड़ा मिला। घटना की सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक सभाजीत सिंह व उपनिरीक्षक अबरार अली मय हमराह कांस्टेबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय भेज दिया। परिजनों ने बताया कि युवक बृजेश मिश्रा के पास पिकप वाहन था तथा वह बेलवा चौराहे पर किराने की दुकान करता था। शुक्रवार की देर शाम वह थाना तरबगंज अन्तर्गत पकड़ी बाजार में खाद गिराने की बात कहकर लोडिंग वाहन लेकर निकला था।फिर गाड़ी खराब होने की सूचना दी और कहा कि गाड़ी ठीक करवाकर वापस आएंगे। सुबह उसकी लाश तथा लोडिंग वाहन पुरैना गांव के पास सड़क किनारे मिला। जिसे लेकर लोग तरह तरह के कयास लगा रहे है। वहीं परिजनों में कोहराम मचा है।

# एसएलबीएस डिग्री कॉलेज में प्रतियोगिताएं संपन्न

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के विज्ञान संकाय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया काव्य पाठ,भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता । अटल बिहारी वाजपेई कवि से प्रधानमंत्री तक विषय पर डॉ ममता शुक्ला के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई निर्णायक की भूमिका में रहे प्रोफेसर शिव शरण शुक्ला एवं प्रोफेसर मंसा राम वर्मा

उक्त प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय डब्लू सिंह, श्लोक कसौधन एवं अभिमन्यु शुक्ला रहे वहीं भाषण प्रतियोगिता के प्रभारी प्रो संदीप कुमार श्रीवास्तव रहे एवं निर्णायकों की भूमिका में डॉ बैजनाथ पाल एवं डॉ मनीषा पाल रही भाषण प्रतियोगिता का विषय श्री अटल बिहारी वाजपेई का राजनीतिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण रहा।

उक्त प्रतियोगिता में क्रमशःप्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर श्लोक कसौधन, आर्यन पाठक एवं विवेक गुप्ता रहे वही अटल बिहारी वाजपेई की कविताओं का सस्वर पाठ प्रतियोगिता के संयोजक डॉ बैजनाथ पाल रहे जबकि प्रो संदीप श्रीवास्तव एवं डॉ शिशिर त्रिपाठी निर्णायक की भूमिका में रहे ।काव्य पाठ प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने में करिश्मा गोस्वामी ,एकता तिवारी एवं सौम्या पांडे सफल रहीं। सांस्कृतिक निदेशक डॉ रेखा शर्मा ने प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी प्रतियोगिताओं के प्रभारी, निर्णायकों एवं विजई छात्र-छात्राओं को बधाई दी वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ने सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं मील का पत्थर साबित होती है।

## खबरें एक नजर में

### विद्युत पोल के गिरने से कई गांवों की बिजली बाधित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सिरसिया गांव के बाहर बस की ठोकर से विद्युत पोल टूटकर गिर गया। जिससे कई गांवों की बिजली बाधित हो गई है। बिजली कर्मी ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज पावर हाउस पर कार्यरत विद्युत कर्मी दिलीप कुमार ने नवाबगंज थाने में तहरीर दी है। कहना है कि रामद?याल निवासी जमदान अपने बस से सिरसिया गांव की तरफ जा रहा था। सिरसिया गांव के बाहर लगे विद्युत पोल को ठोकर मार दिया जिससे एक पोल टूटकर गिर गया और तीन पोल की एल टी , टूट गई।जिससे गांव के सारे कनेक्शन बाधित हो गये। विद्युत कर्मी ने बस मालिक से नुकसान की भरपाई की मांग की है। विद्युत कर्मी दिलीप कुमार का कहना है कि ठोकर जान बूझ कर मारी गई है। जब उससे नुकसान की भरपाई की बात की गई तो उसने दबंगई दिखाते हुए कहा कि जो करना हो कर लो कुछ नहीं देंगे। इस संबंध में क्राईम इंस्पेक्टर अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। पोल बस की ठोकर से गिर गया और किसी वजह से गिरा है ,इसकी जांच की जा रही है।

### परसपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत परसपुर के भौरीगंज रोड स्थित श्री सद्गुरु मैरिज हॉल में 15 दिसंबर, रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम विवेकानंद पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के सहयोग से आयोजित इस शिविर में हृदय, हड्डी और नेत्र रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। मरीजों को ना केवल निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा,बल्कि दवाओं का वितरण भी निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में हृदय संबंधी समस्याओं के लिए ईसीजी और रैंडम ब्लड शुगर जांच निःशुल्क की जाएगी। जरूरत के अनुसार लिपिड प्रोफाइल, टीएमटी और 2 डी इको जैसी जांचें विवेकानंद पॉलीक्लीनिक लखनऊ में निःशुल्क की जाएंगी। इसके अतिरिक्त एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और अन्य कार्डियक सर्जरी जैसे जटिल उपचार भी जरूरतमंद मरीजों को अत्यधिक रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। हड्डी रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे और उनके उपचार की व्यवस्था करेंगे। इस शिविर में सभी प्रकार की हड्डी रोग संबंधी समस्याओं का समाधान उपलब्ध होगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीजों की आंखों की जांच करेंगे। जरूरतमंद मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा आंखों से संबंधित अन्य समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। शिविर में हृदय, हड्डी और नेत्र रोगों से संबंधित उपचार के साथ-साथ जरूरी दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। शिविर में पंजीकरण रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। मरीजों का परीक्षण दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में आयुष्मान भारत और टीपीए कार्डधारकों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

### तंत्र ही ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग : अघोरी वैद्यनाथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के त्रिमुहानी घाट श्मशान पर स्थित श्री श्री महाकाल भैरव मंदिर के सप्तम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव का महाभिषेक किया गया इसके बाद अष्ट भैरव पूजन, चौसठ योगिनी पूजन,मात्रिका पूजन के साथ महाकालिका पूजन किया गया। श्री श्री काल भैरव श्मशान घाट सेवा मण्डल के तत्वाधान में शहर के स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट स्थित महाकाल भैरव मन्दिर पर सप्तम वार्षिकोत्सव का आयोजन चल रहा है। जिसके क्रम में आयोजन के प्रथम दिवस उत्तरदिशानी अघोर अखाड़ा परिषद तारा पीठ के नाथ योगी नटेश्वरी पंथ के साधक श्री श्री 1008 अघोरी बाबा वैद्यनाथ,अघोरी बाबा ज्ञानी नाथ महाराष्ट्र के अघोरी बाबा अविनाश नाथ,अघोरी बाबा उतुल अघोरी बाबा गणेश नाथ एवं गुजरात के नाथ योगी अघोरी बाबा शिवनाथ योगी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजक शाक्त ईशान रजनीश ने महाकालिका पूजन किया। इस दौरान महाराजाधिराज महाकाल भैरव को षोडशोपचार पूजन भी दिया गया। बाबा वैद्यनाथ अघोरी ने बताया कि तंत्र मार्ग ईश्वर को प्राप्त करने का सबसे सरल मार्ग है। यदि स्वच्छ मन से ईश प्राप्ति के लिए अनुष्ठान किया जाए तो तंत्र मार्ग से ईश्वर प्राप्ति सूक्ष्म समय में सम्भव है। कहा कि आज कई नकली तांत्रिकों के कारण तंत्र मार्ग को हीन भावना से देखा जाने लगा है जबकि तंत्र उपासना,भक्ति और ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है।

# थाना समाधान दिवस पर एसपी सिटी पहुंचे विशेश्वरगंज

▸ पुलिसकर्मियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस शनिवार को विशेश्वरगंज थाने पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा के निरीक्षण में आने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार पयागपुर के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह फरियादियों की फरियाद सुनकर उनका निस्तारण करवा रहे थे। अचानक एसपी सिटी के पहुंचने पर माहौल बदल गया। आईजीआरएस, अपराध पंजिका का गहन अवलोकन एसपी सिटी द्वारा किया गया। कमियां मिलने पर सुधार के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। समाधान दिवस समाप्त होने पर थाने के सभी उपनिरीक्षकों के बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में कुल चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सभी राजस्व सम्बन्धित थे। निस्तारण के संबंधित को निर्देशित किया गया। एसपी सिटी द्वारा जांच में सब कुछ संतुष्टि पूर्ण मिला, साफ सफाई को देखकर संतोष हुए।

# आंसुओं में बह गए शादी के अरमान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ पांच लाख नकदी और कार की मांग पूरी न होने पर नहीं आई बरात
▸ लड़की के द्वार पर लगा रह गया टेंट, खराब हुआ पकवान

जनपद के ग्राम कटिलिया भूपसिंह गांव निवासी एक युवती की शनिवार को रानीपुर क्षेत्र से बरात आनी थी। लेकिन सुबह लड़के पक्ष के लोगों ने दहेज में पांच लाख रूपये नकदी और कार की मांग पूरी न होने पर बरात लाने से इंकार कर दिया। इससे वधू पक्ष में मायूसी छा गई। पिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज करने की मांग की है।रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटिलिया भूपसिंह गांव निवासी अब्दुल अली की बेटी असमा बानो का विवाह जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम एलिया निवासी फैयाज खान पुत्र अयूब खान के साथ तय हुआ था। तय कार्यक्रम के मुताबिक शनिवार दोपहर में बरात आनी थी। इसके लिए लड़की पक्ष की ओर से टेंट लगवाया गया। पकवान बनाने के लिए सभी तैयारी कर ली गई थी। जबकि मीठा और अन्य सामान बन गया था। अब्दुल अली ने बताया कि वर पक्ष के फैयाज और उसके पिता खेत अधिक होने का हवाला देकर कार और पांच लाख रुपये नकदी दहेज में मांग कर रहे थे। इतना दहेज न होने में असमर्थता जताई तो फोन पर बरात न लाने की सूचना दी और शनिवार को सभी बरात भी नहीं लाए। इंतजार के बाद लड़की के पिता ने डीएम और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है।

**लड़की पक्ष के लोग खुद मांग रहे दो लाख**

कटिलिया भूप सिंह गांव में शनिवार को बरात आनी थी। लेकिन शादी करने के लिए लड़की पक्ष के लोग खुद दो लाख की मांग कर रहे थे। इसके लिए शुक्रवार को लड़के ने थाने में तहरीर भी दी थी। लड़का पक्ष खर्च का हिसाब मांगकर एक लाख रूपये देने के लिए तैयार हो गया था। इसके बाद भी बात नहीं बनी और बरात नहीं आई। दोनों शिकायती पत्र पर जांच की जा रही है।

*मनोज कुमार अपराध निरीक्षक*

# चेन लिंक फेंसिंग तोड़ गांव में घुसा हाथी, गेहूं की फसल रौंदी

**कमजोर तार फेंसिंग से नहीं हो रही सुरक्षा**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन्य जीवों से बचाव के लिए करोड़ों की लागत से चेन लिंक फेंसिंग बनाई गई है। लेकिन मानक विहीन कार्य से वन्य जीव बेधड़क गांव के साथ खेत में घुसकर फसलों के साथ आम लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नौतोड़ गांव में हाथी ने गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत नौतोड़ गांव में सुबह चार बजे वन विभाग द्वारा लगाये गये चैन लिंक फेंसिंग को तोड़कर एक जंगली हाथी घुस गया और किसान नंदलाल,सूबेदार,इंद्रदेव, की गेंहू की लगभग दो बीघा गेंहू की फसल को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणो की शोर शराबा सुनकर गजमित्रो ने हाँका लगाकर किसी तरह हाथी को भगाया। इस दौरान हाथी ने तीन बांस के पेड़ को भी गिराया। गजमित्रो की सूचना पर पहुँचे वन क्षेत्राधिकरी सुरेन्द्र श्रीवास्तव, वन दारोगा इसरार अहमद, व वाचर बंशी ने नुकसान हुए फसल का आंकलन किया। गजमित्र नंदलाल ने बताया कि सुबह चार बजे सभी सो रहे थे घना कोहरा छाया हुआ था जिसका फॉयदा उठाकर हाथी खेतों में घुस गया और फसल को नुकसान पहुंचाया। न्यूज़ के प्रोजेक्ट मैनेजर व हाथी विशेषज्ञ अभिषेक ने बताया कि गजमित्रो की टीम अलर्ट है। लगातार पेट्रोलिंग जारी है। सुबह और शाम के समय कोहरा पड़ रहा है। ग्रामीणो को सतर्क रहने की आवश्यकता है। गांव के लोगों का कहना है कि मानक विहीन तार फेंसिंग वन्य जीवों को गांव में जाने से रोक नहीं पा रहा है।

# छात्रों ने खेल-खेल में सीखी विज्ञान की बारीकियां

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ छात्रों को कराया आंचलिक विज्ञान केंद्र का भ्रमण
▸ एक्सपोजर विजिट के तहत साइंस सिटी टूर पर गए छात्र



शनिवार को जनपद के विकास खण्ड जरवल के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत आयोजित एक्सपोजर विजिट में प्रदेश की राजधानी स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र अलीगंज का शैक्षिक भ्रमण किया। ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह के निर्देशन में बीआरसी जरवल रोड से बस द्वारा शैक्षिक भ्रमण के लिए लखनऊ रवाना किया गया।साइंस सिटी पहुंच बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोगों को स्वयं करके अपना ज्ञानवर्धन किया। छात्र कार्टीशन गोताखोर, केल्टन चक्र, जादू का नल, वायु में तैरती गेंद, मनोरंजक विज्ञान दीर्घा, एअरप्वॉइंट पिस्टल, फन मिरर, रोटेटिंग फेस, स्ट्रिंगलेस पेंडुलम आदि का प्रयोग करके प्रफुल्लित हुए। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों को विषयवस्तु का ज्ञान कराने के लिए साथ गये एआरपी मोहम्मद अहमद ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण छात्रों को सीखने के नये अवसर व अनुभव प्रदान करता है। एआरपी कल्पना मिश्र ने कहा कि एक्सपोजर विजिट छात्रों के लिए किताबों की सीमाओं के पार सीखने का एक मौका है। एआरपी रियाज अहमद व अब्दुल मोमिन ने शैक्षिक भ्रमण को पढ़ाई रोचक बनाने व उन्हें सीखने में संलग्न करने का अभिनव प्रयास बताया। एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में आंचलिक विज्ञान केंद्र के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर स्वरूप मंडल, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष उबैदुर्रहमान, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, ख़लीकुज्मा, जितेंद्र भारती, रूबी यादव, विनय शर्मा, रामेंद्र सिंह कार्यालय सहायक पवन कुमार जयप्रकाश यादव कमलेंद्र त्रिपाठी, फरीद अहमद का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 137120 राजस्व वादों का हुआ निस्तारण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय लोक अदालत सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक सेवा अदालत के अवसर पर राजस्व/अन्य न्यायालय द्वारा कुल 137120 वादों का निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा लोक अदालत के अवसर पर राजस्व, चकबन्दी व सरफेसी एक्ट से सम्बन्धित 01-01 वाद का निस्तारण किया गया तथा स्टाम्प से सम्बन्धित 03 वादों में रू. 07 लाख 96 हज़ार 600 की धनराशि जमा करायी गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल अत्यधिक सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बहराइच शालिनी प्रभाकर द्वारा समस्त पीठासीन अधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं आदि को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने आनन्द

▸ ब्राह्मण समाज के लोगों ने व्यक्त किया हर्ष



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में जनपद बहराइच के विशेश्वरगंज क्षेत्र ग्राम दिगित पुरवा, निवासी आनन्द मोहन मिश्र को ब्राह्मण वेलफेयर महासभा, उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करते हुए नियुक्त पत्र जारी किया गया है। विदित हो कि आनन्द मोहन मिश्र की लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रियता, समाज के प्रति निष्ठा तथा सेवाभाव के दृष्टिगत महासभा के द्वारा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बारे में आनन्द मोहन मिश्र ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ब्राह्मण वेलफेयर महासभा राष्ट्रीय स्तर का सम्पूर्ण भारत में कार्य करने वाला गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है जो ब्राह्मण समाज के लोगो में राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने, उनके उत्थान, सर्वांगीण विकास, आपसी सहयोग से गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग, गरीब बच्चों के शिक्षा में सहयोग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग, नशामुक्ति, देश की एकता अखंडता के प्रति जागरूक करने, पर्यावरण के प्रति जागरूकता आदि उद्देश्यों हेतु कार्य करता है।आनन्द मोहन मिश्र के ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनयन पर राष्ट्रपति पुरूस्कृत शिक्षक बलदेव प्रसाद पाण्डेय, वीरेंद्र मिश्र, रवि मोहन शुक्ल, राजीव कुमार तिवारी, शरद शुक्ल, कैलाश नारायण भार्गव, शिव शंकर पाठक, प्रेम कुमार अवस्थी, जीतेंद्र द्विवेदी, अनूप कुमार दूबे, राकेश पाठक, सुरेश चंद्र दूबे, विनोद कुमार त्रिपाठी, पंकज मिश्र, आशीष कुमार शुक्ल, पवन कुमार पाण्डेय, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, राकेश पाठक पांडेय, वासुदेव शुक्ल, विपिन बिहारी तिवारी, प्रवीण कुमार मिश्र सहित ब्राह्मण समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दिव्यांग बच्चों के अभिभावक का काउंसलिंग कार्यक्रम संपन्न

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड पयागपुर के बीआरसी मीटिंग हॉल में दिव्यांग बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों के काउंसिलिंग कार्यक्रम खण्ड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में आने वाली बाधाओं उसके निराकरण में अभिभावक की भूमिका तथा इन बच्चों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बृहत चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है इनमें एक दैवीय शक्ति होती है जिसको पहचान कर उसे तरासने की जरूरत है। कार्यक्रम में मॉडल पर्सन स.अ. विनोद कुमार पांडेय, व गोपाल जी शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार पटेल व आरती सिंह ने दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजेश, कार्यालय सहायक सुनील, प्रभु, पंकज, रोहितआदि उपस्थित रहे।

# पंखुड़ी पाठक ने हुला- हूप्स रेस में मारी बाजी

▸ केंद्रीय विद्यालय 59वीं वाहिनी में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्रीय विद्यालय 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के परिसर में वार्षिक खेल उत्सव सत्र का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला तथा विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमाण्डेन्ट ओमप्रकाश मिश्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर खेल प्रतियोगिताओं के प्रारम्भ होने की औपचारिक घोषणा की। विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र व छात्राओं के द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों के लिए आयोजित की गई नींबू चम्मच दौड़ ,गेट सेट रेडी दौड़ व हूला हूप दौड़ आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। सीनियर कक्षाओं में बालक हेतु खो खो प्रतियोगिता और बालिका वर्ग के लिए 100 मीटर तथा 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया जिसे देखना काफी रोमांचक रहा। अंत में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जेल में निरूद्ध बन्दी की मृत्यु के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा सपा प्रतिनिधिमंडल

# पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद देने का दिया भरोसा

- रामदेव पासी की हत्या के दोषी पुलिसकर्मियों पर दर्ज हो मुकदमा : श्यामलाल पाल
- पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपया मुआवजा, आवास एवं कृषि योग्य भूमि देने हेतु सरकार से मांग



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ.प्र. सरकार के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव ने विगत दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को जिला जेल में निरूद्ध बन्दी रामदेव पासी उर्फ गुड्डू पुत्र सन्तू की मृत्यु को गम्भीरता से लेते हुए समाजवादी पार्टी का नौ सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के नेतृत्व में मृतक रामदेव पासी के पीड़ित परिवार से मिलने, वस्तुस्थिति से अवगत होने एवं शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु ग्राम मोहनपुर, मजरे लोदीपुर, थाना खीरों भेजा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिवार को ढांढस बँधाते हुए कहा कि उ.प्र. के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव एवं समाजवादी पार्टी इस दुःख की घड़ी में न्याय दिलाने हेतु परिवार के साथ है। परिवार की हर सम्भव मदद समाजवादी पार्टी करती रहेगी।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रतिनिधि मण्डल में सी.एल. वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, श्याम सुन्दर भारती विधायक, राहुल लोधी विधायक, इं. वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष, मुनेश्वर पासी जिला उपाध्यक्ष, चौ0 मोहसिन प्रदेश सचिव, जगतपाल प्रदेश उपाध्यक्ष मजदूर सभा ने उपस्थित मीडिया के समक्ष उ.प्र. की सरकार से मांग किया कि दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए एवं गरीब पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक मदद, सरकारी आवास, कृषि योग्य जमीन का पट्टा दिये जाने की मांग रखी। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि उ.प्र. में जंगलराज कायम है, पुलिस निरंकुश होकर निर्दोषों का उत्पीड़न कर रही है एवं अपराधियों को संरक्षण दे रही है। यह घटना सरकारी तंत्र के द्वारा की गयी घटना है, यह संज्ञेय अपराध है। श्री पाल ने कहा कि जब कानून के रक्षक ही भक्षक बन जाए तो फरियाद किससे करें।

पार्टी कार्यकर्ता गुड्डू पाल निवासी नया पुरवा भीतरगाँव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर उनके घर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव, विधायक राहुल लोधी के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर यादव आदि शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे।

## एसडीएम ने रैन बसेरा का जाना हाल



- ठंड से बचाव के लिए राहगीरों और बेघरों को मिलेगा आश्रय

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बढ़ती शीत लहर ने लोगों को अलाव जलाकर आग से गर्मी लेने पर मजबूर कर दिया है। मौसम में हो रहे परिवर्तन व गलन बढ़ने से यात्रियों व बेसहारा लोगों को इस ठंड से बचाने के लिए शासन के निर्देश पर नगर पंचायत लालगंज और गेंगासो मे बनाए गए रैन बसेरे का एसडीएम नवदीप शुक्ला ने निरीक्षण कर जरूरी सुविधाओं को परखा तथा निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। आपको बता दें कि बाहर से आने वाले लोगों को रात गुजारने के लिए छत की तलाश रहती है। ऐसे लोगों के लिए जिला प्रशासन की ओर से लालगंज नगर पंचायत और गेंगासो में रैन बसेरा बनाया गया है। बीती रात जिसका जायजा लेने एसडीएम नवदीप शुक्ला पहुंचे और रैन बसेरा के रखरखाव के विषय में जानकारी ली और जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरा में रुकने वाले लोगों की डाटा एंट्री रखी जाए। नगर पंचायत में शुरुआती दौर में महिला और पुरुष के रुकने के लिए दो अलग अलग कमरों में रैन बसेरा बनाया गया है। रैन बसेरा में लोगों को ठंड के चलते कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए बेड, कंबल, तकिया, मच्छरदानी और शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

### प्रशासन ने व्यवस्थाएं की सुनिश्चत

प्रशासन का उद्देश्य है कि ठंड के कारण किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े और वे सुरक्षित और गर्म स्थानों पर रात बिता सकें। इन रैन बसेरों में किसी भी प्रकार की दिक्कत से बचने के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। रैन बसेरों में तात्कालिक राहत के लिए कंबल, गर्म कपड़े और चाय-पानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा जरूरतमंदों के लिए स्वच्छता और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने अब तक जिले के विभिन्न हिस्सों में रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### स्वामी विचित्रानंद महाराज पीठाधीश्वर श्री कंजेश्वर धाम ने किया प्रधानमंत्री का स्वागत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के पावन अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पहुंच कर कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए प्रधान मंत्री ने संगम की पावन भूमि प्रयागराज को नमन किया और महाकुंभ में भाग लेने वाले साधु संतों का सम्मान किया, सम्मान की कड़ी में स्वामी विचित्रानंद महाराज ने प्रधान मंत्री को माला पहना कर आशीष दिया।वहीं श्री मोदी जी ने कर्मचारियों,श्रमिकों और सफाई कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से महाकुंभ को सफल बनाया।प्रधान मंत्री ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े समागमों में से एक है।जहां पैतालीस दिनों तक चलने वाले महायज्ञ के लिए प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाता है और इस अवसर के लिए एक नया नगर बनाया जाता है।प्रधान मंत्री ने कहा कि प्रयागराज की धरती पर एक नया इतिहास लिखा जा रहा है।प्रधान मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अगले साल होने वाला महाकुंभ देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नए शिखर पर ले जाएगा।इस एकता की महा यज्ञ की चर्चा पूरी दुनिया में होगी।

### एसडीएम की अध्यक्षता में थाना दिवस संपन्न



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना दिवस का हुआ आयोजन 15 शिकायतों में एक का हुआ निस्तारण। कोतवाली परिसर में एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन हुआ जिसमें कुल 15 शिक़ायती पत्र आये 11 राजस्व विभाग के तीन पुलिस विभाग के एक बिजली विभाग का शिकायती पत्र आया वहीं अधिकारियों द्वारा एक शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य शिकायती पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारण की बात कही गई । एसडीएम सीओ कोतवाल ने मोन ग्राम पंचायत के एक मामले में बैठाकर व समझ बूझाकर घरेलू झगड़े को समाप्त करवाया और बिस्कुट खिलाकर एक दूसरे से मिलवाया जिस पर मौजूद लोगों ने अधिकारियों की जमकर तारीफ की कई वर्षो से यह झगड़ा चल रहा था जिसे अधिकारियों द्वारा संज्ञान में लेकर आज निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम सचिन यादव सीओ यदुवेंद्र पाल कोतवाल जगदीश यादव चौकी इंचार्ज रवि पवार एस आई सचिन सिंह एस आई रोहित कुमार दीवान अजय चौधरी दीपा सिंह सहित क्षेत्रीय लेखपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बेसहारों का सहारा बनी नगर पंचायत महराजगंज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिनका कोई नहीं उनके लिए नगर पंचायत है। इस पंक्ति को सत्य करके दिखाया है नगर पंचायत महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों ने। इस समय ठंड का मौसम चल रहा है और यह मौसम बेसहारा असहाय बेबस एवं गरीबों के लिए किसी आफत से कम नहीं रहता। जहां एक तरफ अमीर ठंड का मजा लेते हैं तो वहीं आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोग पुआल और आग के सहारे किसी तरह ठंड को पार करते हुए नजर आते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिनके पास किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं होती और वह बेबस बनकर केवल देखते रहते हैं उन्हीं बेसहारों का सहारा बनी है इस समय महराजगंज नगर पंचायत नगर पंचायत द्वारा नगर पंचायत परिसर में ही रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है जिसमें रजाई गद्दा चारपाई सहित आपको हर तरह की व्यवस्था मिलेगी कोई भी बेसहारा असहाय गरीब आकर अपनी ठंड नगर पंचायत महराजगंज के रैन बसेरा मे काट सकता है आज जब नगर पंचायत महराजगंज के रैन बसेरे को देखा गया तो एक बुजुर्ग मिला सही से नाम और अपना पता ना बताने वाले बुजुर्ग ने बताया कि यहां हमारी बहुत ही अच्छे ढंग से सेवा होती है तथा भोजन भी मिल जाता है और नगर पंचायत का यह कार्य बहुत ही अच्छा है। वही अभी दो दिन पूर्व एसडीएम महराजगंज सचिन यादव द्वारा भी औचक निरीक्षण रैन बसेरा का किया गया था जिसमें व्यवस्था देखकर एसडीएम साहब ने भी नगर पंचायत की तारीफ की थी वही कडकड़ाती हुई ठंड में नगर पंचायत महराजगंज का यह रैन बसेरा बेसहारों के लिए सहारा बनता हुआ दिख रहा है।

### झंडा वीर बाबा कुटी पर विशाल मेला व भंडारा आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सुंदरकांड मेला भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुशमहुरा मे ग्राम प्रधान रमेश मौर्य एवं ग्रामीणों द्वारा झंडा वीर बाबा कुटी बाबा मौनी दास आश्रम के स्थान पर कुशमहुरा में विगत 25 वर्षों से मेला भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है अबकी बार भी सुंदरकांड मेला भंडारा एवं बिरहा के कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने बाबा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा तथा मेले का लुफ्त उठाया ।इस मौके पर प्रधान रमेश मौर्य रामदेव यादव दूबे महाराज अनुराग मिश्रा पत्रकार रामनेवाज शिवा मौर्या लव कुश मौर्य खुशीराम लोधी सुशील एडवोकेट सुनील एडवोकेट अरुण गुरुजी रामसमुझ मौर्य जग प्रसाद पासी राहुल एडवोकेट सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अवैध खनन मे लगे डंपरों से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- ग्रामीणों ने मिट्टी लगे डंपरों को रोक कर जमकर किया प्रदर्शन

**सूची सलोन रायबरेली**



मिट्टी भरे डंपर सड़कों के बदहाली का कारण बनते जा रहे हैं। मिट्टी लेकर जा रहे हैं डंपरों से परेशान होकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट गया। एकजुट होकर डंपरों को रोककर जमकर प्रदर्शन किया। दिन रात चल रहे डंपरों के कारण जल्द बनी सड़क बर्बाद हो गई।मामला सलोंन विकासखंड के ग्राम पंचायत बघौला तरकोलवा रोड का है। जहां गंगा एक्सप्रेसवे के लिए मिट्टी ढो रहे डंपरों ने सड़क को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।सड़कों पर फैली मिट्टी और धूल के गुब्बार से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मिट्टी लगे डंपरों को रोक कर जमकर प्रदर्शन किया।वहीं प्रधान प्रतिनिधि ने बताया अभी दो महीने पहले काफी प्रयास से सड़क बनाई गई है।ओवरलोड मिट्टी लाद कर डंपर चलाए जा रहे हैं। जिसके कारण सड़क पूरी तरह से नष्ट हो गई है।वही बना पुल भी काफी क्षतिग्रस्त हो गया है।इसलिए हम ग्रामीणों के साथ डंपरों को रोक दिया है। हमारी मांग है कि पुल और सड़क को बनवा दिया जाए। क्षेत्रीय विधायक मौके पर आए थे उन्होंने आश्वासन दिया है अधिकारियों से बात कर सडक बनवाई जायेगी।वही एक ग्रामीण अमृतलाल ने बताया चोरी से एक बीघा खेत की मिट्टी इन लोगों ने खोद कर उठा ले गए। मामले मे विधायक अशोक कुमार ने बताया कि मानक के विपरीत बिना गाड़ी नंबर के डंपरो से अवैध खनन किया जा रहा है प्रशासन से खनन रोकवाकर कार्यवाही की करने की बात कही।

## शहरवासियों को मिलेगी अच्छी सड़कों की सौगात

- सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू
- जेल रोड को पीडब्ल्यूडी व एनएचआईं को हैंड ओवर करने के लिए शासन को जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सदर विधायक अदिति सिंह की सख्ती का दिखा असर शहर वासियों को मिलेगी अच्छी सड़कों की सौगात, जल निगम की कार्यदायी संस्थाओं ने शुरू किया सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत का कार्य जेल रोड के भी बहुरेंगे दिन, रायबरेली से भाजपा की सदर विधायक अदिति सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की मुख्य सचिव मनोज सिंह के रायबरेली दौरे के समय उनके द्वारा सिविल लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत न होने से शहर वासियों की समस्या से अवगत कराया गया था जिसके बाद मुख्य सचिव ने संबंधित कार्य दाईं संस्था को कड़ी फटकार लगाई थी सदर विधायक अदिति सिंह ने बताया कि उन्होंने खुद मरम्मत कराई जा रही सड़कों का निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि जल निगम के द्वारा शहर में लगभग 10 किलोमीटर से अधिक सड़कों को खोद कर उसमें सीवर लाइन डाली जा चुकी है लेकिन उनकी मरम्मत न होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया लगभग तीन से चार किलोमीटर की सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका और से सड़कों का निर्माण जल्द पूरा होगा इसके साथ ही उन्होंने जेल रोड को पीडब्ल्यूडी व एनएचआईं को हैंड ओवर करने के लिए जल्द प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा ताकि भविष्य में समय से सड़कों की मरम्मत हो सके।

## डकैती व हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



- बीते दिनों डलमऊ में हुई हत्या मे शामिल पांचवा अभियुक्त गिरफ्तार
- 12 हजार का इनामिया है गिरफ्तार आरोपी

रायबरेली पुलिस को मिली बड़ी सफलता डकैती व हत्या में वांछित इनामी अपराधी को पुलिस ने डकैती के माल के साथ किया गिरफ्तार।

मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरसंवा गांव का था जहां 9 दिसंबर को उमाशंकर साहू के घर में उसके हाथ पैर बांधकर हत्या कर देने के बाद घर में लूट पाट की गई थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने एसओजी टीम को लगाया था इसके बाद पुलिस ने दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने के साथ ही चार लोगों को हिरासत में लिया था ।वहीं एक हत्यारोपी राम सजीवन रैदास निवासी रालपुर थाना सरेनी फरार चल रहा था ।पुलिस में उसकी गिरफ्तारी के लिए 12 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। जिसके बाद पुलिस ने राम सजीवन को सोने चांदी की जेवरात व नगदी समेत गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा। वही अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस करने के दौरान बताया है कि पांचवा पकड़ा गया आरोपी राम सजीवन रैदास पुत्र सुखराम रविदास निवासी रालपुर थाना सरेनी का रहने वाला है। इसके खिलाफ चोरी और लूट जैसे चार मुकदमे पहले से भी दर्ज हैं।

### लेजर लाइट के माध्यम से ग्रुप के सदस्यों को इशारा कर घटनाओं को देते थे अंजाम

आरोपी से पूछताछ के दौरान पता चला है कि यह लोग गैंग बनाकर घर की निशान देही करते हैं और उसके बाद लेजर लाइट के माध्यम से औरों को जानकारी देते हुए उसे घर के अंदर चोरी या लूट की घटना को अंजाम देते हैं। यह गिरोह लेजर लाइट के माध्यम से ही घर के अंदर जाने के लिए अपने ग्रुप के अन्य सदस्यों को हरी लेजर लाइट के माध्यम से इशारा करते हैं। फिलहाल इस पूरे मामले पर अभी छठवा आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है जिसको जल्द ही पुलिस कस्टडी में ले लिया जाएगा।

## मंडल अध्यक्ष के पद के लिए 25 लोगों ने किए आवेदन



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां मंडल अध्यक्ष के पद के लिए 25 लोगों ने आवेदन किया है, जो यह दर्शाता है कि इस पद के लिए बहुत अधिक रुचि है। यह एक स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रतीक है, जहां विभिन्न व्यक्ति अपनी योग्यता और क्षमताओं के आधार पर इस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, सभी आवेदनों को मंडल चुनाव अधिकारी शरद सिंह द्वारा जमा कराया गया, आवेदन करने वालों में प्रमुख नाम हरे कृष्ण पांडेय प्रवेश वर्मा हरिओम चतुर्वेदी बालकृष्ण पांडेय, सुनील सागर प्रभात शर्मा राजकुमार गुप्ता अमित चौधरी, पंकज कुमार, श्रीश कुमार, विपिन बाजपेई, करन सिंह, मयंक रंजन द्विवेदी, अखिलेश कुमार, सुशील पासी, वीरेंद्र त्रिवेदी, जय सिंह सौरमंडल शुक्ला, हिमांशु जायसवाल, मुजीब अहमद सहित अन्य आवेदक रहे।

## नौनिहालों के नृत्य व नाटक ने मोहा मन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड रेहरा बाजार के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कन्या सादुल्ला नगर के वार्षिकोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें विद्यालय के छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया,टन टन टन घंटी बजी स्कूल की,तेरी मिट्टी में मिल जांवा,रा आएंगे राम आएंगे,माँ बाप का दिल ना दुखा, राधा रेड रेड गजरा लगाके व सुनौ गौर से दुनियां वालों जैसे कई गीत प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साक्षी, रिचा, गरिमा, मानसी,ज्योति,शिवांगी, सौम्या, कोमल, अर्चना, तारावती, खुशी, प्रियंका, कंगना कश्यप, वर्तिका, हिना, सोनाक्षी, सोनिया, अंकिता, गौरी मिश्रा, मोहनी मिश्रा, अल्तमश, आसिफ सहित अन्य को अतिथि ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्रधर पाठक व विशिष्ट अतिथि एआरपी नीरज पाण्डेय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्रों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्र -छात्राओं ने कई नाटक एकल व समूह नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाह वाही बटोरी। मुख्य अतिथि चंद्रधर पाठक व विशिष्ट अतिथि एआरपी नीरज पाण्डेय ने पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। एआरपी चंद्रधर पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में प्रतिस्पर्धा होती है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरशद अब्बासी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। जलील अहमद, अ0मुकीम, उमेश शुक्ला, अंकित सिंह, शमसुल्लाह आदि ने विद्यालय के नौनिहालो व शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। विद्यालय के शिक्षक प्रधानाध्यापक अरशद अब्बासी, विजेता अग्रवाल, अफसाना खातून, कल्पनाथ दुबे, जुनैद अहमद व सुरेंद्र कुमार का विशेष योगदान रहा।

## शुद्ध पेय जल के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण दो वर्षों से अधूरा पड़ी है पानी की टंकी

**महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



शुद्ध पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, दो वर्षो से पेंडिंग पड़ा टंकी, कार्यदाई संस्था आधा अधूरा कार्य छोड़ कर हुआ फुर्र।

विकास खण्ड उतरौला अंर्तगत ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या में दो वर्ष पहले जल जीवन मिशन द्वारा प्रारंभ हुआ टंकी बनाने का कार्य आज तक पूर्ण नहीं हुआ। बोरिंग करने के बाद चार दिवारी का कार्य शुरू हुआ वह भी आधा अधूरा। भारत सरकार ने शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी वाटर सप्लाई देकर गांवों को हाई टेक बनाना चाहती है साथ ही 500 मीटर से अधिक बोर की बोरिंग करवाने के पीछे सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को विकार रहित शुद्ध पानी मिले जिससे लोगों को दूषित पानी न पीना पड़े। किंतु कुछ ऐसी कार्यदाई संस्था को कार्य मिल गया है जो निहायत ही मनबढ़ प्रवृति के है जिन्हें सासन प्रशासन का कोई खौफ नहीं है। बताते चले कि नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश (जलजीवन मिशन) के द्वारा दारा इफोप्रोक्शन (जे बी) को कार्य मिला 155.29 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट था जो 24/8/24 को पूरी तरह पूर्ण करना था किंतु आज तक अधूरे कार्य को पूर्ण नहीं किया गया और न ही कोई देखने ही आ रहा है। ग्रामीण भागवत प्रसाद मिश्रा, वेद व्रत मिश्रा, देवेन्द्र कुमार, मिश्रा दिलीप मिश्रा, राधे श्याम यादव, दुर्गा यादव ने बताया कि पूरे गांव के सड़को की स्थित पहले से ही खराब था ऊपर से जल जीवन मिशन द्वारा सड़कों को खोद दिया गया और उन्हें वैसे ही छोड़ दिया गया जिससे कई लोगों को चोट आई और कइयों के मवेशियों को चोटिल होना पड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि न कोई सुनने वाला है और न ही कोई कार्य आगे बढ़ रहा है इससे तो अच्छा पहले ही था कमसे कम सड़के तो नहीं खुदी थी। ग्रामीणों ने कहा यदि इसके जिम्मेदार इस माह में नहीं आए कार्य पुनः प्रारंभ नहीं किया गया तो हम लोग आंदोलन करने पर विवश होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कार्यदाई संस्था की होगी।



### भंडारा के साथ नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का समापन

**सादुल्ला नगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय क्षेत्र के छितलुपुर सराय खास में चल रहे नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन इसकी पूर्णाहुति की गई। इसमें दोपहर 12 बजे से हवन पूजन का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ।जिसके बाद से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार को शाम चार बजे से ही भंडारा शुरू कर दिया गया था जिसमें छितलुपुर,सरायखास,सहजौरा,बशालतपुरवा समेत कई गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व कथा के अंतिम दिन शुक्रवार रात्रि को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। यज्ञाध्यक्ष रामू व्यास जी के गाए भजन पर श्रद्धालुओं ने जमकर तालियां बजाई। कलाकारों ने राधा कृष्ण, मैया पार्वती व कृष्ण सुदामा का रूप धारण कर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किया। कमेटी के सदस्यों व महिलाओं ने नीम सारण्य से आई प्रवाचिका साध्वी रोहिणी शास्त्री व राम मूरत त्रिपाठी(अयोध्या धाम) तथा रामू व्यास जी को विदाई स्वरूप भेंट प्रदान किया व उनका आशीर्वाद लिया। महायज्ञ को सफल बनाने में धर्मेन्द्र उपाध्याय, दिलीप कुमार वर्मा, राजू उपाध्याय, अरुण कुमार वर्मा, डॉ0 संदीप कुमार वर्मा, ब्रह्म देव वर्मा, सतीश कुमार सिंह, डॉ0बब्लू सिंह, राम सुरेश यादव, चरण सिंह मौर्य, सत्य देव यादव, मनोज कुमार यादव,राम गोपाल यादव,सुरेंद्र सिंह, जय प्रकाश मौर्य, प्रमोद कुमार वर्मा, धर्मेन्द्र यादव,जनक राम वर्मा, केशरी शर्मा, कल्लू शर्मा,बोरिंग शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीनों पर न हो किसी प्रकार का कब्जा राजस्व अधिकारी करें सुनिश्चित : जिलाधिकारी



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

माह के दूसरे शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में थाना लालिया में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा न हो, यह लेखपाल एवं राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### डीएम ने निर्माणाधीन छात्रावास व डोरमेट्री का किया निरीक्षण

जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड हरैया सतघरवा में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हॉस्टल एवं डॉरमेट्री का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखी , उन्होंने चिनाई में लगे ईटों की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त की एवं निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की लैब जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने 11 केवी लाइन के समीप छात्रावास बनाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की, जबकि पीछे पर्याप्त जमीन उपलब्ध पाई गई। उन्होंने इसकी कमेटी बनाकर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया , कहा कि इसमें जिस भी स्तर एवं अधिकारी द्वारा पर लापरवाही बढ़ती गई है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्रवाई संस्था को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।

### गन्ना ट्रैक्टर ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगवाना करें सुनिश्चित

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकास खंड हरैया सतघरवा में गन्ना लाल केंद्र शिवपुरा बीह का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली पर गन्ने की तौल अपने समक्ष कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि गन्ने की तौल पूरी पारदर्शिता से की जाए। उन्होंने तौल केंद्र पर कृषकों के लिए बैठने, शुद्ध पेयजल आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। दुर्घटना आदि से बचाव हेतु चीनी मिल के अधिकारी को गन्ना ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगवाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने गन्ना तौला को आए कृषकों से हालचाल लेते हुए वार्ता की एवं सिंचाई के बेहतर उपलब्धता हेतु खेत तालाब एवं ड्रीप इरीगेशन की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बजाज चीनी मिल इंटई मैदा ने ट्रक चालकों किया जागरूक



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

शनिवार।सड़क सुरक्षा जन जागरण अभियान के तहत बजाज चीनी इटई मैदा उतरौला में ट्रक ड्राइवर एवं ट्रैक्टर चालकों को ह्ल1 एक कैंप लगाकर सहायक परिवहन अधिकारी बलरामपुर बृजेश कुमार यादव द्वारा विभिन्न सावधानियां से अवगत कराया गया। घने कोहरे से बचाव के लिए ट्राली और ट्रक के पीछे लाल कपड़े और रेडियम लगाने के निर्देश दिया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना आरपी शाही, गन्ना प्रबंधक योगेश त्रिपाठी एचआर हेड बृजेश चंद मंडल, प्रशासनिक प्रबंधन केपी सिंह अशोक कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में चीनी मिल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

चीनी मिल के केन यार्ड में मौजूद ट्रक और ट्रालियों के पीछे लाल बांधा गया। इस घने कोहरे में दुर्घटना को टाला जा सकता है

## शतरंज का बादशाह

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चौंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चौंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चौंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा। बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज विश्व चैंपियनशिप जीतने के मुकाम तक जा पहुंचा है। वैसे वे इससे पहले कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप में गोल्ड, स्पेन में संपन्न अंडर-12 चैंपियनशिप, यूरोपियन चेस क्लब कप के अलावा कई ओपन टाइटल समेत कई खिताब भी जीत चुके हैं। निस्संदेह, इस शिखर की कामयाबी में जहां गुकेश की कड़ी मेहनत, एकाग्रता व जुनून शामिल है, वहीं सर्जन पिता डॉ. रजनीकांत के त्याग का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपना कैरियर ही बेटे के भविष्य के लिये छोड़ दिया था।

# श्रमिकों को अधिक वेतन देने की जरूरत

**डॉ. अजीत रानाडे**

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (चीफ इकॉनामिक एडवाईजर-सीईए) अनंत नागेश्वरन ने उद्योगपतियों के एक कार्यक्रम में बात करते हुए उन्हें सतर्क किया कि भारतीय उद्योग रिकॉर्ड लाभ वृद्धि का आनंद ले रहा है जबकि कर्मचारियों की वेतन वृद्धि बहुत कम थी। कोविड के बाद देखा गया कि स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों के कर-पश्चात लाभ का हिस्सा जीडीपी के 5.2 प्रतिशत तक बढ़ गया है जो इसके पहले 2007-08 के उछाल के दौरान देखा गया आंकड़ा है। यह पिछले पंद्रह वर्षों में सबसे अधिक अनुपात है।

निफ्टी 500 कंपनियों (यानी एक छोटा सबसेट) के लिए यह अनुपात 4.8 प्रश है। यह अनुपात पिछले तीन वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है लेकिन इसके साथ ही कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन का हिस्सा कम हो रहा है। कॉर्पोरेट या औपचारिक क्षेत्र में रोजगार वृद्धि की दर खराब रही है और मुनाफे में वृद्धि की तुलना में नियोजित श्रेणी के भीतर वेतन या वेतन वृद्धि कुछ भी नहीं है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार 2020 से 2024 की अवधि में निफ्टी-500 कंपनियों के लाभ में वृद्धि प्रति वर्ष 34.5 प्रति सैकड़ा थी जबकि जीडीपी केवल 10.1 फीसदी की दर से बढ़ रही थी। पिछले चार वर्षों के दौरान मुनाफा बढ़ने की दर जीडीपी में 3.5 गुना से अधिक रही है। वेतन में वृद्धि तुलनात्मक रूप से मुद्रास्फीति दर के अनुरूप भी नहीं थी। अर्थशास्त्री अमित बसोले और जिको दासगुप्ता की रिपोर्ट है कि 2021-22 की तीसरी तिमाही से 2023-24 की दूसरी तिमाही तक औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी जबकि नियमित मजदूरी स्थिर (शून्य से 0.07 प्रश की वृद्धि) रही। उनके नतीजे सरकार द्वारा हर तीन महीने में प्रकाशित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पिरीऑडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस) के आंकड़ों पर आधारित हैं। पीएलएफएस डेटा जल्द ही मासिक आधार पर उपलब्ध होगा। जीडीपी और मजदूरी की वृद्धि दर में अंतर महामारी से पहले भी स्पष्ट था। उदाहरण के लिए 2017-18 से कोविड के ठीक पहले तक 11 तिमाहियों में जीडीपी 4.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी लेकिन नियमित मजदूरी वृद्धि दर केवल 0.21 प्रति सैकड़ा थी। बसोले और दासगुप्ता बताते हैं कि 2017 से 2024 तक स्व-नियोजित व्यक्तियों की कमाई के साथ नियमित वेतन वृद्धि सिर्फ 1 प्रश है। सिटी बैंक की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 की पहली तीन तिमाहियों के लिए सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों के लिए मुद्रास्फीति समायोजित मजदूरी लागत में वृद्धि 2 फीसदी से कम रही है जबकि दस साल का औसत 4.4 प्रति सैकड़ा है। इस तरह यह दीर्घकालिक विकास का आधा हिस्सा है। इस प्रकार कॉर्पोरेट भारत का नेतृत्व करने वालों के लिए सीईए द्वारा दी गई चेतावनी लाभ हिस्सेदारी की तुलना में वेतन और वेतन आय के घटते हिस्से की दीर्घकालिक घटना पर आधारित है।



**पीएलएफएस डेटा जल्द ही मासिक आधार पर उपलब्ध होगा। जीडीपी और मजदूरी की वृद्धि दर में अंतर महामारी से पहले भी स्पष्ट था। उदाहरण के लिए 2017-18 से कोविड के ठीक पहले तक 11 तिमाहियों में जीडीपी 4.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी लेकिन नियमित मजदूरी वृद्धि दर केवल 0.21 प्रति सैकड़ा थी। बसोले और दासगुप्ता बताते हैं कि 2017 से 2024 तक स्व-नियोजित व्यक्तियों की कमाई के साथ नियमित वेतन वृद्धि सिर्फ1 प्रश है। सिटी बैंक की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 की पहली तीन तिमाहियों के लिए सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों के लिए मुद्रास्फीति समायोजित मजदूरी लागत में वृद्धि 2 फीसदी से कम रही है जबकि दस साल का औसत 4.4 प्रति सैकड़ा है। इस तरह यह दीर्घकालिक विकास का आधा हिस्सा है। इस प्रकार कॉर्पोरेट भारत का नेतृत्व करने वालों के लिए सीईए द्वारा दी गई चेतावनी लाभ हिस्सेदारी की तुलना में वेतन और वेतन आय के घटते हिस्से की दीर्घकालिक घटना पर आधारित है।**

सीईए उद्योग के नेतृत्वकर्ता इस प्रकार अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकास में तेजी अधिक समान रूप से साझा की जाए। सीईए की सतर्क टिप्पणियों को इस साल की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर तक के आश्चर्यजनक जीडीपी विकास आंकड़ों के साथ पढ़ा जा सकता है। 5.4 प्रतिशत की यह दर उम्मीदों से काफी कम थी। सरकार की तरफ से धीमी पूंजीगत व्यय वृद्धि के लिए चुनावों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है परन्तु निश्चित रूप से इस वृद्धि में बड़ा योगदान उपभोक्ता का ही है जो खर्च को कम कर रहा है, खासकर शहरी क्षेत्रों में। नेस्ले, हिंदुस्तान लीवर और अन्य प्रमुख फॉस्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनियों (एफएमसीजी) ने जुलाई से सितंबर तिमाही के दौरान स्थिर या बिक्री में कमी दर्ज की है। बेशक, शहरी उपभोक्ता अन्य कम महंगे ब्रांडों की ओर रुख कर सकते हैं या कम खरीदी कर सकते हैं और विवेकाधीन खर्च भी कर सकते हैं। फिर, एफएमसीजी कंपनियों के भविष्य के लिए शहरी खर्च में गिरावट एक बड़ा संकेतक है। स्पष्ट है कि शहरी उपभोक्ता प्रतिकूल वृहद कारकों का सामना कर रहे हैं, मुद्रास्फीति क्रय शक्ति को खा रही है और वेतन ठहराव आय वृद्धि को सीमित रख रहा है। इसका निहितार्थ यह है कि सकल जीडीपी वृद्धि, जिसके अगले साल तक 6.5 प्रतिशत से ऊपर पहुंचने की उम्मीद है और कंपनी के मुनाफे की निरंतर मजबूत वृद्धि किसी भी तरह अधिक समावेशी होनी चाहिए। पाठ्य पुस्तकों में हम बढ़ती राष्ट्रीय आय में श्रम और पूंजी के हिस्से को देखते हैं। यदि दोनों शेयर राष्ट्रीय आय वृद्धि के साथ ताल-मेल रखते हैं तो यह अच्छा है पर श्रम आय में गिरावट अंततः उपभोक्ता खर्च और आय असमानता के प्रतिकूल परिणाम है।

यह तर्क दिया जा सकता है कि वही श्रमिक म्यूचुअल फंड और उनकी बचत के माध्यम से कंपनी के शेयरों के मालिक भी हो सकते हैं लेकिन फिर लाभांश आय अभी भी अधिकांश श्रमिकों के लिए घरेलू आय का एक छोटा हिस्सा है। इसलिए मजदूरी व वेतन आय उनकी कमाई का मुख्य स्रोत है। ऐसा कोई अलोकप्रिय एवं कड़ा आदेश नहीं दिया जा सकता कि भारतीय उद्योग जगत को अपने कामगारों के वेतन का हिस्सा बढ़ाना चाहिए। इसके अलावा यह रोजगार के बदलते पैटर्न के बड़े मुद्दे से संबंधित है। ठेका श्रमिकों और रोजंदारी श्रमिकों में (जिन्हें कर्मचारी भी नहीं माना जा सकता) वृद्धि हुई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग का मतलब है कि कई कंपनियां और व्यवसाय शायद आकार कम कर रहे हैं तथा अधिक ऑटोमेशन की मदद ले रहे हैं। वहीं भारतीय कॉर्पोरेट कंपनियां अक्सर कुशल एवं अर्ध-कुशल श्रमिकों की भारी कमी के बारे में शिकायत करती हैं। बड़े किसान कृषि श्रमिकों की भर्ती करने में असमर्थ हैं जो आम तौर पर गरीब राज्यों के प्रवासी श्रमिक हैं। इसका कारण मुफ्त खाद्यान्न और ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं है जिसका श्रम आपूर्ति पर विकृत प्रभाव पड़ता है। इसके लिए रिवर्स माइग्रेशन और औद्योगिक डाउनसाइजिंग को धन्यवाद दिया जा सकता है जिसके कारण वास्तव में महामारी के दौरान कृषि में लगे कार्यबल का हिस्सा बढ़ गया है। उद्योगों में श्रमिकों का हिस्सा बहुत लंबे समय तक स्थिर रहा है और इसलिए मजदूरी भी स्थिर रही है।

## विचार

# जलवायु परिवर्तन और भारत का दृष्टिकोण



डॉ. सत्यवान सौरभजलवायु परिवर्तन के प्रति भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है। साथ ही जलवायु चुनौतियों का समाधान करते हुए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को एकीकृत करके, इस रणनीति का उद्देश्य उत्सर्जन को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना जैसी पहल इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

हम पाते हैं कि सामाजिक लक्ष्यों का पीछा करना, आमतौर पर, उच्च पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ा होता है। हालांकि, देशों के बीच बातचीत बहुत भिन्न होती है और विशिष्ट लक्ष्यों पर निर्भर करती है। दोनों ही बातचीत में, कार्बन भूमि और पानी की तुलना में छोटे बदलावों का अनुभव करता है। हालांकि उच्च और निम्न आय समूहों द्वारा प्रयासों की आवश्यकता है, लेकिन अमीरों के पास मानवता के पदचिह्नों को कम करने का अधिक लाभ है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के महत्व को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि एसडीजी के बीच मात्रात्मक बातचीत को अच्छी तरह से समझा जाए ताकि जहां जरूरत हो, एकीकृत नीतियां विकसित की जा सकें। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण, जो कई मोर्चों पर एक साथ प्रगति के लिए विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करता है।

जलवायु क्रियाओं को गरीबी में कमी और ऊर्जा पहुंच जैसे लक्ष्यों के साथ जोड़ता है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है बल्कि कम आय वाले परिवारों को सस्ती बिजली भी प्रदान करती है। जलवायु क्रियाओं को विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर, सह-लाभ दृष्टिकोण पर्यावरणीय पहलों में सार्वजनिक समर्थन और भागीदारी को बढ़ाता है। पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है।

यह दृष्टिकोण कृषि, जल संसाधन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाने पर जोर देता है, जो कमजोर आबादी के लिए महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्ययोजनाएं क्षेत्र-विशिष्ट कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ग्रामीण और तटीय क्षेत्रों के लिए लक्षित अनुकूलन रणनीतियों को सुनिश्चित करती हैं। सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु और विकासात्मक चुनौतियों दोनों को सम्बोधित करने वाली नवीन तकनीकों के विकास और तैनाती को प्रोत्साहित करता है। सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई प्रणालियों का विकास टिकाऊ कृषि का समर्थन करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करता है।इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने में इस रणनीति की प्रभावशीलता

**भारत ने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद की प्रति इकाई कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन को लगातार कम किया है। यह रणनीति नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव को गति देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा पहुंच की खाई को सफलतापूर्वक पाटती है। छतों पर सौर ऊर्जा पहलों ने दूरदराज के गांवों में बिजली पहुंचाई है, जिससे डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम हुई है। भारत की रणनीति जलवायु क्रियाओं को निधि देने के लिए घरेलू पहलों पर केंद्रित है। इस आत्मनिर्भरता ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। भारतीय कार्बन बाजार उद्योगों में उत्सर्जन में कमी को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाता है। जबकि यह दृष्टिकोण संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देता है, लेकिन तेज़ आर्थिक विकास की आवश्यकता कभी-कभी पर्यावरण संरक्षण में समझौता करने की ओर ले जाती है।**

उत्सर्जन में कमी और आर्थिक विकास के दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतर है। भारत ने आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए अपनी उत्सर्जन तीव्रता को कम करने में प्रगति की है, जो सह-लाभ दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है।

भारत ने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद की प्रति इकाई कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन को लगातार कम किया है। यह रणनीति नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव को गति देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा पहुंच की खाई को सफलतापूर्वक पाटती है। छतों पर सौर ऊर्जा पहलों ने दूरदराज के गांवों में बिजली पहुंचाई है, जिससे डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम हुई है। भारत की रणनीति जलवायु क्रियाओं को निधि देने के लिए घरेलू पहलों पर केंद्रित है। इस आत्मनिर्भरता ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। भारतीय कार्बन बाजार उद्योगों में उत्सर्जन में कमी को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाता है। जबकि यह दृष्टिकोण संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देता है, लेकिन तेज़ आर्थिक विकास की आवश्यकता कभी-कभी पर्यावरण संरक्षण में समझौता करने की ओर ले जाती है। तत्काल ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों का विस्तार शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में चुनौतियाँ पेश करता है। राज्य कार्ययोजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत जलवायु कार्रवाई यह सुनिश्चित करती है कि क्षेत्रीय चुनौतियों और अवसरों को पर्याप्त रूप से सम्बोधित किया जाए।

## अडाणी पर अटकी कांग्रेस

**योगेश कुमार सोनी**

महाराष्ट्र और झारखंड के बाद अब बारी दिल्ली विधानसभा चुनाव की है। और अब इसमें को दोराय नहीं कि यहां दो बार से लगातार जीतती आ रही आम आदमी पार्टी इस बार भी चुनाव रणनीति से लेकर प्रचार के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों पर बढ़त बनाए हुए है। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी की खाक छानते हैं लेकिन उनकी नाक के नीचे दिल्ली में जहां कभी शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस ने 15 साल तक राज किया, उसी दिल्ली को राहुल गांधी ने क्या इस बार भी आम आदमी पार्टी की झोली में डालने का मन बना लिया और ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि दिल्ली में इस बार जो चुनाव होंगे तो खुद केजरीवाल और उनके कई नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे हैं।

ऐसे में भाजपा के साथ ही कांग्रेस के लिए एक मौका है। लेकिन लगता है कि कांग्रेस ने एक रणनीति के तहत केजरीवाल के सामने अचानक सरेंडर कर दिया है। मौजूदा स्थिति में कांग्रेस केवल अडाणी के मुद्दे पर ही अटक सी गई है। कांग्रेस किसी भी स्तर के चुनाव के लिए संबंधित राज्य या अन्य किसी घटनाक्रम पर कोई चर्चा नहीं कर रही। यदि दिल्ली के परिवेश में चर्चा करें तो अब भी कांग्रेस ने दिल्ली की समस्याओं से संबंधित या चुनावी रणनीति के तहत अब तक कोई बयान नहीं दिया। राहुल गांधी के साथ अब लोकसभा में वायनाड से चुनाव जीतकर एंट्री करने वाली प्रियंका गांधी भी आक्रामक शैली अपनाती रही हैं लेकिन समस्या यह है वह भी केवल अडाणी के मुद्दे पर ही बात कर रही हैं। यहां दोनों नेताओं को यह समझना पड़ेगा कि देश में आम जनता को अपने से जुड़े मुद्दे समझ में आते हैं।

अडाणी के मामले से किसी आमजन को किसी भी प्रकार का सरोकार नहीं है और किसी भी घटनाक्रम की सीमा होती है। हर रोज प्रेस कॉन्फेंस में या भाषण में एक ही बात को करना जनता को समझ नहीं आ रहा। दरअसल कांग्रेस बीते लगभग तीन वर्षों में किसी भी राज्य व लोकसभा चुनाव में जितनी ऊर्जा के साथ लजडी, उतनी ऊर्जा दिल्ली के परिवेश में नहीं दिख रही। इस बात को लेकर हर कोई आश्चर्यचकित है कि कांग्रेस ऐसा क्यों कर रही है।

कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि यह चुनाव कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का अघोषित गठबंधन भी हो सकता है। यहां अघोषित गठबंधन से अभिप्राय यह है कि वह खुले तौर पर एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे लेकिन कांग्रेस केवल नाम मात्र के लिए ही चुनाव लड़ेगी। आज के दौर में इसका सबसे बड़ा उदाहरण मायावती के रूप में देखा जा सकता है। इसके अलावा कांग्रेस के बड़े चेहरे भी आम आदमी पार्टी व भाजपा में शामिल हुए। कांग्रेस के दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का भाजपा में शामिल होना एक बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। लवली कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी माने जाते थे। राहुल गांधी के करीबी दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव करीब एक महीने से न्याय यात्रा निकाले हुए हैं, लेकिन राहुल ने अब तक इसमें हिस्सा ही नहीं लिया है। जबकि इस न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने शुरुआत में खूब हवा बनाई थी। जैसे-जैसे समय बीत रहा है कांग्रेस जमीन पर कुछ खास करती हुई नजर नहीं आ रही है। दरअसल इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहले से अच्छा प्रदर्शन किया था और माना गया कि मुस्लिम मतदाताओं का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और जहां तक बात दिल्ली में मुस्लिम मतदाताओं की है तो वो करीब 11-12 फीसदी हैं और 70 विधानसभा सीटों में से आठ तो मुस्लिम बाहुल्य हैं, वह 35 से 60 फीसद तक हैं। आम आदमी पार्टी के उदय से पहले यहां कांग्रेस जीतती रही है।

ऐसे में इस बार कांग्रेस को फिर से वापसी का प्रयास करना चाहिए था। उसे कामयाबी भी मिल सकती थी, क्योंकि 2015 और 2020 के चुनाव में कांग्रेस को शून्य सीटें मिली थी। ज्ञात हो कि यह वही कांग्रेस और आदमी पार्टी है जो 1993 के विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे को गाली देते हुए लड़े और जब लगा कि भाजपा सत्ता में आ सकती है तो दोनों एक हो गए लेकिन इनका साथ 50 दिन तक भी नहीं चला। तब कांग्रेस को 24 फीसदी से अधिक वोट मिले थे।



## राशिफल

**मेष:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रतिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रतिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रतिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मीन :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

# भारत का धर्म-दर्शन और विज्ञान का मधुफल

**हृदयनारायण दीक्षित**

सम्पूर्ण प्रकृति से आत्मीय व्यवहार श्रेष्ठ है। प्रकृति की शक्तियां सुनिश्चित नियमों में गतिशील हैं। वैदिक पूर्वजों ने इस नियम को ऋत कहा है। प्रकृति की तरह मनुष्य को भी नियमों के अनुसार चलना चाहिए। प्रकृति और मनुष्य तथा मनुष्य और सभी मनुष्यों के मध्य आचार संहिता का नाम धर्म है। ईश्वर आस्था निजी विश्वास है। धर्म में इसकी बाध्यता नहीं। कठोपनिषद् की कथा का नचिकेता युवा है। यम ने उसे सत्यधृति कहा। वह सत्यनिष्ठ है। धर्म के यथार्थवादी रूप को जानता है। धर्म सम्पूर्णता के प्रति मनुष्य का सत्यनिष्ठ आदर्श व्यवहार है। उसने यम से पूछा-जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, वह मुझे बताइए। (1.2.14) यहां धर्म लोकजीवन की आचारसंहिता है, धर्म और अधर्म की सारी कार्यवाही देश और समय के भीतर है। नचिकेता समय और देशकाल की आचार संहिता धर्म-अधर्म और भूत भविष्य से परे किसी अज्ञात तत्व सत्य का जिज्ञासु है। पूर्वजों ने उपलब्ध ज्ञान के आधार पर जीवनचर्या के नियम बनाए। इन्हें धर्म कहा गया। विज्ञान और दर्शन अंतरिक्ष का भी अनुसंधान कर रहे हैं। लेकिन पंथिक मजहबी विश्वासों में दैवी घोषणायें ही सत्य



मानी जाती हैं। भारत में धर्म और आस्था विश्वास से निरंतर वाद-विवाद और संवाद की परम्परा है। धर्म गतिशील आचार संहिता है। परमसत्ता पर भी प्रश्न और प्रति-प्रश्न हैं। यहां लोक खुलकर प्रकट होता है, धैर्य से सुनता है और प्रश्न-प्रतिप्रश्न करता है। धर्म सत्य-निष्ठ जिज्ञासु जीवनशैली है। यही सत्य है। सत्य और धर्म पर्यायवाची हैं।

धर्म स्थिर आचार संहिता नहीं है। यहां समाज की तमाम शक्तियां धर्म को भी प्रभावित करती रही हैं। वैदिक काल का धर्म आनन्द मगन करने वाला है। उत्तर वैदिक काल में तत्वज्ञान की शिखर ऊंचाइयां हैं। कुछ कर्मकाण्डों को भी चुनौती देती हैं। रामायण काल के धर्म में मर्यादा है। श्रीराम इसी मर्यादा के महानायक हैं। लेकिन महाभारत काल का धर्म अवनति में है। गीताकार ने बहुत खूबसूरत शब्द प्रयोग किया है-धर्म की ग्लानि। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-जब-जब धर्म की ग्लानि होती है, तब-तब धर्म संस्थापन के लिए अवतार होते हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण में भारी फर्क है। श्रीराम रामायण काल में प्रचलित धर्म को मजबूती देते हैं। दुख उठाकर भी मर्यादा का पालन करते हैं। वे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। लेकिन श्रीकृष्ण महाभारत काल के प्रचलित धर्म ग्लानि को चुनौती देते हैं।

वैदिक काल में मनुष्य प्रकृति के निकट है। सूर्य अस्त होते हैं, मनुष्य सो जाते हैं। ऊषा आती है, वह सबको जगाती है। वैदिक समाज के जागरण और निद्रा प्राकृतिक हैं। ऋग्वेद के समय सभा और समितियां हैं। सभा में सभ्य ही जाते हैं। सामाजिक विकास के क्रम में तमाम रूढ़ियां भी आईं। महाभारत में सभा के भीतर भी जुआ है। महाभारत काल के युधिष्ठिर धर्मराज हैं लेकिन जुए में पत्नी द्रोपदी को भी दांव पर लगाते हैं। ऋग्वेद में पत्नी पूरे परिवार की साम्राज्ञी है। महाभारत में वह वस्तु और पदार्थ है। द्रोपदी इस धर्म को चुनौती देती है। लेकिन सभा में विराजमान द्रोणाचार्य, पितामह भीष्म जैसे महानुभाव प्रचलित धर्म से ही जुड़े हैं। द्रोपदी आहत है कहती है, भरतवंश के नरेशों का धर्म निश्चय ही भ्रष्ट हो गया है। राजाओं आप लोग क्या समझते हैं? मैं धर्म के अनुसार जीती गयी हूं या नहीं। (सभापर्व 67.41-42) महाभारत काल में धर्म की ग्लानि का समय है। धर्म सबको धारण करता है। सब उसे धारण करते हैं। धर्म पालन में स्वतंत्रता है। इसलिए हरेक मनुष्य का अपना धर्म है। द्रोपदी के मन में धर्म की दूसरी कल्पना है, युधिष्ठिर और भीष्म आदि के मन में बिल्कुल दूसरी। भीष्म का उत्तर है, धर्म का स्वरूप अति सूक्ष्म होने के कारण मैं तुम्हारे प्रश्न का ठीक विवेचन नहीं कर सकता। जुआ अधर्म है, जुए के खेल में बेईमानी और भी बड़ा अधर्म है लेकिन पितामह धर्म के सूक्ष्म स्वरूप की बहानेबाजी के साथ और भी नई चालबाजी करते हैं। कहते हैं, धर्मराज युधिष्ठिर धन सम्पदा से भरी पृथ्वी त्याग सकते हैं किन्तु धर्म नहीं छोड़ सकते। इन्होंने स्वयं ही हार मान ली है। (सभा पर्व 67.47-49) भीम युधिष्ठिर के जुआ कर्म को गलत बताते हैं और कहते हैं, द्रोपदी की दुर्दशा के लिए मैं आपकी दोनों बाहें जला दूंगा। ( सभापर्व 68.9) यहां भीम युधिष्ठिर से श्रेष्ठ दिखाई पड़ते हैं।

वैदिक काल से उत्तरवैदिक काल के बीच समय का लम्बा अंतराल है। वैदिक काल में परम्परायें पुष्ट हैं। उत्तर वैदिक काल में अन्तर्विरोध हैं। यज्ञ और पूजा से लाभ-हानि की बातें भी आ गयी हैं। इसी समय दर्शन का विकास हुआ। उपनिषद् दर्शन का आकाश छूना इस समय की विशेषता है। रामायण काल का धर्म मर्यादा पालन में खिला है। वैदिक समाज ने प्रकृति की शक्तियों को माँ-पिता देवता की तरह देखा था। महाभारत के श्रीकृष्ण उसी तत्व-दर्शन के व्याख्याता हैं। वैदिक ज्ञान सनातन प्रवाह है। गीता के चौथे अध्याय की शुरुआत में श्रीकृष्ण इसी ज्ञान की समाप्ति की चर्चा करते हैं-दीर्घकाल में यही तत्व-ज्ञान नष्ट हो गया। भारत प्रकाशरत राष्ट्रीयता है और धर्म इसी राष्ट्रीयता का संविधान। धर्म नाम के इस संविधान का सतत विकास हुआ है। दर्शन विज्ञान ने इस विकास का नेतृत्व किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल को कम से कम ईसा से 7-8 हजार वर्ष पूर्व मानना चाहिए। कुछेक सूक्त इससे भी प्राचीन हो सकते हैं। काणे के अनुसार-4000-1000 ईसा पूर्व के बीच वैदिक संहिता और उपनिषद् उगे हैं। प्रमुख उपनिषदों का रचनाकाल 1500 ई.पूर्व भी हो सकता है। कुछ का ईसवी सन् के बाद भी। काणे के अनुसार-800 से 400 ईसा पूर्व के मध्य प्रमुख श्रौत सूत्र और गृह्यसूत्र रचे गये। काणे के अध्ययन विवेचन में गौतम, आपस्तंब, वोधायन आदि के धर्मसूत्र भी 600-300 ईसा पूर्व के हैं। वे गीता का रचनाकाल भी 500-200 ईसा पूर्व अनुमानित करते हैं। गीता महाभारत का ही हिस्सा है। चिंतन और तर्क-प्रतितर्क की जीवनशैली के विकास में विपुल ज्ञान भंडार की भूमिका है। रामायण और महाभारत ने अपने ढंग से लोक को प्रभावित किया है। **– लेखक उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# 18 को विधानसभा का घेराव करेंगी कांग्रेस

**सरकार की हर नाकामी से पर्दा उठाने के लिए कांग्रेसी सड़क पर उतरकर करेंगे संघर्ष**



**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश की जनता योगी सरकार के कुशासन से त्राहि-त्राहि कर रही है। सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और अपनी नाकामी छुपाने के लिए सिर्फ धार्मिक तुष्टिकरण की नीति अपना रही है।

आम जनमानस की हर समस्या का केवल एक जवाब है योगी सरकार के पास हिंदू मुसलमान। आए दिन कोई ना कोई धार्मिक उन्माद फैलाने वाला एजेंडा सेट किया जाता है ।ताकि सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डाल सके। कांग्रेस जिला अध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने प्रेस वार्ता में कहा सरकार को जनता की आवाज सुनने के लिए। हम 18 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करेंगे और इस सोती सरकार से जवाब मांगेंगे। श्री लोधी ने कहा चंद गुजराती कंपनियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी बिजली कंपनियों का निजीकरण किया जा रहा है। यह बात आइने की तरह साफ है कि निजीकरण की वजह से बिजली की दरें बहुत बढ़ जायेंगी और अंत में नुकसान आम उपभोक्ताओं का ही उठाना होगा। विदित है कि आगरा और ग्रेटर नोएडा में बिजली का निजीकरण बुरी तरीके से असफल हो चुका है। फायदा निजी कंपनियों को हो रहा है। सिर्फ और सिर्फ गुजराती कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए, सरकार सारा कुचक्र रच रही है। प्रदेश के अन्नदाता किसानों के साथ भाजपा सरकार ने सौतेला व्यवहार किया। अभी बुवाई के समय डीएपी की किल्लत पैदा की गई और फिर उसकी कालाबाजारी हुई। रामकिशुन मिश्रा कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने कहाँ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बहुत कम है। बेरोजगारी चरम पर है और सरकारी भर्तियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। जिले के अस्पतालों को दिखावे के लिए मेडिकल कॉलेज में तब्दील कर दिया गया है। मगर सुविधाओ में कोई विस्तार नहीं किया गया है। कानून व्यवस्था पर श्री लोधी ने बोला उत्तर प्रदेश जंगल राज में परिवर्तित हो गया है। अपराधी बेखौफ होकर जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे है। ठंड शुरू हो गई है और अभी तक प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मोजे और स्वेटर नहीं मिले है और इन अनगिनत समस्याओं का योगी सरकार रोज कोई ना कोई ऐसा मुद्दा छेड़ दिया जाता है जिससे सामाजिक ताना- बाना कमजोर हो, सामाजिक विद्वेष बढ़े। प्रेस वार्ता में तुलसीदास लोधी जिलाअध्यक्ष कांग्रेस, राम किशुन मिश्रा पूर्व जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, अली अख्तर एन एस यू आई व शिवनारायण व्यास आदि उपस्थित रहे।

## महिला की संदिग्ध मौत



**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को ले गए। कोतवाली के सरसई गांव निवासी कल्लू पुत्र बाबूराम रैकवार ने बताया कि पनवाड़ी थाने के नैकपुरा मोहल्ला निवासी 58 वर्षीय उसकी बुआ रामदेवी पत्नी संतोष डेढ़ माह से बीमार चल रही थी। वह अपनी बुआ को चार दिन पहले ही गांव लेकर आया था। बताया कि शनिवार की दोपहर उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में एंबुलेंस से सीएचसी ले गए। जहां डॉ चंद्रशेखर सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी बुआ को कोई संतान नहीं थी। उनके फूफा मजदूरी करते हैं। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए।

# एसपी ने थाना कुलपहाड़ की चौकी बेलाताल का किया औचक निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्र की चौकी बेलाताल का सुरक्षा के दृष्टिगत भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया गया है। इस दौरान वहां स्थापित भोजनालय/मेस, भवन, कार्यालय, आरटी सेट, बैरक, माल मुकदमाती वाहनों की स्थिति, चौकी में नियतन के सापेक्ष नियुक्त पुलिसकर्मियों की जनशक्ति से सम्बन्धित विवरण सहित चौकी में साफ-सफाई का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा चौकी परिसर में साफ-सफाई का स्तर बनाए रखने के निर्देशों के साथ ही चौकी परिसर में खडे माल मुकदमाती वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से खडे कराये जाने एवं सभी वाहनों में सम्बन्धित मुकदमें का स्पष्ट अंकन



कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही मुकदमाती मालों के निस्तारण के सम्बन्ध मे जारी स्क्कके अनुसार जल्द निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे परिसर को साफ सुथरा रखा जा सके।

इसी क्रम में चौकी प्रभारी बेलाताल को शासन की मंशानुरुप अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत प्रचलित अभियानों के अनुपालन में प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये गये हैं एवं अपराध नियंत्रण हेतु कस्बा क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर अराजकतत्वों पर पैनी नजर रख उनकी गतिविधियों के आधार पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पीआरओ अरविन्द सिंह गौर, चौकी प्रभारी बेलाताल उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### यज्ञ में भक्तों की उमड़ी भीड़

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बा कुरारा में चल रही यज्ञ में रासलीला व मेला में महिलाओ की भारी भीड़ उमड़ रही है। तथा यज्ञ वेदी में अनवरत हवन पूजन का कार्यकम चल रहा है। श्रद्धालू यज्ञ के वेदी के परिक्रमा कर रहे है। देर शाम व सुबह भक्त गण यज्ञ वेदी के परिक्रमा कर आरती व प्रसाद ले रहे है। यज्ञ मेला में महिलाएं व बच्चे झूला आदि में आनंद ले रहे है। रास लीला में भगवान श्री कृष्ण की मनोरम लीलाओं का मंचन दोपहर में व रात्रि बेला में किया जा रहा है। जिसमे भक्तो की भीड़ रहती है।

### फैक्ट्री के बाहर खड़े ट्रक में चालक की मौत, दोपहर में हुआ था सीने में दर्द

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में स्थित हिंदुस्तान यूनिलीवर फैक्ट्री के बाहर खड़े एक ट्रक में चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजस्थान के जयपुर के पास किशनगढ़ निवासी 32 वर्षीय बलजीत हिंदुस्तान यूनिलीवर फैक्ट्री माल लेकर आया था। सुबह उसने फैक्ट्री के गेट नंबर 6 के बाहर ट्रक खड़ा किया और प्रवेश के लिए नंबर का इंतजार करने लगा। ट्रक खलासी रामदेव के मुताबिक, दोपहर के समय बलजीत को सीने में दर्द हुआ। उसने पास के मेडिकल स्टोर से दवा ली और ट्रक में आकर सो गया। शाम तक जब वह नहीं जागा, तो रामदेव ने उसे उठाने की कोशिश की। सफलता न मिलने पर उसने अन्य ट्रक चालकों और फैक्ट्री के सुरक्षा गार्डों को सूचना दी। सुरक्षा गार्डों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस बुलवाई और बलजीत को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर जांचप्रारंभ कर दी है।

### 43 जोड़ों ने लिये फेरे, तो पांच ने पढ़ी निकाह





**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** तहसील मुख्यालय पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नव युगल जोड़ो ने सात फेरे लिये, इस अवसर पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बज रहे मंगल गीतों से समूचा पांडाल गुलजार रहा।समारोह में पयागपुर के 16 विशेश्वरगंज के 16 व हुजूरपुर के 5 नव युगल जोड़ो ने रजिस्ट्रेशन के उपरांत समारोह में शामिल होकर शादियां की।समारोह में अल्पसंख्यक वर्ग के 5 जोड़े का निकाह सम्पन्न करवाया गया। समारोह में बैंड बाजा, सेल्फी प्वाइंट एवं महमानों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था की गई।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी नें नव युगलजोड़ो को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। श्री त्रिपाठी ने उन्हें जरूरत का सामान भी उपलब्ध कराया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अरुन सिंह उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार, खंड विकास अधिकारी पयागपुर दीपेंद्र पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी हुजूरपुर अनुभव श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज सर्वेश कुमार त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा,एडीओ पंचायत तेज नारायण राव,दिनेश चन्द्र ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बेटियां अब बोझ नहीं है,सरकार बेटी के पैदा होने से लेकर शादी तक का पूरा खर्च वहन कर रही है।इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से आशीर्वाद एवं उपहार पाकर नव युगलों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला पोषण भी पढ़ाई भी का समापन

**रेहरा बाजार /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** आईसीडीएस विभाग के तत्वावधान में रेहरा बाजार, परियोजना के तहत चयनित 100 आंगनवाड़ी केंद्रों की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने और आंगनवाड़ियों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु कार्यकत्रियों की क्षमताओं का विकास करना था ,साथ ही साथ ढ्ढष्टष्ठस्- विभाग के द्वारा प्रदान किए जाने वाले समस्त सेवाओ के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया द्य जिसके अंतर्गत कार्यक्रम का समापन दिनाँक 13.12.2024 को CDPO रेहरा बाजार डॉ संदीप कुमार के द्वारा किया गया। और प्रशिक्षण के समापन दिवस मे जिले के चार ब्लाको के बाल विकास परियोजना अधिकारी बलरामपुर देहात से संजय सिंह,हरैया सतघरवा से राकेश चौरसिया, उतरौला से आशोक चौहान और गैसडी से अजय कुमार नायक उपस्थित रहे। बलरामपुर देहात के बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय सिंह के द्वारा तिरंगा आहार व चतुरंगा आहार और सुमन के माध्यम से हाथ धोने के बारे मे बताया गया।गैसडी के बाल विकास परियोजना अधिकारी अजय कुमार नायक के द्वारा कुपोषण निवारण के वारे मे बताया गया तथा हर्रैया सतघरवा के बाल विकास परियोजना अधिकारी राकेश चौरसिया के द्वारा अंगानबाडी कार्यकत्रियो का मनोबल बढाने के लिए एक चेतना गीत गाया गया। इसके बाद बाल विकास परियोजना अधिकारी रेहरा बाजार संदीप कुमार ने PMMVY, पोषण ट्रैकर, शाला पूर्व शिक्षा,आधारशिला और नवचेतना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।पानी संस्थान से ब्लाक समन्वयक जया श्रीवास्तव ओर सभी क्षेत्र समन्वयक ने बुनियाद परियोजना के अंतर्गत चल रहे ई.सी.सी.ई. कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए गतिविधियों का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ संदीप कुमार, संजय सिंह, राकेश चौरसिया ,आशोक चौहान, अजय कुमार नायक और पानी संस्थान से ब्लॉक समन्वयक जया श्रीवास्तव मुख्य सेविका प्रतिमा द्विवेदी, नीलम देवी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गरीबों को शीत लहर से बचाने के लिए जले एक दर्जन अलाव

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

गरीबों को शीत लहर से बचाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा अलाव का संचालन शुरू किया है जिसमें फिलहाल करीब एक दर्जन स्थलों पर अलाव शुरू किए गए है। शीत लहर के शुरू होते ही जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी के निर्देश पर सभी निकायों द्वारा अलाव का संचालन प्रारम्भ कर दिया है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद चरखारी द्वारा फिलहाल 11 स्थलों में अलाव शुरू किया है। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बा में समुचित मांग के अनुसार अलाव का संचालन किया जाता है लेकिन अलाव के लिए लकड़ी की आपूर्ति के लिए डाले गए कुटेशन में एक ठेकेदार द्वारा फॉड करते हुए 270 रु. प्रति कुन्तल की दर



से कुटेशन डाल दिया गया था और न्यूनतम कुटेशन डाले जाने के बाद जब कुटेशनदाता से सम्पर्क करना चाहा तो उसका कोई पता नहीं चल सका और लकड़ी आपूर्ति का कार्य बाधित हो गया। अधिशाषी अधिकारी अमरजीत ने बताया कि शीत लहर को देखते हुए कुटेशन प्रक्रिया पूरी होने तक कुछ चयनिसत स्थलों पर अलाव का संचालन किया गय है तथा कुटैशन प्रक्रिया पूर्ण होने पर अन्य स्थलों का चयन भी किया जाएगा। करीब एक दर्जन पर अलाव संचालन से गरीबों ने राहत की सांस ली है।

# जनपदस्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित

**शहर के राजकीय इंटर कॉलेज महोबा में जिले भर से दर्जनों स्कूलों से छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय इंटर कॉलेज महोबा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के आदेश अनुसार जिला विज्ञान क्लब, महोबा द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जयप्रकाश अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा,विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा गिरधारीलाल कोली,



प्रभारी प्राचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज महोबा, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज महोबा, देवेन्द्र कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

निर्णायक मंडल में शसंजीव कुमार द्विवेदी, विवेक जड़िया, नितिन कुमार, डॉ. रामकिशोर रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो सांत्वना पुरस्कार क्रमशः 5000, 3000, 2000, 1000, 1000 रुपये की पुरस्कार, स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जतिन गुप्ता कक्षा 11 सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चरखारी, द्वितीय स्थान लकी कक्षा 9 सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा, तृतीय स्थान अभय कुमार कक्षा 12 राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, चतुर्थ स्थान शांतनु कुशवाहा कक्षा 9 सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा, पंचम स्थान प्रज्ञा कक्षा 9 राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का सफ़ल संचालन राजकिशोर प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज महोबा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे दिलीप कुमार प्रवक्ता व प्रभारी जिला विज्ञान क्लब महोबा ने छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जागरूकता के लिए प्रेरित किया। साथ ही आये हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, छात्र एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जगदेव वर्मा, डॉ. राजकुमार, रामदीन सोनी, हरचरण राजपूत, रामसिंह, ऋतु गुप्ता, जयेन्द्र, ओम प्रकाश, द्रगेन्द्र, नरेंद्र सैनी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# 118 जोड़े हुए एक दूजे के

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**

नगर के मूसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें घाटमपुर ब्लॉक, व पतारा ब्लॉक के अलावा नगर क्षेत्र के जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

इस दौरान मौके पर उपस्थित घाटमपुर विधायक ने नए जीवन में प्रवेश कर रहे वर वधु को उपहार देकर आशीर्वाद प्रदान किया। शनिवार को घाटमपुर के कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय में हुए सामूहिक विवाह समारोह में 118 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिन्हें विवाह योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले उपहार प्रदान किए गए। इस दौरान मौके पर सैकड़ो की भीड़ उपस्थित रही। घाटमपुर क्षेत्र के 215 आवेदनों में 136 जोड़ों का चयन सामूहिक विवाह के लिए किया गया था। जिसमें 105 जोड़ों का विवाह शनिवार को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में घाटमपुर एवं पतारा खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि के अलावा ब्लाक प्रमुख पतारा कोमल सिंह, एडीओ पंचायत के अलावा सैकड़ो लोग मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ मे बीडीओ चंद्रमणि ने विधायक सरोज कुरील को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने नए जीवन में प्रवेश कर रहे वर वधु को उपहार देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर कई संगठनो के ह्यपदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही पतारा विकासखंड के अंतर्गत कुल आवेदक 67 हुए। जिसमें 56 जोड़े एक दूजे के हुए। जिसमें एस सी 48, ओबीसी 7, मुस्लिम 1, वही घाटमपुर विकासखंड के अंतर्गत 60 लोगों का पंजीकरण किया गया।जिसमें एसी 46, ओबीसी 8, मुस्लिम 01, कुल 55 जोड़े एक दूजे के हुए। वही कस्बा घाटमपुर नगर पालिका में 7 आवेदन पंजीकृत हुए।जिसमें 7 जोड़े एक दूजे के हुए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि,पतारा ब्लॉक प्रमुख पति अजय सिंह सेगर, घाटमपुर ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह राजावत, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गजाला, तबस्सुम ,ए डी ओ पंचायत घाटमपुर विनोद कुमार झा, ए डी ओ पंचायत पतारा विनय बाजपेई, मुख्य लेखाकर कपिल बाबू, नगर पालिका परिषद के ई ओ महेंद्र कुमार, पालिका अध्यक्ष पति अब्दुल अहद, ग्राम पंचायत अधिकारीयों मे शैलेंद्र गोस्वामी, शैलेंद्र कुमार, आजेंद्र तिवारी, पंकज पांडे, ओम नारायण, पंकज सचान, अमित कटियार, सुभाष वर्मा, दिव्यांशु पांडेय, अमित कुमार, आलोक कुमार, रामनरेश पटेल साहित आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक पलटा चालक बाल-बाल बचा




**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को मल्हौवा रोड पर मौरंग से भरा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान चालक बाल बच गया। कानपुर देहात के रनिया गांव निवासी चालक अजय ने बताया कि वह जनपद झांसी के मोती कटरा की खदान से ट्रक में मौरंग भरकर ला रहे थे। तभी मल्हौवा रोड पर स्थित नगर पालिका के कचरा घर के पास ट्रक ओवरलोड होने से अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते समय वह बाल बाल बच गया। बताया कि ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रक में भरी मौरंग नाले बह गई है।

# एसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**समाधान दिवस में चार वाद हुए दर्ज, दो का मौके पर किया निस्तारण**

**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**

आज थाना परिसर मे आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक पलाश बंशल ने की नायव तहसीलदार अभिषेक मिश्रा एव थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाव त्रिपाठी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस मे पुलिस अधीक्षक पलाश वंशल के समक्ष कृषको द्वारा चार वादो को दर्ज किया गया पुलिस अधीक्षक ने दो वादो का मौके पर निस्तरण कर दोनो पक्षो को सन्तुष्ट किया शेष वादो के लिए राजस्व टीम के साथ पुलिस को भेज मौके पर जाकर निरीक्षण कर निष्पक्ष निस्तारण करने के आदेश दिये पुलिस अधीक्षक पलाश वंशल ने अधीनिस्त





कर्मी को निर्दिशित करते हुए कहा कि दोनो पक्षो के वादो को निस्तारण करते समय ध्यान रखा जाये कि उपरोक्त दोनो पक्ष निस्तारण से सन्तुष्ट रहे। इस मौके पर क्षेत्र के लेखपाल वृजेन्द्र पाल शिवकरन कुशवाहा नीतेनद्र पटेल हरवंश राजपूत समीक्षा राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितयों में विवाहिता की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत गई मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा मराठीपुरा चर्च कंपाउंड के पास सुनीता (34) पत्नी प्रदीप कुमार शनिवार की सुबह अचानक हालत बिगड़ जाने पर परिजन सरकारी अस्पताल लेकर पहुँचे चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया मृतका के दो बच्चे हैं रोने बिलखने लगे यह देख लोगो की भीड़ इकट्ठा होने लगी मृतका के पति प्रदीप कुमार ने बताया की सुबह ठंड



लग जाने पर मेडिकल से दवा लेकर दिया और अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया सच्चाई की जानकारी के लिए पोस्टमार्टम की मांग की गई है रिपोर्ट आने पर वास्तविकता की जानकारी हो सकेगी वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक रजत रंजन तिवारी ने बताया कि परिजन मृत अवस्था में लेकर आये है पीएम रिपोर्ट आने बाद सच्चाई की जानकारी हो सकती है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी पक्ष से तहरीर अभी तक प्राप्त नहीं हुई है पीएम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर** .क्षेत्र की एक किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया परिजनों ने आनंन.फानन में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सढा गांव निवासी लक्ष्मी पुत्री अनिल कुमार शनिवार की सुबह घर में रखा मच्छरों से बचाव हेतु लगाने वाला तेल पी लिया जिससे हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनंन.फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहा प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# जलजीवन मिशन से खोदी गयी सड़क में रोजाना फंसते हैं वाहन, ग्रामीणों की समस्या कोई सुनने वाला नहीं

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में नमामि गंगे द्वारा खोदी गई रोड में ट्रैक्टर

व थ्रेशर गड्ढे में फंस गया। जिसको निकालने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। क्षेत्र के झलोखर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ललित मोहन शिवहरे ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना से गांव में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमे गांव के रास्ते में गड्ढे हो गए है। जिससे लोगो को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। दोपहर में एक ट्रैक्टर थ्रेसर लेकर रास्ते से निकल रहा था। जो



कि पाइप लाइन के गड्ढे में बुरी तरह फंस गया। जिसको निकालने के प्रयास में गहरा गड्ढा हो गया है। पाइप लाइन डालने के बाद इनकी मरम्मत न किए जाने से रास्ते खराब हो रहे है। जिससे वाहन निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में कई मर्तवा ठेकेदार से कहा गया मगर उसने कोई ध्यान नही दे रहा है रोजाना वाहन फंसते है लोग चुटहिल होते है मगर ग्रामीणों की समस्याओं पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है इस मामले में कई मर्तवा उच्चाधिकारियों से अवगत कराया गया मगर कोई किसी की नही सुनने वाला नही है। यह तो एक बानगी है इसी प्रकार की समस्या पूरे जिले मेंए न ही पानी आ रहा है न ही गलियों की मरम्मत करायी जा रही है,मगर कागजों में सब कुछ सही चल रहा है। ग्रामीणों ने आन्दोलन का मन बना लिया है।

# आग की दो घटनाओं में दो लाख का नुकसान

**मौदहा-हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर सहित दो स्थानों पर आग की घटनाओं से तकरीबन दो लाख के आसपास की क्षति बतायी जाती है।फायर ब्रिगेड ने तत्परता से कस्बा स्थित एक हेयर कटिंग की दुकान में आग बुझाने में कड़ी में शक्कत की। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के भठुरी गाँव में लगी आग से दो परिवारों के एक.एक मकान व छप्पर जलने से करीब एक लाख का नुकसान बताया जाता है।

घटनाक्रम के अनुसार देर रात कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट दुर्गापुरी स्थित जितेंद्र की हेयर



कटिंग की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पर वहां आनंन-फानन पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझानेमें मुहल्ले के लोंगों के साथ खासी मशक्कत की। आज से करीब एक लाख के आसपास नुकसान हुआ है।

उधर सिसोलर थाना क्षेत्र के भठुरी गांव में चूल्हे की चिंगारी से प्रहलाद यादव के छप्पर में आग लग गई। यह आज उसे समय लगी जब पूरा परिवार सो रहा था आग लगने से हुए शोर शराबे से परिवार वाले घर से बाहर आए। लेकिन वह अपने रसोई घर का खाने.पीने का सामान व कपड़े तथा गृहस्ती की अन्य चीजे नहीं निकल सके।आज इतनी तेज थी कि उसने पड़ोसी प्रमोद विश्वकर्मा का एक मकान वह छप्पर जलकर राख कर दिया। उसकी गृहस्थी हुआ भूसा भी जल गया।पीड़ितों ने बताया कि उन दोनों का मिला कर तकरीबन पचास पचास हजार की क्षति का आकलन किया है।

# आठ जोड़ों ने परिणयसूत्र में बंधकर नये जीवन की शुरुआत की

**बुंदेलखंड किसान समिति द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित**

**मौदहा (हमीरपु), समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को नेशनल इंटर कालेज के ग्राउंड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका आयोजन बुंदेलखंड किसान सेवा समिति द्वारा किया गया। विवाह कार्यक्रम में 8 जोड़े वर.वधू परिणय सूत्र में बंधे। नेशनल कालेज के




ग्राउंड में वर वधू ने मंडप के फेरे लगाकर रीति रिवाज के साथ परिणय बंधन में बंधकर नये जीवन की शुरुआत की है।

सामूहिक विवाह में 8 जोड़ों ने साथ जीने मरने की कसमें खाकर शादीशुदा जिंदगी की शुरुआत की।जिसमे शिव दुलारी पुत्री लल्लू राम निवासी परछठ, व शिवकुमार पुत्र राम सजीवन बड़ा गांव का कदौरा जालौन काजल पुत्री बिंदा निवासी परछछ, व विनय अनुरागी पुत्र विशाल रिवाई सुनैचा, नव्या पुत्री राजू निवासी मकरांव व अनिल कुमार पुत्र सुखदेव कुशवाहा मकरांवए हीरावती पुत्री पेशकार इटोरा जिला जालौन व भवानीदीन यादव पुत्र घसीटे गौहानी जिला छतरपुर, राम जानकी पुत्री दयाराम सुरौली बुजुर्ग व मिथुन रतीराम छोटा कछार सुरौली बुजुर्ग सरिता पुत्री सुर्जन निवासी मदारपुर व अरुण कुमार पुत्र मूलचंद हुसैनगंज मौदहा सविता पुत्री सुर्जन निवासी मदारपुर सुशील कुमार पुत्र रामस्वरूप नधेरा जिला जालौन सहित प्रियंका पुत्री संजय चौरसिया निवासी फतेहपुर जगदीश चौरसिया निवासी शीतलपुर परिणय सूत्र बंधन में बंधे। वर.वधू को आशीर्वाद देने के लिए दोनों पक्ष के परिजन के अलावा काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।आयोजक कमेटी ने वर.वधू को दहेज में फ्रिज कूलर वाशिंग मसीन अलमारी वस्त्र बर्तन व पायल अंगूठी आदि देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना के साथ विदा किया। इस अवसर पर समिति के गोपाल जी सोनीए मोनू सोनी सुमेरपुर रिंकू गुप्ता आदि लोगों ने परिवार के कन्याओं की शादी के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही।

# झील व जंगल बचेंगे तभी बचेगा जीवनः संजय कुमार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बाराबंकी की बायोडायवर्सिटी पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इसका उद्घाटन यूपीपीसीएफ के एमडी संजय कुमार ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सुरक्षित मानव जीवन के लिए झील, तालाब, नदी, पेड़ पौधे व जंगल का रहना जरूरी है। इनके अस्तित्व पर संकट से मानव जीवन संकट में पड़ सकता है 20 से 25 साल पहले विश्व में आठ और भारत में गिद्ध की पांच प्रजाति पाई जाती थी। यह अब 99 प्रतिशत तक गायब हो चुके हैं। इसकी वजह पशुओं को ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन दिया जाना कई रिसर्च में सामने आया है। जिन मवेशियों को यह इंजेक्शन दिया गया और जब कभी उनकी मौत हुई और गिद्ध ने उनको खाया तो इनको भी पेट का कैंसर हो गया। ऐसे ही प्लास्टिक के प्रयोग से हमारा ईको सिस्टम बिगड़ रहा है। ऐसे ही आबादी बढ़ने के साथ पानी की डिमांड बढ़ रही है और ऐसे में पानी को नहीं बचाया गया तो आने वाले समय में लोगो को पीने के लिए पानी मिलना मुश्किल होगा! उन्होंने प्रदर्शन देखने आए सैकड़ों छात्र छात्राओं से कहा कि वो जैव विविधता को समझे और उनको सुरक्षित रखना अपनी जिम्मेदारी समझें। उन्होने कहा कि बाराबंकी के वेटलैंड कितने समृद्ध हैं ये वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफ्र व सचिवालय सेवा के अधिकारी नवीन बनौधा की ओर से लगाई गई इस प्रदर्शनी को देखने

**बाराबंकी में पहली बार वेटलैंड्स के प्राकृतिक वास की फोटो प्रदर्शनी आयोजित**



से साफ पता चल जाता है। उन्होंने कहा कि यहां के वेटलैंड्स को संरक्षित करके उनको दर्शकों, बर्ड वाचर, शोधार्थियों, पर्यटकों, फोटोग्राफ्र आदि के लिए ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है। राजधानी लखनऊ के नजदीक होने के कारण पर्यटक यहां जुड़ेंगे तो आसपास के गांव के लोगों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। विशेष अतिथि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, सीडीओ सुदन जॉइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी बीएस, संतोष देव पांडे, एसडीओ वन वरुण सिंह मौजूद रहे। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफ्र नवीन बनौधा ने बताया गया कि इस फोटो प्रदर्शनी से जन जागरुकता फैलेगी। नागरिकों में वेटलैंड्स के पर्यावरणीय लाभ की जानकारी साझा होगी। बनौधा ने बताया कि इस कार्यक्रम को करने की प्रेरणा के पीछे जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार का प्रकृति संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण है। उनके कारण ही इस प्रदर्शनी का आयोजन हो सका। यह भी बताया कि बाराबंकी में 400 से अधिक वेटलैंड्स है। इनमें से 12 वेटलैंड को अधिसूचित करने की कार्रवाई साल 2018 से चल रही है। इस जिले के वेटलैंड्स बहुत समृद्ध है और यहां पर 50 हेक्टेयर से बड़े 30 से ज्यादा वेटलैंड है। जिसमें प्रमुख रूप से सराय बरई, लटकनिया, किरकिच्ची झील, भगहर झील, सगरा झील, सराही झील, बैनाटीकाहार, नवा, सलारपुर वेटलैंड प्रमुख है।

बाराबंकी की आबोहवा और यहां के वेटलैंड्स की समृद्धता के कारण ही हजारों वर्षों से प्रवासी पक्षी यहां प्रवास करते हैं। इस प्रदर्शनी में लगभग 222 फ़ोटो प्रदर्शित की गई जिसमें 180 से ज्यादा स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों, 20 प्रकार की तितलियों और 15 प्रकार के जंगली जानवरों व सरीसृपों को सम्मिलित किया गया। नवीन बनौधा द्वारा बाराबंकी के वेटलैंड और पक्षियों की फोटो का वर्ष 2025 के कैलेंडर का विमोचन भी संजय कुमार एमडी यूपीपीसीएफ व जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार तथा अन्य विशेष अतिथियों की उपस्थिति में किया गया।

# थाना समाधान दिवस में आई सात शिकायत, दो निस्तारित



**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव की अध्यक्षता में सुबेहा थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव ने क्षेत्र से फरियाद लेकर आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी निस्तारण करने का आश्वाशन दिया। इस समाधान दिवस के दौरान कुल 7 शिकायत आई जिसमें से दो शिकायत मौके पर निस्तारित कर दी गई बाकी शिकायत के निस्तारण के लिए टीम गठित कर रवाना कर दी गई। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक उमेश चंद शाहू, उपनिरीक्षक प्रभु नाथ यादव, संतोष सिंह, लेखपाल प्रणव कुमार शुक्ला, हेमंत कुमार, शनिकांत एसहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## 50 उद्यमियों को पॉवर हैंडलूम वितरित

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे में मोहल्ला वसी नगर स्थित हाजी असगर मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री पावर हैंडलूम योजना के अंतर्गत 50 हैंडलूम का वितरण किया गया। नगर पंचायत जैदपुर के लगभग 25 बुनकरों को इस योजना का लाभ दिया गयाए जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार पावर हैंडलूम प्राप्त करने वाले बुनकरों ने सरकार की इस पहल की सराहना की। अंसार हैंडलूम के अध्यक्ष जफ्र अंसारी ने बताया कि यह योजना बुनकरों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके रोजगार को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना का संचालन भविष्य में भी जारी रहेगा। इस अवसर पर अंसार हैंडलूम के अध्यक्ष जफ्र अंसारीए नफीस अंसारीए मुत्तालिफ़अंसारीए और जफरुद्दीन उर्फ बाबा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। बुनकरों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

# एसडीएम ने निराश्रित दिव्यांगों को बांटे कम्बल



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बढ़ रही ठंड को देखते हुए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने कोटवाधाम अरियामऊ के निराश्रित विधवाओंएबृद्ध दिब्यागो गरीबों को लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा की शिनाख्त पर 30 लोगो को कम्बल वितरित किया है। कम्बल पाकर गरीब निराश्रित विधवाओं के चेहरे खिल उठे। शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा की शिनाख्त पर अरियामऊ कोटवा धाम, तहसीपुर के असंहाय विधवा दिव्यांग एंव बृद्व जनों को कोटवाधाम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने कम्बल वितरित किया। इस मौके पर बृजेश कुमार रावत एडवोकेट, राम आशीष अमित यादव आदि मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रही ठंड को देखते हुए लेखपालों के माध्यम से गांव.गांव कंबल का वितरण करवाया जा रहा है।

जहां कहीं गरीब निराश्रित व्यक्ति दिखाई पड़ते हैं उनको भी कंबल दिया जा रहा है।

## कल लगेगा प्रधानमंत्री श्रम मानधन का शिविर

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों को पेंशन लाभ देने हेतु चलाई जा रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना व व्यापारियों हेतु एन पी एस.ट्रेडर्स योजना तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार तथा पंजीयन हेतु एक कैंप का आयोजन श्रम विभाग बाराबंकी द्वारा धनोखर चौराहे पर दिनांक 16 दिसम्बर से किया जाएगा।

अतः सभी श्रमिकों व व्यापारियों से अपील की जाती है कि वह शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और अपना पंजीयन कारण जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ उनको प्राप्त हो सके।

# शिक्षा वंचित बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए हुए प्रशिक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय स्कूलों में आउट आफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय सिरौलीगौसपुर में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का समापन किया गया। शनिवार को प्रिशिक्षक आशुतोष आनंद अवस्थी ने कहा कि पारिवारिक दिक्कत या फ्रि किसी कारणवश तमाम बच्चे बीच में शिक्षा छोड़ देते हैं। ऐसे में आउट आफ स्कूल ;7 से 14 वर्ष के बच्चों को फ्रि से शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर शासन पूरी तरह से गंभीर है। ऐसे बच्चे चिह्नित किए गए हैं जिन्होंने एक.दो वर्ष बाद या फ्रि कक्षा पांच-छह में पहुंचने के बाद विद्यालय से किनारा कर लिया था। इनके अभिभावकों को प्रेरित कर फ्रि से इनका नामांकन नजदीकी परिषदीय स्कूलों में कराया गया। इन बच्चों को अन्य बच्चों के सापेक्ष तैयार करने के लिए शासन ने अलग के विशेष प्रशिक्षण देने की योजना शुरू की है। सिरौलीगौसपुर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रशिक्षक आशुतोष आनंद अवस्थी, विकास जायसवाल, अंकित जयसवाल के द्वारा परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रशिक्षण दिया। बच्चों को किस तरीके से पढ़ाया जा सकता है उसके बारे में बताया गया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, मोहम्मद शफी, आंनद सिंह, संगीता तिवारी, बबीता यादव, सूर्य कांत यादव, छोटेलाल, अमित वर्मा, अजीज अंसारी सहित तमाम प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

## ठेकेदार से आम जनता परेशान, की शिकायत

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर मे ठेकेदार की मनमानी से आम जनता परेशान। जैदपुर के वार्ड रईस कटरा में पिछले 2 महीने से एक आरसीसी रोड बन रही अभी तक कार्य पूरा हुआ। जिससे नाराज सभासद ताहिर अंसारी ने पोर्टल के माध्यम से शिकायत की है। बताते चलें कि ठेकेदार विनय कुमार ने उसको छोड़ कर दूसरी जगह काम करना सुरु कर देने से नाली पर दर्जनों पत्थरो को रखना भूल गये। जब की एक सप्ताह पहले ही काम बंद हो गया है। आगे सभासद ताहिर अंसारी आरोप लगाते हुये कहते हैं। सीसी रोड भी मानक के विहीन बनी है। नगर पंचायत जैदपुर के अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा सीसी रोड में सिर्फ खाना पूर्ति में लगे हुये है। जेई नगर पंचायत जैदपुर मे कब आते हैं ओर इस सीसी रोड की सही जांच करते हैं जबकि सीसी रोड निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग होने से वार्ड वासी असंतुष्ट है। सभासद ताहिर अंसारी भी ऐसी घटिया सामग्री से नाराज नजर आयें और सभासद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस की शिकायत करने को कहा है प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त अभियान का सपना कैसे पूरा होगा। सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं ठेकेदार व अधिकारी। फ्रि भी आलाधिकारियों सहित जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुये है। इस संबंध में ईओ अलोक वर्मा ने बताया कि हमें जानकारी नहीं है। यदि ऐसा कुछ है तो जांच कराकर कार्यवाही भी की जायेगी।

# खबरें एक नजर में

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ.सुल्तानपुर हाइवे पर ग्राम्यांचल महाविद्यालय के निकट शुक्रवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की जहां मौत हो गई वहीं उसका साथी घायल हो गया। कोतवाली हैदरगढ़ के ही बम्हरौली गांव निवासी दुर्गेश कुमार 27 वर्ष अपने साथी बहादुरपुर के अखंड प्रताप सिंह के साथ बाइक से निमंत्रण में जा रहा था। लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर ग्राम्यांचल महाविद्यालय के समीप कट पर मोटरसाइकिल ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना के बाद बाइक सवार दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया। यहां डाक्टरों ने दुर्गेश कुमार को मृतक घोषित कर दिया। उसके घायल साथी अखंड प्रताप सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

## थानाध्यक्ष ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएँ

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस कोतवाली बदोसरांय परिसर में थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें कुल 9 शिकायतें आयी 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर भेजी गई है। शनिवार को थाना कोतवाली बदोसरांय परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें कुल9 शिकायतें आयी 2 पुलिस व राजस्व से सम्बन्धित मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है। शेष मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर भेजी गई है। दिवस में एसएसआई विष्णु कुमार शर्मा, विनय कुमार वर्मा, रवि सरोज आदि राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## किशोरी के साथ छेड़खानी करने पर मां ने की शिकायत

**कालपी,जालौन।** गांव में रात को आयोजित हो रहे तिलक समारोह में शामिल 11 वर्षीया किशोरी को बहला फुसलाकर कर खेतों में ले जाकर बुरी नियत से हरकत करने के मामले को लेकर पीड़िता की मां के द्वारा कालपी कोतवाली में शिकायत की गई है। स्थानीय कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए पीड़ित मां बताया कि प्रार्थनी के गांव उरकरा कला में तिलक समारोह कार्यक्रम चल रहा था जिसमें हम लोग मौजूद थे। इसी दौरान रात 11 बजे प्रार्थनी की 11 वर्षीया पुत्री को गांव के ही एक आरोपी युवक शिवेंद्र सिंह ने पैसे का लालच देकर बुरी नियत से खेतों में ले गया।

## कैलिया पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

**कोंच,जालौन।** थाना कैलिया पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम पचीपुरा खुर्द स्थित एक घर में दबिश देकर वारंटी चल रहे रणवीर सिंह पुत्र बालकिशुन को पकड़ लिया। वहीं थाना नदीगाँव पुलिस ने ग्राम कैमरा निवासी वारंटी लालता प्रसाद पुत्र मुरलीधर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दोनों वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया। उक्त दोनों के विरुद्ध संबंधित थानों में गत समय पूर्व मामला दर्ज कराया गया था जिसमें होने वाली तारीखों पर गैरहाजिर रहने के चलते न्यायालय द्वारा दोनों के विरुद्ध वारंट जारी किया गया था।

## घर जा रहे युवक से तमंचे की नोंक पर कर डाली मारपीट

**जालौन,उरई।** उरई से घर आ रहे युवक को कुछ लोगों ने तमंचे की दम पर रास्ते में रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी विश्वजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बैंक में ड्यूटी के लिए उरई जाता है। प्रतिदिन की भांति शाम को वह बस से ड्यूटी से वापस आया और अकोढ़ी दुबे श्रमदान पर उतर गया। आरोप लगाया कि बस से उतकर जैसे ही वह घर जाने लगा तभी वहां मौजूद तीन चार युवकों ने तमंचे की दम पर उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने पर जब आसपास के लोगों को वहां आता देख वह सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए।

# सुलह-समझौता से सभी को मिले न्यायः जिला जज

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है। सुलह समझौता के दौरान सभी का मान सम्मान बना रहे और सभी को न्याय मिले इसका ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह.समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। रविवार को यह बातें जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा ने कहीं।



वे जिला एवं सत्र न्यायालय में आयोजित वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। वर्मा ने कहा कि इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थीएतब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर और दोनों पक्षों की बातों को सुनकर यह निर्णय लेते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैंध्इसी को देखते हुए सुलह समझौता कराते थे और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़ते थे।उन्होंने कहा कि सुलह समझौते में दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेशएमतभेद एवं दुर्भावना समाप्त हो जाती थी।लोक कल्याण की भावना से ओत प्रोत उसी स्वरूप को उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल और एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने के निर्देश दिये जाते हैं जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी समाहित है। श्री वर्मा ने कहा कि लोग मिलजुल कर प्रेम भावना से रहे जो समाज एवं राष्ट्र के हित में है। यदि आपसी मतभेद पनपते भी हैं तो उसे शांत एवं सद्भाव के साथ समाप्त करने का प्रथम प्रयास दोनों पक्षों द्वारा किया जाना चाहिए।यदि प्रथम प्रयास में दोनों पक्ष सफ्ल नहीं होते है तभी उन्हें न्यायालय के शरण जाना चाहिए।

## पत्नियों की शिकायत पर पतियों के विरुद्ध कार्रवाई

**जालौन, उरई।** अलग अलग मामलों में पत्नियों के साथ मारपीट किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोंतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी सोनी देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति राजीव कुमार आए दिन उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। जिससे वह तंग आ चुकी है। उधर, चिमनदुबे निवासी साबिया ने पुलिस को बताया कि शास्त्रीनगर दिल्ली में रहने वाले पति घर आए थे। घर पर किसी बात को लेकर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Samar jeet Singh व जन्मतिथि 01.07.1952 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Samarjeet Singh व जन्मतिथि 01.05.1953 है। Samarjeet Singh F/o of मूरत सिंह सेंगर, Army No-3005480F, रैंक-Hony Hav, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-करबिगवां साढ़, पोस्ट-करबिगवां साढ़, जिला-कानपुर, नगर, उत्तर प्रदेश-208001.

**सूचना**

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Sanjay Singh दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Sanjay Singh Gurjar है। Sanjay Singh Gurjar, S/o of Army/JC No-481831K, **रैंक-** सूबेदार, महेश सिंह गुर्जर आर.सी.सी. फतेहगढ़, निवासी **ग्राम-**कमाल का पुरा, पटेल नगर, हिण्डौन सिटी, **जिला-**करौली, राज्य-राजस्थान-पिन कोड नंबर-322230.

# सदर विधायक ने प्रधानाध्यापकों को किया सम्मानित

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को निपुण भारत मिशन अंतर्गत डकोर ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय सॉई पैलेस में किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्माख् विशिष्ट अतिथि रामलखन औदीच्य रहे। जबकि अन्य अतिथियों में सूर्यनायक जिलाध्यख भाजपा किसान मोर्चा, सुरजीत सिंह जिला मंत्री, डायट प्रवक्ता अमर सिंह, डीसी श्यामजी गुप्ता, एसआरजीएस अभिलाष तिवारी, लोकेश पाल आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ केजीबीवी मड़ोरा से आयी छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के गीत पर मनमोहक नृत्य के साथ किया गया। कार्यक्रम में आये अतिथियों को खंड शिक्षाधिकारी ज्ञानप्रकाश अवस्थी ने बैज अलंकरण से स्वागत करते हुये कार्यशाला के प्रमुख उद्देश्यों पर बीईओ श्री अवस्थी ने प्रकाश डालते हुये विद्यालयों के समग्र विकास को प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधानों के सहयोगात्मक तरीके से कार्य कराने की बात कही। संगोष्ठी में आगंतुक अतिथियों ने भी शिक्षकों की भूमिका हो सराहते हुये प्रधानों से अपेक्षित कायाकल्पों के कार्यों में सहयोग करने की बात कही। उन्मुखीकरण कार्यशाला में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बालिका शिक्षा, ऑपरेशन कायाकल्प, शारदा कार्यक्रम, डीबीटी, एसएमसी आदि विषयों पर एआरपी शत्रुघ्न सिंह, देवेंद्र सविता, मनीष गुप्ता, रोहित कुमार, अरविंद निरंजन ने प्रस्तुति दी। प्रदेश स्तरीय सुपर 100 ब्लॉक्स में डकोर ब्लाक को स्थान प्राप्त है जो यहां के शिक्षकों एवं प्रधानों के सहयोग से ही संभव हुआ है जिसके लिये सदर विधायक ने समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर आये हुये अतिथियों को बीईओ ने स्मृति चिन्ह एवं प्रधानों को अंगवस्त्र प्रदान किये। इस दौरान लगभग दो सैकड़ा से अधिक ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एटीएम लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से की

**कोंच,जालौन।** एटीएम लगवाये जाने के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने की पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की। सचिव प्रियंक पांडेय पुत्र शिवकुमार निवासी नया पटेल नगर उरई ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि हिटाची कम्पनी से एटीएम मशीन लगवाये जाने के लिए उन्होंने कम्पनी के एजेंट समीर को बीती 25 अक्टूबर को 3 लाख 40 हजार रुपये नगद और आरटीजीएस के माध्यम से दो अलग अलग बार में 34 हजार व 70 हजार रुपये दिए। एटीएम मशीन चंदकुआं चौराहे के समीप मुबीन की दुकान में लगना तय हुआ था। कम्पनी से आए हुए कर्मचारियों द्वारा मशीन लगाने का सारा कार्य उन्होंने खुद ही मौजूद रहकर कराया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दहिलिया विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 14/12/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दहिलिया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/12/2024 से 21/12/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/12/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रमेश के घर से शैलेन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.03 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | शैलेन्द्र के घर से मनोज के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.03 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (कमलेश कुमारी) ग्रा0पं0 दहिलिया, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव ( रोहित पटेल)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बबना विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 14/12/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बबना द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/12/2024 से 21/12/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/12/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | हरीश चन्द्र शाक्य के घर से शेर सिंह शाक्य के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण | 4 लाख 3 हजार | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सीता देवी) ग्रा0पं0 बबना, नवाबगंज सचिव ( प्रमोद शुक्ला)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 कंचनपुर सबलपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 14/12/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर सबलपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 15/12/2024 से दिनांक 21/12/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 21/12/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्रा0पं0 में ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र का निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.32 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रोहन के घर से पप्पू के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.52 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | दिनेश के घर से वीरेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.3 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | जगनरेश के घर से आदित्य के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.1 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | रामसरन के घर से गुड्डू के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.89 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | सुरजीत के घर से वेदराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.73 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 7- | सीसी रोड से विपिन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 8- | सुखवीर के घर से गुड्डू के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.73 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-बृजपाल सिंह, ग्रा0पं0 कंचनपुर सबलपुर, सचिव- अजय सिंह**

# बिधूना ज्ञानस्थली ने रोका भर्थना ज्ञानस्थली का अजेय रथ

- **कबड्डी में बिधूना टीम ने भर्थना की टीम को 35-31 के अंतर से हराया**

**कर्वाखेड़ा,इटावा समृद्धि न्यूज।**

ज्ञानस्थली कर्वाखेड़ा में चल रहे इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024 प्रतिस्पर्धा में आज पहला सेमीफाइनल भर्थना ज्ञानस्थली अकादमी तथा बिधूना ज्ञानस्थली के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ मैच रैफरी वासिफ खान सर द्वारा दोनों टीमों के कप्तानों को मैदान पर ले जाकर टॉस कराया गया, जिसमें भर्थना ज्ञानस्थली की टीम ने टॉस जीतकर बिधूना ज्ञानस्थली को पहले बल्लेबाजी का



निमंत्रण दिया। इससे पहले ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के अध्यक्ष व प्रबंधक शिव प्रसाद यादव व उपाध्यक्ष विनीत यादव जी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या चंदा श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। साथ में विद्यालय प्रबंधन के मुख्य सदस्य शिवमंगल सिंह,नीरज त्रिपाठी सर,वासिफ खान सर (अंपायर), पुष्पेन्द्र चौहान (कमेंटेटर),अमित पांडे (पी.टी.आई) मैदान पर मौजूद थे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिधूना ज्ञानस्थली की की शुरुआत अच्छी रही।

अंत तक निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 104 रन बनाएं।विपक्षी टीम को 105 रन का संघर्षपूर्ण लक्ष्य दिया। जिसमें लक्ष्य का पीछा करने उतरी भर्थना की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 8 विकेट खोकर 82 रन बनाए और 22 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी।

इसी क्रम में खो-खो तथा कबड्डी के मैच भी हुए। जिनमें खो-खो में कटरा शमशेर खाँ ने दिबियापुर को 11-10 के अंतर से हराया। तथा कबड्डी में बिधूना टीम ने भर्थना की टीम को 35-31 के अंतर से हराया। बॉलीबॉल में बिधूना ने भर्थना को 35-31 के अंतर से हराया। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों के द्वारा सभी खेल प्रतिस्पर्धाओं का लुफ्त उठाया गया। शिक्षकों में प्रदीप सर,अब्बास हैदर, रवि सर,विष्णु सर, ममता यादव, ब्रजेश सर आदि उपस्थित रहे।

# खुजरी माइनर में मिली अज्ञात महिला के शव की हुई शिनाख्त

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार की सुबह ग्राम खजुरी के पास माइनर में अज्ञात महिला का शव मिला था। महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी। शनिवार को महिला की शिनाख्त हो गई है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा है। जिनसे पूछतांछ चल रही है। हालांकि अभी तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरी गांव के पास शुक्रवार की सुबह माइनर में लगभग 35 वर्षीय महिला का शव मिला था। कम पानी होने की वजह से महिला का सिर पानी में था और आधा हिस्सा पानी के बाहर था। गले में कट का निशान भी नजर आ रहा था। शव के दाहिने हाथ में अंग्रेजी का ए व जीतू भाई लिखा था। जबकि बाएं हाथ में मोर पंख बना हुआ था। शव मिलने के बाद से पुलिस महिला की शिनाख्त का प्रयास कर रही थी। जिसमें महिला की शिनाख्त ज्योति बेलदार (35) पत्नी अमित कुमार निवासी मोहल्ला गणेशजी के रूप में हुई है। महिला की शिनाख्त होने के बाद पुलिस इसे हत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को भी पकड़ा है। जिनसे पूछतांछ चल रही है। पुलिस हत्या में प्रयोग किए गए सामान और शव को माइनर पर ले जाने वाले वाहन की भी तलाश कर रही है।

# ट्रक ने खड़ी बस में मारी टक्कर, दो की मौत

- भारत-नेपाल मैत्री बस में सवार थे 35 यात्री, 20 घायल
- दिल्ली से काठमांडू जा रही थी भारत नेपाल मैत्री बस

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

दिल्ली से 35 सवारियों को लेकर नेपाल के काठमांडू जा रही भारत-नेपाल मैत्री बस आगरा लख़नऊ एक्सप्रेस वे पर ट्रक से टकरा गई। इससे बस में सवार 02 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 20 सवारियां घायल हो गई। जिसमें गंभीर घायल 08 सवारियों को तिर्वा मेडिकल कालेज व सीएचसी में भर्ती कराया गया। जबकि सामान्य घायलों को एम्बुलेंस से प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य के लिए रवाना करा दिया गया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। नेपाल के जिला सप्लाई थाना लालगढ़ी जनकपुर आंचल निवासी


टोल प्लाजा पर खड़ी क्षतिग्रस्त बस

पुष्कर थापा पुत्र रामबहादुर थापा दिल्ली से 35 सवारियों को भारत नेपाल मैत्री बस से (नेपाल) काठमांडू जा रहा था। तभी शुक्रवार की देर रात तालग्राम क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के ग्राम रनवां स्थित किमी संख्या 168 के निकट बस का इंजन ओवर हीट हो गया। चालक ने बस को एक्सप्रेस-वे की पीली पर खड़ा कर दिया और रेड़िएटर में पानी डालने लगा। इसी बीच बस में सवार लगभग 08-10 सवारियां बस से नीचे उतार कर चालक की मदद करने लगी। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी बस में पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाहर खड़े 10 व बस में सवार यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया, एक्सप्रेस-वे के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने बचाव कर्मियों के साथ घायल यात्रियों को तालग्राम सीएचसी व तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां नेपाल के जिला ललितपुर गांव लेले निवासी ज्ञानू सुनार (22) पुत्र भीम लाल सुनार व सुभाष बुद्धा ठोकी की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि नेपाल के जिला महफ्ढी दरभंग निवासी सागर तामन (31), प्रेमपुंज (33), द्वारिका नई दिल्ली निवासी सनी कुमार, नेपाल के बॉर्डर वार्ड नं पांच प्रीतम (34), बिहार बीरपुर सुपौल निवासी निवेश चौरसिया (22), नेपाल जिला बर्दिया नं. पंचायत ठाकुर बाबा निवासी संगम थरूर (22), स्नेहा (20), नेपाल काठमांडू कीर्तिपुर निवासी गोविंद सिंह 21 गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

## जनपद को मिले 25 नए डॉक्टर, मिलेगी सहूलियत

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जनपद में नवचयनित चिकित्सकों के आने से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुगमता मिलेगी। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कलेक्ट्रेट में एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। 27 चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों के सापेक्ष 25 चिकित्सा अधिकारियों का चयन किया गया तथा चयन किये गए चिकित्साधिकारियों को प्रोविजनल ऑफर लेटर जारी किए गए। इन चयनित चिकित्सा अधिकारियों को जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात किया जाएगा। जिससे आम- जनमानस को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

# थाना समाधान दिवस डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

- एसपी ने ग्राम चौकीदारों से वार्ता कर उन्हें कंबल वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

थाना समाधान दिवस में पहुँचकर डीएम और एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को थाना तालग्राम पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने फरियादियों की



तालग्राम थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम-एसपी

समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत. प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया। कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों से वार्ता कर उन्हें कंबल वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया उपनिरीक्षक सहित आदि लोग रहे।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का हुआ स्वागत



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

तालग्राम कन्नौज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का स्वागत उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश महामंत्री व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तालग्राम कट पर किया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत पीसीसी सदस्य एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश महासचिव संजय पौल के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक कन्नौज शाकिर हुसैन एडवोकेट,जिलाध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक फर्रूखाबाद खालिद उस्मानी एडवोकेट,प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल विनोद कुमार दुबे ने किया,प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ आये आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य व निवर्तमान प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव का स्वागत किया गया।

इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष राय शोक व्यक्त करने एक महीने पहले दुर्घटना में मृत्यु हुए डॉ. जीवन शुक्ला के सुपुत्र पत्रकार मनोज शुक्ला, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अविनाश दुबे,ड्राइवर कौशल तिवारी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमशाद अहमद की पुत्री बुशरा की मृत्यु पर उनके आवास पर पहुँच कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देंगे,स्वागत करने में सरफ़राज़ हुसैन,आरिफ खान,आमिर अंसारी एडवोकेट, मोहम्मद वासिफ,इमरान अली, सलमान खान,हाफ़िज़ समीउद्दीन, लियाकत अली,अरहाम अहमद ,उज़्ज़ाम अहमद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आज से छूट का लाभ उठाएं बिजली बकाएदार: एसडीओ

- ओटीएस में पंजीकरण कराने पर ही मिलेगा योजना का लाभ

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार ने बिजली बकायेदारों के लिए एक मुफ्त समाधान योजना लागू की है। जिससे बकायेदार इस योजना से लाभान्वित होकर अपना-अपना बिल जमा कर सकें। जनपद में बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा जोर शोर से विद्युत उपकेन्द्रों सहित आदि स्थानों पर ढोल व माईक से पैदल भ्रमण कर सरकार की ओटीएस योजना के बारे में लोगों को जानकारी दे रहे है। एसडीओ गुरसहायगंज ब्रजेश कुमार सरोज ने बताया कि यह योजना तीन चरणों में लागू है। जिसमें प्रथम चरण आज से 31 दिसम्बर 2024 तक द्वितीय चरण 1 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक और तृतीय चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक लागू रहेगी। बताया कि कस्वा सहित गांव में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को एकमुश्त योजना का लाभ मिल सके। कहा कि बकायेदार उपभोक्ता ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण कराएं। इस योजना का लाभ उठाएं। जिससे छूट का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें।

### विलम्बित भुगतान अधिभार सरचार्ज में छूट का विवरण

घरेलू उपभोक्ता एलएमवी.1,1 किवा भार तक सितम्बर 2024 तक मूल बकाया रु0 5000 तक एकमुश्त भुगतान प्रथम चरण 100 प्रतिशत, द्वितीय चरण 80 प्रतिशत, तृतीय चरण 70 प्रतिशत तथा किश्तो में भुगतान, 10 किस्त प्रथम चरण


जानकारी देते एसडीओ ब्रजेश कुमार

75 प्रतिशत, द्वितीय चरण 65 प्रतिशत, तृतीय चरण 55 प्रतिशत छूट मिलेगी। घरेलू उपभोक्ता ;एलएमवी 1;1 किवा भार से अधिक सितम्बर 2024 तक मूल बकाया रु0 5000 से अधिक एकमुश्त भुगतान प्रथम चरण 70 प्रतिशत, द्वितीय चरण 60 प्रतिशत, तृतीय चरण 50 प्रतिशत तथा किश्तो में भुगतान ;10 किस्त प्रथम चरण 60 प्रतिशत, द्वितीय चरण 50 प्रतिशत, तृतीय चरण 40 प्रतिशत छूट मिलेगी। घरेलू उपभोक्ता, एलएमवी 1;1 किवा भार से अधिक एकमुश्त भुगतान प्रथम चरण 60 प्रतिशत, द्वितीय चरण 50 प्रतिशत, तृतीय चरण 40 प्रतिशत तथा किश्तो में भुगतान ;04 किस्त प्रथम चरण 50 प्रतिशत, द्वितीय चरण 40 प्रतिशत, तृतीय चरण 30 प्रतिशत छूट मिलेगी। वणिज्यिक उपभोक्ता एलएमबी 2 ;सभी भार एकमुश्त भुगतान प्रथम चरण 60 प्रतिशत, द्वितीय चरण 50 प्रतिशत, तृतीय चरण 40 प्रतिशत तथा किश्तो में भुगतान ;04 किस्त प्रथम चरण 50 प्रतिशत, द्वितीय चरण 40 प्रतिशत, तृतीय चरण 30 प्रतिशत छूट मिलेगी। निजी संस्थान एलएमवी.4 बी ;सभी भार एकमुश्त भुगतान प्रथम चरण 60 प्रतिशत, द्वितीय चरण 50 प्रतिशत, तृतीय चरण 40 प्रतिशत तथा किश्तो में भुगतान ;04 किस्त, प्रथम चरण 50 प्रतिशत, द्वितीय चरण 40 प्रतिशत, तृतीय चरण 30 प्रतिशत छूट मिलेगी।

लघु एवं मध्यम उद्योग, एलएमवी 6, सभी भार एकमुश्त भुगतान प्रथम चरण 60 प्रतिशत, द्वितीय चरण 50 प्रतिशत, तृतीय चरण 40 प्रतिशत तथा किश्तो में भुगतान ;04 किस्त प्रथम चरण 50 प्रतिशत, द्वितीय चरण 40 प्रतिशत, तृतीय चरण 30 प्रतिशत छूट मिलेगी।



## दुखी परिजनों को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बंधाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार की शाम गुरसहायगंज पहुंच कर दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया और अपनों को खोने वाले परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की। गुरसहायगंज के तिर्वा रोड निवासी कौशल तिवारी श्यामू की कुछ दिनों पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। जबकि पूर्व जिला प्रवक्ता शमशाद खान की पुत्री बुशरा शमशाद खान की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसी के चलते उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने दोनों स्थानों पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्र, जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, कौशलेंद्र यादव, ऊषा दुबे, संदीप त्रिवेदी, पियूष चतुर्वेदी, प्रमोद शाक्य, तारिक वसीर, सजीव दुबे मुन्ना, मृत्यंजय शर्मा, डॉ. जहीर आफाक हुसैन आदि मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 74 वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या के अवसर पर सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल डॉक्टर शैलेंद्र मिश्रा, डायरेक्टर डॉ आत्माराम शर्मा, कोऑर्डिनेटर मिस्टर संदीप प्रताप वर्मा तथा अन्य समस्त स्टाफ सहित उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की राष्ट्रभक्त मित्रों आज मुझे परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि मैं पराधीन भारत के साथ-साथ स्वाधीन भारत में भी देश के लिए अतुलनीय एवं अविस्मरणीय योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल जी के महान त्याग एवं समर्पण को आप तक पहुंचाऊं।



यह सच है कि 15.08.1947 की आज़ादी एक अधूरी आज़ादी थी, जब तक सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने 565 देसी रियासतों को मुख्य भारत से एकीकृत नहीं किया था। इसी महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जन्म 31.10.1875 को वर्तमान गुजरात के ज़िला खेड़ा के नडियाद में एक किसान परिवार में पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाडबा के घर हुआ, जो अपनी ईमानदारी, त्याग, समर्पण, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान, दृढ़-निश्चय एवं कूटनीतिक क्षमताओं के लिए सदैव याद किए जाते रहेंगे।

सरदार एवं लौह-पुरुष के उपनामों से लोकप्रिय देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के प्रथम गृह मंत्री तथा उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी इस जगत के लिए एक बेहतरीन प्रेरणास्रोत हैं।

# तीन अभियुक्तों को तीन वर्ष का साधारण कारावास लगा जुर्माना

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

विशुनगढ़ में पंजीकृत अभियोग में न्याया0 द्वारा अभियुक्तगण को दोषी पाते हुये न्यायालय में प्रत्येक अभियुक्त को 3 वर्ष 06 माह का साश्रम कारावास व 6000 -6000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये अभियुक्तगण द्वारा वादी के साथ गाली गलौज करके तथा जान से मारने की नियत से सीने में वार करने के सम्बन्ध में थाना विशुनगढ़ जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय एडीजे एफटीसी 2 कन्नौज द्वारा प्रत्येक अभियुक्त 1- प्रताप सिंह पुत्र कल्लू सिंह नि0 खरौली थाना विशुनगढ़ 2- मनोज पुत्र हवलदार सिंह 3-संजीव पुत्र हवलदार सिंह नि0 खरौली थाना विशुनगढ़ कन्नौज को 03 वर्ष 06 माह का साधारण कारावास व 6000-6000 रुपये जुर्माना अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## श्रीराम महायज्ञ समापन पर सैकड़ों भक्तों ने चखा भंडारे का प्रसाद

**जालौन,उरई।** ग्राम पंचायत रनवां में नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व साप्ताहिक भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने जमकर भंडारा चखा। ग्राम पंचायत रनवां में नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर निर्भयदास त्यागी दूधाधारी महाराज की अध्यक्षता और पिंटू पागल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इसके अलावा यज्ञ स्थल पर पंडित रमा शास्त्री द्वारा भक्तों को भागवत कथा का श्रवण कराया गया। रात के समय रामलीला का भी आयोजन हुआ। धार्मिक कार्यक्रम के समापन पर गांव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# भूमि को कब्जा मुक्त कराने की लगाई गुहार


कोतवाली में समस्याएं सुनते कोतवाल आलोक कुमार दुबे व मौजूद फरियादी।

समाधान दिवस

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

कोतवाली निरीक्षक की अध्यक्षता में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखा। कोतवाल ने राजस्व व पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाने पर शिकायत लेकर आने वाले किसी भी फरियादी से दुर्व्यवहार न हो। उससे मित्रवत व्यवहार किया जाए और उसकी समस्याओं का समय से निस्तारण करें। शनिवार को शासन के निर्देशन पर स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाली निरीक्षक आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 मामले आए। जिनमें 05 पुलिस संबंधित व 03 राजस्व से जुड़े हुए मामलों में पुलिस संबंधित 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी मामलों को लेकर कोतवाल ने संबंधित पुलिस व राजस्वकर्मियों को निर्देशित कर निस्तारण का आदेश दिया। कोतवाली में मौजूद राजस्व व पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कोतवाल ने कहा कि कहा कि समस्या निस्तारण के दौरान यदि किसी भी राजस्व व पुलिसकर्मी की भेदभाव से कार्य करने की कोई शिकायत मिलती है। तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी। इस दौरान निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, एसआई प्रदीप कुमार, राजेश प्रताप, रावेन्द्र सिंह, सुनील चौधरी, राधा मोहन शर्मा, हरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# 43 हजार वादों के निस्तारण से वादकारियों के चेहरे पर आई मुस्कान

- न्यायिक अधिकारियों एवं प्राधिकरण की सचिव के प्रयास से हुआ निस्तारण

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नवीन न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज चंद्रोदय कुमार, अपर जिला जज लोकेश वरूण, विनोद कुमार जायसवाल प्रधान न्यायाधीश, शाहिद रजा पीठासीन अधिकारी एमएसीटी, अशोक कुमार प्रेमी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, अपर जिला जज लवली जायसवाल ने माँ सरस्वती के चित्र पर



दीपप्रज्वलन कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में एमएसीटी न्यायालय में कुल 94 वाद संदर्भित किए गए। जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 80 वाद निस्तारित हुए। परिवार न्यायालय में कुल 156 वाद सदर्मित किये गये। जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 109 वाद निस्तारित कर 02 जोडे खुशी- खुशी अपने घर गये। स्थायी लोक अदालत में कुल 19 वाद सदर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 03 याद निस्तारित किये गये।

सत्र न्यायालय स्तर पर कुल 677 बाद सदर्भित हुये। जिसमें से न्यायाधीश कोर्ट से 01 वाद निस्तारित हुआ। न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट से 06 वाद, निस्तारित, विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम कोट से 413 वाद निस्तारित, अपर जिला जज-पचंम कोर्ट से 02 वाद निस्तारित, विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट कुल 01 याद निस्तारित अपर जिला जज एफटीसी प्रथम कोट से 09 वाद निस्तारित, अपर जिला जज द्वितीय कुल 01 वाद निस्तारित अपर जिला जज/ एफीसी-द्वितीय 03 वाद निस्तारित मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायालय स्तर पर कुल 7397 वाद सदर्भित हुये जिसमें से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट 1500 वाद निस्तारित, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज में 327 वाद निस्तारित, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिबरामऊ में 485 वाद निस्तारित, सिविल जज (सीडी) / एफटीसी में 223 वाच निस्तारित, अपर सिविल जज (सीडि) में 362 वाद निस्तारित, न्यायिक मजिस्ट्रेट में 175 वाद निस्तारित, सिविल जज (जूडि) छिबरामऊ में 80 वाद निस्तारित, अपर सिविल जज (जूडि) छिबरामऊ में 209 वाद निस्तारित, ग्राम न्यायालय कुल 224 वाद निस्तारित, सिविल जज (सीडि) कुल 11 वाद निस्तारित, अपर सिविल जज (जूडि) प्रथम कुल 10 वाद निस्तारित, सिविल जज (जूडि) एफटीसी प्रथम कुल 01 वाद निस्तारित, सिविल जज (जूडि) एफटीसी द्वितीय कुल 6 वाद निस्तारित हुये। न्यायालय में निस्तारण हेतु कुल 8,343 वाद सदर्भित किये गये थे। जिनमें सुलह समझौते के आधार पर कुल 4241 वाद निस्तारित कर मु0 5,8750888 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित कर वसूल किया गया।

# प्राचार्य ने किया मेडिकल कॉलेज में सुमिलेशन लैब का उद्घाटन

**लैब के जरिए एमबीबीएस स्टूडेंटस सीखेगें आईसीयू में काम करना, आईबी ड्रिप चढ़ाना व इंजेक्शन लगाने की कला**

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में शनिवार को फार्माकोलॉजी विभाग ने सिमुलेशन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। इस प्रयोगशाला के जरिए एमबीबीएस स्टूडेंटस दवा का उपभोग करने के बाद रोगियों द्वारा दवा के रिएक्शन के संबंध में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

साथ ही रोगियों से भी सीधे बात कर सकेगें। स्टूडेंटस को लैब में इंजेक्शन व आईवी ड्रिप लगाने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सिमुलेशन प्रयोगशाला का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल व फार्माकोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो.अम्बरीष गुप्ता ने


सिमुलेशन लैब का फीता काटकर उद्घाटन करते प्राचार्य व एचओडी

संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर आगरा मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.अनुराग जैन व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो.कीर्ति विश्वकर्मा भी मौजूद रही। उद्घाटन के बाद आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ.अम्बरीश गुप्ता ने बताया कि इस प्रयोगशाला के जरिए सिमुलेशन अभ्यास कर छात्रों को कई तरह से सिखने में मदद मिलेगी।

सिमुलेटड परिदर्शयों के माध्यम से छात्र पारम्परिक व्याख्यान सीख सकते हैं। इसके अलावा रोगियों से सीधे दवा के प्रभाव व दुष्प्रभाव के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकते हैं।

उन्होने बताया कि छात्र स्किल लैब में इंजेक्शन लगाने व ग्लूकोज ड्रिप चढ़ाने व आईसीयू में काम करने का भी प्रशिक्षण हासिल करेगें। साथ ही इनहैलर व नेबुलिसर का भी प्रयोग सीखेगें।

## पड़ोसियों में जमकर चले लाठी, डंडे पांच घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मकान के बाहर सीढ़ियों का निर्माण करने को लेकर दो पक्षों के बीच गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। जिन्हे कोतवाली पुलिस ने उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सराय दौलत निवासी मुनीशा बेगम पत्नी नसरुददीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार की शाम उसके पड़ोस के नईम, हलीम, सफी, सत्तार दरवाजे पर आए और सीढ़ियों के विवाद को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसके पुत्र सोहेल व बीच बचाव में आई उसकी भतीजी खुशनुमा को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तिर्वा व इंदरगढ़ में आई 18 शिकायतों में चार का हुआ निस्तारण

- तिर्वा में सदर एसडीएम, तिर्वा एसडीएम व सीओ ने सुनी शिकायतें

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम सदर रामकेश ने की। इस दौरान 10 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान सदर एसडीएम रामकेश ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय रहते


तिर्वा कोतवाली में शिकायतें सुनते अफसर

निस्तारण करें। जमीन संबंधित विवादों में राजस्व टीम पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच कर निस्तारित करें। समाधान दिवस में मौजूद सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई ने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर विशेष रूप से ध्यान दे। 24 घण्टे महिला हेल्प डेस्क पर महिला पुलिस मुश्तैद रहे। इस मौके पर एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार सिंह, तहसील अवनीश कुमार, कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। इंदरगढ़ थाने में आयोजित समाधान दिवस में नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फरियादियों की शिकायतें सुनी। यहां आठ फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। जिसमें दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# होम्योपैथिक असहाय रोगों की चिकित्सा: डॉ. रूचि शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में हो रहे 2024 बैच बीएएमएस एवं पीजी ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत आज 12वें दिन डॉ. सुहेबा ने छात्र-छात्राओं को वृक्षायुर्वेद के बारे में बताते हुए पौधों के संग्रहन एवं संरक्षण बताया। उन्होंने कहा आजकल शहरीकरण के कारण वृक्षों को काटा जा रहा है। जिससे वृक्षों की अनेक प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। हमें इन सबका ध्यान रखते हुए पौधों को संरक्षित करना होगा, नहीं तो भविष्य में अनेक दुष्परिणाम भुगतने होंगे। ''वदतू संस्कृत'' कार्यक्रम में डॉ. अरिमर्दन सिंह ने छात्रों को व्याकरण से ज्ञान बतायें। अतिथि डॉ. रूचि शुक्ला जो कि जनपद की होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी है उन्होनें छात्र/छात्राओं को होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभ बताये। उनके अनुसार इस पद्धति से चिकित्सा करने पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता और बच्चां से लेकर बड़ों तक इसकी दवायें आसानी से और प्रेम से ली जाती है। अतिथि का सम्मान कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. शीलू गुप्ता ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया। उनके सम्मान समारोह में डॉ. शिव ओम दीक्षित, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. विकास बाबू, डॉ. रेशमा, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहें। आज के ट्रांजीशनल कार्यक्रम में डॉ. विकास बाबू नेछात्र/छात्राओं को '' गुड हाइजीन एण्ड हेल्थ'' विषय में बताते हुए कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। स्वच्छ वातावरण से बीमारियां नहीं होती है उन्होनें छात्र/छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ मानसिक स्वच्छता पर भी ध्यान देने की बात कहीं। आज पीजी ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में डॉ. सुमन कुंदू ने छात्र/छात्राओं को संहिताओं का गहन अध्ययन करने के बारे में समझाया। पीजी कार्यक्रम में डॉ. श्रेया ने लंच के बाद पीपीटी के माध्यम से स्त्री एवं प्रसूति रोग के विषय में जानकारी दी। ''नो योर कैम्पस'' के तहत बीएएमएस के छात्र/छात्राओं ने रस शास्त्र विभाग एवं कॉलेज की फार्मेसी का भ्रमण डॉ. शिव ओम दीक्षित एवं मिस्टर चन्द्रभान की देखरेख में किया। अन्त में मिस्टर राहुल कुमार ने ''मास्टर क्लास ऑफ कम्प्यूटर'' में छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर के विषय में ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. विकास बाबू, डॉ. रेशमा, डॉ. सुमन कुंदू, डॉ. समर्पिता आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक व कॉलेज स्टाफ आदि

# एसपी ने शेखपुर मेले की परखी सुरक्षा व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने ऐतिहासिक शेखपुर मस्जिद पर लगने वाले मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया।

साथ ही मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुलिसकर्मियों के साथ थाना कमालगंज क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले ऐतिहासिक शेखपुर मेले की तैयारियों का जायजा व सुरक्षा व्यवस्था परखी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। किसी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक मेला है। इसमें दूरदराज से लोग आते हैं और काफी भीड़भाड़ होती है। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। जाम आदि की समस्या आड़े न आये, इसका पूरा ध्यान रखना चाहिए। मेले में किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न दिखायी दे। इस दौरान एसपी ने कमेटी के लोगों से मुलाकात की और उनसे भी बातचीत की। जिस पर कमेटी के लोगों ने कुछ समस्यायें बतायीं। जिस पर एसपी ने कहा कि समस्याओं का समाधान कराया जायेगा।


मेला कमेटी के लोगों से बातचीत करते पुलिस अधीक्षक

# थाना समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम ने समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने की बात कही।

जानकारी के अनुसार कायमगंज उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने शनिवार को कायमगंज में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियो को फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से व तत्परता से करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा आमजन बड़ी आस से थाने में अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए आता है। इसलिए पुलिस अधिकारी बड़ी गम्भीरता से फरियादी की समस्याओं को सुनें व उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उपजिलाधिकारी ने कहा राजस्व व भूमि सम्बन्धी विवादों के मामलों के निस्तारण में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर दोनों पक्षों के समक्ष समस्या का निस्तारण कराए तथा दोनों पक्षों के हस्ताक्षर लिए जाएं, ताकि आगे जाकर वह किसी प्रकार के विवाद का कारण न बन सकें।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, क्राइम इस्पेक्टर राजेश कुमार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह सहित लेखपाल मौजूद रहे।


समस्यायें सुनते एसडीएम

# विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार छात्र की मौत, साथी घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत पोल से टकराकर एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि साथी गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला नुन्हाई निवासी 15 वर्षीय छात्र आयुष पुत्र नरेन्द्र कुमार सुबह करीब 6 बजे बाइक लेकर घर से निकला। उसके साथ मोहल्ला पलरिया निवासी शिवा राठौर पुत्र प्रमोद राठौर उम्र 16 वर्ष था। सुबह करीब 7 बजे नवभारत सभा भवन के पास छात्र की अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे बाइक सवार आयुष व शिवा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर रूप से घायल आयुष को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने छात्र आयुष को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल शिवा राठौर को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।छात्र की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मां ममता समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक छात्र आयुष के परिजन बिना कुछ कार्रवाई किए उसका शव लेकर घर चले गए। मृतक छात्र गुरुकल स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ाई कर रहा था।


लोहिया अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन

## महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर निवासी ऊषादेवी उम्र 42 वर्षीय पत्नी राज बहादुर की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ उपचार के दौरान डक्टर जितेन्द्र सिंह ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# गुटखा मसाला के पैसे मांगने पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

- मारपीट करने के बाद गालियां देते हुए धमकाते हुए चला गया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा किया है पंजीकृत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुटखा मसाला के पैसे मांगने पर दबंगों ने दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर निवासी हर्षित गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता ने लिखाए गए मुकदमे में बताया पीड़ित गुटखा मसाला, नमकीन आदि की ठेली लगता है। आज सुबह 9.00 बजे लगभग पीड़ित अपनी ठेली पर बैठा था, तभी दानिश निवासी शास्त्री नगर आया और मुझसे दो मसाले मांगने लगा। जब मैंने मसाले के पैसे मांगे, तो दानिश बोला कि मैं पैसे नहीं देता हूँ। इसी बात पर दानिश ने दो-तीन अज्ञात लोगों को बुलाया और मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और धमकी दी कि अगर यहां पर दोबारा ठेली लगाई तो लगने नहीं देंगे। मारपीट करने के बाद गालियां देते हुए धमकाते हुए चला गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

# अतिक्रमणकारियों पर चला एसडीएम का हंटर, कई के काटे चालान

- अधिकारियों को देख सड़क पर बिखरे सामान को समेटने लगे दुकानदार
- एक परचून विक्रेता की दुकान से पुलिस ने बरामद किये दो खोखा कारतूस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह व अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने नगर अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान लोग सड़कों पर बिछाये सामान को समेटने में जुट गये। लगभग दो दर्जन से अधिक दुकानदारों के चालान काटे गये। वहीं एक दुकानदार से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। नगर को अतिक्रमण से निजात और जाम की समस्या को कम करने के लिए उपजिलाधिकारी नगर पालिका प्रशासन ने पूरे दिन नगर के ट्रान्सपोर्ट चौराहे से पुल गालिब पुलिया तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहा। कायमगंज उपजिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने नगर के ट्रान्सपोर्ट चौराहे पर अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान वहाँ पर खड़ी रोडवेज बस का भी चालान काटा। वहीं नगर के अशोक की लाट के चबूतरे को छोटा करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ट्रान्सपोर्ट चौराहे से भगवती टाकीज तक अभियान चलाया। उन्होंने फल विक्रेता व मूंगफली विक्रेता सहित पाँच लोगों के चालान काटे। इसके बाद उन्होंने गल्ला मन्डी चौराहे पर पहुँचकर अमन राठौर पुत्र उमेश राठौर निवासी नोनियमगंज की परचून की दुकान से 315 बोर के दो खोखा कारतूस बरामद किए।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने दोनों खोखे अपने कब्जे में लिए। इसके बाद उन्होंने 10 दुकानों के चालान कटे। इस दौरान उन्होंने एक दुकानदार का पाँच हजार का चालान काटा। वहीं एक दुकानदार से एक किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की। अतिक्रमण अभियान के दौरान उपजिलाधिकारी रविन्द्र सिंह नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह सहित नगर पालिका बाबू रामभुवन यादव, सफाई नायक विजेन्द्र, रवि सहित अन्य नगर पालिका कर्मचारीगण मौजूद रहे।


दुकानदार को हिदायत देते उप जिलाधिकारी व मौजूद ईओ

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 176542 मामलों का हुआ निस्तारण

- वसूली गयी कुल 85489669/- रुपये की धनराशि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायालय से तहसील न्यायालयों तक शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ प्रभारी जनपद न्यायाधीश शैली राय तथा अन्जू कम्बोज प्रभारी प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार तथा सचिव नरेश सिंह यादव एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया गया। प्रभारी अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में प्रातः 1030 बजे से सांयकाल तक राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद एवं अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर सम्बन्धित पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह-सन्धि कराते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। 279 बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलों को निस्तारित कर 43018161 रुपये की वसूली धनराशि बैंकों द्वारा प्राप्त की गयी। 41232 विद्युत बिल सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया गया।

अन्जू कम्बोज प्रभारी प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय द्वारा कुल 29 पारिवारिक वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर 08 पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 20 वादों का निस्तारण कर 13537000/- धनराशि प्राप्त करायी गयी। नरेश कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता द्वारा अपने न्यायालय के 05 मामले निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न न्यायालयों/ विभागों/कार्यालयों द्वारा अलग-अलग मामले चिन्हित कर निस्तारित किये गये। कुल लम्बित 3584 मामलों में से 3446 तथा प्रीलिटिगेशन के 174058 मामलों में से 173096 मामले निस्तारित किये गये हैं। इस प्रकार कुल 177642 मामलों में से 176542 मामलों का निस्तारण कर कुल 85489669/- रुपया धनराशि जमा करायी गयी। सभी विभागों एवं अधिकारियों के सहयोग से लक्ष्य से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अभिनितम उपाध्याय एससी/एसटी एक्ट विशेष न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, शैलेन्द्र सचान न्यायाधीश/डकैती, डॉ. अनिल कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट, राकेश कुमार सिंह अपर जिला जज/पाक्सो एक्ट, रितिका त्यागी अपर जिला जज कक्ष सं0 5, अंकित मित्तल अपर जिला जज कक्ष सं0 7, दीपेन्द्र कुमार सिंह अपर जिला जज कक्ष सं0 8, मैराज अहमद अपर जिला जज कक्ष सं0 9, संदीप तिवारी अपर जिला जज त्वरित न्यायालय प्रथम, अन्जू कम्बोज अपर प्रधान न्यायाधीश, घनश्याम शुक्ला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रीतिमाला चतुर्वेदी सिविल जज व0प्र0, शिवानी सिंह सिविल जज जू.डि. एफटीसी, श्वेता कश्यप अपर सिविल जज जूडि, शोभा रानी अपर सिविल जज जूडि, बलवीर सिंह यादव विशेष जेएम, राम सिंह मौर्या लिपिंक जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए कोर्ट मैनेजर व विभिन्न न्यायालयों, बैंकों व विभागों के अधिकारीगणए कर्मचारीगण, पर विधिक स्वयंसेवकगण एवं वादकारीगण उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करतीं न्यायिक अधिकारी


जोड़ों की विदाई के दौरान मौजूद न्यायिक अधिकारी

# नग्न अवस्था में महिला का मिला शव, हत्या का आरोप, पति हिरासत में

- मृतका का पति है सरकारी शिक्षक, नशे का है आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में शिक्षक की पत्नी का शव नग्न अवस्था पड़ा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला भोलेपुर नगला दीना निवासी 35 वर्षीय ज्योति पत्नी अखिलेश कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गयी। जिसका शव नग्न अवस्था में जमीन पर पड़ा था और उसका पति नशे की हालत में बेड पर लेटा था। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गये और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका का पति राजेपुर स्थित जूनियर विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात है। सूचना पर मृतका के परिजन पहुंच गये। मृतका की मां अनीता ने हत्या का आरोप लगाया। मृतका के बहनोई ने बताया कि अखिलेश दारु पीकर रोज लड़ाई झगड़ा करता था। ज्योति ने मारपीट की बात कई बार परिजनों को बतायी।

उन्होंने बताया कि ज्योति का विवाह 2015 में हुआ था। जिसकी तीन पुत्रियां भारती, एकता, दिव्यांशी है। पुलिस ने पति अखिलेश को हिरासत में ले लिया। सूचना पर फतेहगढ़ कोतवाल सत्य प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम को भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये। पुलिस फिलहाल मामले की जांच पड़ताल कर रही है। हत्या के कारणों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चल सकेगा। जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।


शराबी पति को ले जाती पुलिस

# दहेज एक्ट तथा मारपीट का मुकदमा दर्ज

- पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव महरूपुर रावी निवासिनी सीता पत्नी आकाश ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि दहेज के कारण मेरे पति मेरे से मारपीट करते थे। जिसके कारण 3 महीने पहले मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। मैं मायके चली गई थी। इस दौरान मेरे पति आकाश के गांव की किसी महिला से नाजायज संबंध हो गये। मेरे ससुर केनपाल ने मुझे फोन करके बुलाया, तो मैं सुबह 10.00 लगभग अपने मायके बहबालापुर गांव थाना कोतवाली छिबरामऊ से कमालगंज महरूपुर रावी अपनी ससुराल में अपनी भाभी प्रीति तथा भाई रवि शेखर को लेकर पहुंची। जहां पर मेरे पति आकाश तथा देवर विकास पुत्रगण केनपाल, किरण राखी पुत्रियां केनपाल, रोहित पुत्र राजेश, केनपाल पुत्र फकीरे लाल ने षड्यंत्र कर इन सभी लोगों ने मारपीट की। जिसमें मेरे भाई और भाभी गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत धारा 119, 115, 74, 118, 352 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया।

# चौकी की दीवार से सटे मशीनरी स्टोर से हजारों का सामान चोरी

## पुलिसिया गस्त की खुली पोल, आये दिन हो रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयासंत निवासी रतन शर्मा पुत्र सहदेव प्रसाद शर्मा की मशीनरी स्टोर की दुकान फैजबाग चौराहे पर है। बीते दिवस की शाम मशीनरी स्टोर स्वामी दुकान बंद कर घर चला गया। शनिवार की सुबह जब दुकान को खोलकर देखा, तो अंदर दीवार में नकब लगा था। वहीं पास में लगा अल्टीनेटर खुला पड़ा था।

मशीनरी स्टोर स्वामी ने बताया गया चोरों द्वारा अल्टीनेटर खोलकर पार्ट चोरी कर लिए गए। उन्होंने बताया अज्ञात चोरों ने चोरी की इस घटना में लगभग 30 हजार का सामान चोरी कर लिया गया। अज्ञात चोरों द्वारा मशीनरी स्टोर की दीवार में नकब लगाकर चोरी किए जाने की सूचना पीड़ित मशीनरी स्टोर स्वामी रतन शर्मा द्वारा पुलिस को दी गई। जिस पर कस्बा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। उन्होंने बताया लगभग 35 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी बताया तहरीर दे दी गई।


मशीनरी स्टोर की दुकान में लगा नकब

# 21वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव 2 जनवरी से 18 जनवरी तक

**▸ मिस, मिस्टर एव मिसेज फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश, इण्डिया क्राउन सरेमनी 10 जनवरी को**



बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

21वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समिति की बैठक स्टेट बैंक स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुई। आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं पर विचार विमर्श हुआ। अध्यक्ष ने प्रतियोगिता व कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। फर्रुखाबाद युवा महोत्सव का शुभारम्भ 02 जनवरी को मेंहदी लगाओं प्रतियोगिता से किया जायेगा। 3 जनवरी को 1 बजे से देश में नई शिक्षा नीति एनईपी-2020 कितनी उपयोगी विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता, 4 जनवरी को प्राकृतिक सौन्दर्य एवं स्मृति चित्रण विषय पर ड्राइग-पेण्टिंग, 6 जनवरी को गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता, 7 जनवरी को 1 बजे से शेफ क्वीन-फर्रुखाबाद, 9 जनवरी को एकल डांस, ग्रुप डान्स, 11 जनवरी को दोपहर में कवि सम्मेलन, 12 जनवरी को प्रातः 7 बजे से चौक से आवास विकास तक साइकिल रेस, चर्च कम्पाउण्ड में 100 मीटर रेस, आवास विकास से चौक तक 3 किमी0 रेस सभी प्रतियोगिता बालक/बालिका के लिये है। 13 जनवरी को 10 बजे से सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण एवं विभिन्न सामाजिक एवं प्रशासनिक हस्तियों को सम्मान एवं अवार्ड प्रदान किये जायेंगे। समाज सेवा, साहित्य, युवा वीरता, अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ आदर्श व्यापारी सम्मान, फर्रुखाबाद आदर्श नागरिक सम्मान प्रमुख है। 16 जनवरी को मिस्टर फर्रुखाबाद, मिस फर्रुखाबाद, मिसेज फर्रुखाबाद, मिस कानपुर रीजन, मिस उत्तर प्रदेश, एफवाईएम-बीबी-मिस इण्डिया, मिस प्रिटी इण्डिया, मिस ग्राण्ड इण्डिया, मिस माडल एव मिस्टर माडल, मिस्टर उत्तर प्रदेश, मिस्टर इण्डिया, मिसेज उ0प्र0, मिसेज इण्डिया और मिसेज ग्राण्ड इण्डिया, मिस टीन उत्तर प्रदेश एवं मिस टीन इण्डिया का चयन किया जायेगा। 16 जनवरी को ही क्राउन सरेमनी होगी, 20 जनवरी को मिस मिस्टर, मिसेज विजेताओं का सम्मान विनर्स मीट होगा। सभी प्रतियोगिताजों में 16 से 27 वर्ष के प्रतियोगी भाग ले सकते हैं। सचिव सचिदानन्द मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिपाठी, हर्ष दुबे, निदेशक पुष्पेन्द्र यादव ने भी विचार रखे। अध्यक्ष बताया कि इच्छुक प्रतिभागी समिति के कार्यालय सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर वीरेन्द्र त्रिपाठी, हर्ष दुबे, हर्षित मिश्रा, मुस्कान, शिवांगी चौहान आदि मौजूद रहे।

# 19वें धार्मिक अनुष्ठान के चौथे दिन वक्ता ने जड़भरत की सुनाई कथा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कथा का श्रवण कराते वक्ता दाताराम व मौजूद भक्तगण

गंगा नगर में चल रहे 19वें धार्मिक अनुष्ठान के चतुर्थ दिवस पर वक्ता दाताराम ने पं. दाताराम ने जड़भरत की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि इनका असली नाम भरत था। जो पूर्व से स्वयंभुव वंशी ऋषभदेव के पुत्र थे। मृग के छौने में तन्मय होने के कारण इनका ज्ञान अवरुद्ध हो गया और वे जड़भरत हो गये।

इनके गुरु कपिल थे। भरत जी का विवाह विश्वरुप की कन्या पंचगनी से हुआ था। देवी पंचगनी ने पांच संतानों को जन्म दिया।

पिता ऋषभदेव ने भरत को राज कार्य के योग्य समझकर उनका राज्याभिषेक कर दिया और स्वयं तपस्या के लिए वन में चले गये। राजा भरत एक योग्य शासक थे। उन्होंने पूजा के हित में बहुत कार्य किये। उन्होंने तमाम यज्ञ किये। उनके पांचों पुत्र बहुत धार्मिक और सक्षम थे। भरत ने अपना राज्य कार्य उन्हें सौंप कर तपस्या हेतु वन चले गये और वहां पर एक हिरणी के बच्चे को देखा कि हिरणी की मृत्यु हो गयी और उसका बच्चा दुखी दिखायी दिया। भरत का मन उसी हिरणी के बच्च्चे में लग गया और वह उसकी सेवा में लग गये। इसलिए उनका नाम जड़भरत पड़ गया। मानस वक्ता रामबाबू पाठक ने प्रभु श्रीराम से हनुमान और सुग्रीव की मित्रता की कथा सुनाई। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस अवसर पर शिवकुमार मिश्रा, उमेश मिश्रा, मैकूलाल, वैभव सोमवंशी, सर्वेश अवस्थी, ऋषिपाल सिंह, निर्दोष शुक्ल, अखिलेश त्रिवेदी आदि सहयोगी मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का किया गया प्रकृति परीक्षण

**▸ बदलते मौसम में स्वस्थ्य रहने के बताये गये तरीके**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रकृति परीक्षण अभियान के दौरान चिकित्सक एवं प्रशिक्षु चिकित्सक

आयुष मंत्रालय द्वारा चलाये गये प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत ग्राम बरौन में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ. साहेबा, डॉ. पीयूष माधव ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर गांव वालों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उनका प्रकृति परीक्षण किया। जिसमें 2022-23 बैच के जुबेर मरियम, शिवानी जागृति, लीजा भारती, शैली, यश पाण्डेय आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। अभियान के तहत गांव सितवनपुर पिशू व बराकेशव गांव में भी डॉ. आनंद बाजपेयी, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. अरविन्द ने 2022 और 2023 बैच के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर गांव वालों को बदलते मौसम में स्वस्थ्य रहने के तरीके बताते हुए उनका प्रकृति परीक्षण किया। इसी के साथ केडी विद्यालय में भी 2021 बैच के विद्यार्थियों ने डॉ. अरिमर्दन सिंह के नेतृत्व में कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रकृति परीक्षण किया।

कॉलेज प्रबंधन के प्रोत्साहन एवं कॉलेज स्टाफ के सहयोग के साथ ही मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल का नाम उत्तर प्रदेश प्रकृति परीक्षण अभियान में प्रथम स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन व रुपरेखा कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. शीलू गुप्ता एवं प्रकृति परीक्षण नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में हुआ।

# चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति का बालाजी महाराज मेहंदीपुर को निमंत्रण के लिए प्रस्थान

**▸ राम का नाम उनके जीवन का सूत्र है और राम का काम उस सूत्र की व्याख्या: बृजकिशोर सिंह किशोर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


निमंत्रण पत्र दिखाते अध्यक्ष व सदस्य

चिंतामणि पाठ समिति के होने वाले 25वां वार्षिक उत्सव (रजत जयंती वर्ष) की पाती (निमंत्रण पत्र) समिति के अध्यक्ष बीके सिंह ने सदस्यों को पाती देकर मेहंदीपुर बालाजी को आमंत्रण देने के लिए रावना किया। चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति निरंतर लोक कल्याण के लिए 25 वर्षो से सुंदरकांड का पाठ कर रही है। समिति के अध्यक्ष बृज किशोर सिंह ने बताया कि कलयुग में भगवान हनुमान की पूजा से ही कलयुग के प्रभाव को नष्ट किया जा सकता है एवं सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति पाई जा सकती है, इसलिए हर व्यक्ति को अपनी सुविधा अनुसार बाबा की पूजा आराधना करनी चाहिए। राम का नाम उनके जीवन का सूत्र है और राम का काम उस सूत्र की व्याख्या, उनका अवतरण ही इसी हेतु हुआ है। इस काण्ड का कथा में हनुमान जी वो पर्वत शिखरों पर चढ़ते हैं, वह विवेक के शिखर से देहाभिमान के समुद्र को पार करने के लिये छलाँग लगाते हैं तो वैराग्य के शिखर पर चढ़कर प्रवृत्ति की स्वर्णमयी लंका को देखते हैं। वह यश की आकांक्षा की सुरसा को प्रणाम करके उसका आशीर्वाद लेते हैं। स्वर्ण के पर्वत मैनाक से प्रलोभित नहीं होते, ईर्ष्या की राक्षसी सिंहिका का विनाश करते हैं और प्रवृत्ति की लंकिनी को मूर्च्छित कर देते हैं। कलियुग के समस्त कलुषों का निकन्दन कर रामत्व की स्थापना करने में संलग्न हनुमन्त की भक्ति श्रीराम की अनुरक्ति बनकर हमें संसारिक आसक्ति से मुक्त करे और हमारे हृदय में अनुराग का राग जगाये, इस रजत जयंती वर्ष में प्रभु से यही प्रार्थना है। इस अवसर पर अशोक वर्मा, घनश्याम बाजपेई, नवीन कौशल, प्रशांत सिंह, अनूप मिश्रा, निर्मल दीक्षित, संदीप वर्मा, चंदन शुक्ला, अनुपम तिवारी, अनुराग पांडेय, सौरभ सिंह, अजीत वर्मा, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# लॉयन्स क्लब का निःशुल्क आई कैम्प 17 दिसम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लायन्स क्लब फर्रुखाबाद सिटी द्वारा आंखों का सम्पूर्ण पूर्ण नेत्र परीक्षण शिविर एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन लैन्स प्रत्यारोपण विधि द्वारा शंकरा नेत्र चिकित्सालय कानपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक नेत्र परीक्षण किया जायेगा और विभिन्न जांचों के पश्चात् ऑपरेशन के लिए चयनित रोगियों को कानपुर को शंकरा आई हास्पीटल ले जाया जायेगा। रोगियों को कानपुर अस्पताल ले जाते और वापस लाने की व्यवस्था निःशुल्क होगी और साथ ही साथ मरीजों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन लेन्स प्रत्यारोपण विधि द्वारा पूर्णतः निःशुल्क किया जायेगा। शंकरा हास्पीटल की ओर से डॉक्टर एवं उनकी टीम के अतिरिक्त उनके यूनिट हैड बसंत कुमार, मैनेजमेन्ट टीम, कोयम्बटूर से डॉ. प्रियाराज कौर तथा कानपुर हास्पीटल के सीनियर प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगे। मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु मरीज, अपना आधार कार्ड, उसके फोटो कॉपी तथा मोबाइल नम्बर अवश्य ही लेकर आयें। क्लब अध्यक्ष लॉयन रचित टण्डन, सचिव दिवेक अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष लॉयन प्रमोद अग्रवाल तथा आई कैम्प चेयरमैन लॉयन डॉ. रविन्द्र यादव ने बताया कि कैम्प की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। यह जानकारी पूर्व अध्यक्ष संजय गी गर्ग ने दी है।

# स्कूल में हिजाब पहनकर आने का विरोध करने पर परिजनों ने स्कूल स्टाफ को धमकाया

**▸ हिन्दू महासभा ने कार्यवाही की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


स्कूल स्टाफ से वार्ता करते हिन्दू महासभा के पदाधिकारी

स्कूल में एक बच्ची द्वारा हिजाब पहनकर आने पर स्कूल टीचर्स ने विरोध किया और स्कूल ड्रेस पहनकर आने को कहा। जिस पर उस बच्ची के परिजन अपने अन्य साथियों के साथ स्कूल पहुंचे और स्कूल असेंबली में माइक से बोलते धमकाया। जिससे स्कूल स्टाफ भयभीत हो गया। जिसकी जानकारी होने पर हिन्दू महासभा ने पहुंचकर स्कूल स्टाफ से बात की और कार्यवाही की मांग की। मॉर्डन पब्लिक स्कूल में एक क्लास की बच्ची कुछ दिनों से हिजाब पहनकर आ रहीं थी। जब स्कूल के टीचर्स ने बच्ची को हिजाब पहनकर आने को मना मना किया तो उसके परिजन कई लोगों को लेकर स्कूल पहुंचे। छात्रा की मां ने स्कूल असेंबली में माइक पर बोलते हुए कहा कि मेरी बच्ची अब हिजाब नहीं बल्कि बुर्के में स्कूल आएगी। जिस किसी भी हिम्मत हो तो रोक कर दिखाएं। उसकी यह बातें सुनकर स्कूल का सारा स्टाफ भयभीत हो गया। जब इसकी जानकारी हिंदू महासभा के पदाधिकारियों को हुई तो शनिवार को जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक के नेतृत्व में पदाधिकारी स्कूल पहुंचे और प्रिंसिपल व डायरेक्टर तथा स्कूल स्टाफ से बात की। स्कूल प्रशासन आश्वासन दिया कि जिन लोगों ने इस हरकत की है उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक ने कहा कि स्कूल प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तो हम लोग खुद ही कार्यवाही करेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर किसी भी स्कूल में इस्लामीकरण चलने नहीं दिया जाएगा।

जिस स्कूल का जो ड्रेस कोड है सभी छात्र उसी के हिसाब से यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल आएंगे, कोई भी अपनी मर्जी से अपने धर्म की ड्रेस पहनकर स्कूल नहीं आ सकता।


मण्डी में लगा आलू

## मण्डी में आलू की आमद 70 मोटर, भाव रहा 861 रुपया पैकेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में शनिवार को आलू की आमद रोज की तरह रही। भाव पिछले दिन की तरह स्थिर रहा। मण्डी में आलू की आमद लगभग 70 मोटर रही। आलू 751 रुपये से 861 रुपये पैकेट बिका। मण्डी में लगातार आलू की आमद बढ़ रही है। बाहर के व्यापारियों ने आकर आलू की खरीददारी की। आमद बढ़ने के बाद भी आलू का भाव स्थिर है। नया आलू मण्डी में पूर्ण रुप से आने लगा है। आलू कच्चा होने के कारण शीघ्र बिकवाली होकर अन्य मण्डियों व दुकानों पर भेज दिया जाता है। खेतों में किसानों ने आलू की खुदाई करना शुरु कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### सुभासपा छोड़ राहुल सिंह ने थामा अखण्ड भारत सेवा दल का दामन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह (अतुल बाथम) ने अब अखण्ड भारत सेवा दल का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित एवं समाज कल्याण के कार्यों सें प्रेरित होकर एवं दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय पाठक के विचारों एवं उनके समाज कल्याण के कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए अखण्ड भारत सेवा दल का दामन थामा है। दल के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह कुशवाहा ने अतुल बाथम का स्वागत किया।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रणेता एवं देश की एकता व अखंडता के अद्भुत शिल्पकार भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 74वीं पुण्यतिथि पर सरदार पटेल युवा वाहिनी 15 दिसम्बर दिन रविवार को सायं 5 बजे फतेहगढ़ डीएन कॉलेज स्थित पटेल प्रतिमा स्थल पर सरदार पटेल की स्मृति में आयोजित कैंडिल मार्च कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### आबकारी टीम ने महरुपुर राबी में छापेमारी कर 250 लीटर लहर किया नष्ट


बरामद कच्ची शराब के साथ आबकारी टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान में आबकारी टीम ने संदिग्ध ग्राम में छापेमारी की। टीम ने मौके से 250 किलो ग्राम लहन बरामद कर नष्ट कर दिया तथा 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शनिवार को आबकारी निरीक्षक सचिन त्रिपाठी ने टीम के साथ थाना कमालगंज क्षेत्रान्तर्गत आने वाले संदिग्ध ग्राम मेहरुपुर राबी में दबिश देकर छापेमारी की। मौके पर लगभग 250 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। टीम को छापेमारी में 15 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद हुई। टीम ने एक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया। टीम ने क्षेत्र की आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट, पीओएस मशीन से बिक्री, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि यह अभियान जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# डीएम ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के दिये निर्देश


बच्चों को चाकलेट वितरित करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**▸ बच्चों से लगवाये गणित के सवाल, बांटी चॉकलेट**

**▸ वर्ना बुजुर्ग के विद्यालय में निर्माण में गुणवत्ता का रखा जाये ध्यान**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला कलार ब्लॉक बढ़पुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय में शिक्षा का स्तर औसत पाया गया। डीएम ने शिक्षा के स्तर में सुधार के लिये निर्देशित किया। डीएम ने अध्यापकों व बच्चों के उपस्थिति रजिस्टर व मिड-डे-मील रजिस्टर चेक किये एवं बच्चों से मिड-डे-मील में मिल रहे खाने की गुणवत्ता व मात्रा के बारे में जानकारी की। डीएम ने बच्चों से गणित के सवाल हल कराये व बच्चों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया तथा चॉकलेट का वितरण किया गया। इसके साथ ही डीएम ने गोद लिए गये प्राथमिक विद्यालय वर्ना बुजुर्ग में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा चल रहे निर्माण कार्यो को गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार कार्य जल्द पूर्ण कराने एवं विद्यालय में पौधारोपण कराने के निर्देश दिये। डीएम विद्यालय के सभी बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया। इस अवसर पर ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण संपन्न

**▸ सीनियर में प्रथम हर्ष व द्वितीय विक्रम रहे**

**▸ बच्चे खेलों में आगे बढ़कर भी उच्च पदों पर नौकरियां प्राप्त कर सकते: विधायक नागेन्द्र सिंह**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



विजेता टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि, विद्यालय स्टाफ आदि

ताजपुर रोड स्थित एनएससी पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने विजेता हाउस एवं विद्यार्थियों को ट्राफी एवं मैडल देकर किया।

खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय के चारों हाउस शिवाजी हाउस, टैगोर हाउस, विवेकानंद हाउस एवं सुभाष हाउस के मध्य विभिन्न खेल खेले गए। जिसमें वॉलीबॉल सीनियर बॉयज में सुभाष हाउस ने बाजी मारी, साथ ही खो-खो सीनियर बॉयज एवं गर्ल में टैगोर हाउस ने बाजी मारी। टग आफ वार सीनियर बॉयज एवं गर्ल में टैगोर हाउस एवं शिवाजी हाउस ने बाजी मारी, सीनियर में हर्ष राजपूत कक्षा 9वीं प्रथम एवं विक्रम राजपूत कक्षा 7वीं द्वितीय स्थान पर रहे। विधायक ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि बच्चे खेलों में आगे बढ़कर भी उच्च पदों पर नौकरियां प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के प्रबंधक देवेश सिंह चंदेल एवं प्रधानाचार्य अजय सिंह राठौर ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर खिमसेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की होती है महत्वपूर्ण भूमिका: शिवांगी चौहान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**▸ सरकार के बने हुए सभी नियम और कानून का पालन करना चाहिए, अपने खिलाफ किसी भी अपराध को सहना नहीं चाहिए**


मिस फर्रुखाबाद शिवांगी चौहान

भारत एक धार्मिक सांस्कृतिक और एकता के लिए प्रसिद्ध देश है। राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, दूसरे शब्दों में युवाओं की बुद्धिमंता और मेहनत देश को सफलता के मार्ग पर ले जाती है। समाज निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। उनमें देश को विकसित करने और प्रगति की और ले जाने की शक्ति होती है, युवा ही देश भविष्य तय करते है।

मिस फर्रुखाबाद शिवांगी चौहान ने बताया कि हम देखते हैं कि किसी भी देश के विकास के लिए युवाओं की भागीदारी होती है। तकनीकी क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हो, मॉडलिंग का क्षेत्र हो युवाओं की अवश्यकता होती है। यह युवाओं पर निर्भर करता है कि वह अपनी भूमिका सही ढंग से निभाए, अपनी शक्ति और परिश्रम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। अपनी भूमिका के बारे में हम सभी को जागरूक होना चाहिए। सामाजिक सुधार लाने के लिए सरकार के साथ हमारी भी जिम्मेदारी होती है।

उन्होंने कहा कि हम समाज में कई तरह से योगदान दे सकते हैं, हलांकी इस विकास के लिए शिक्षा, स्वच्छ, भ्रष्टाचार, सामाजिक संघर्ष, महिलाओं के खिलाफ अपराध, गरीबी, प्रदुषण, ग्लोबल वार्मिंग आदि के अंत के लिए अपने नागरिकों को और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। सरकार को दोष देने की जगह देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना चाहिए। इस प्रकार युवा चाहे तो अनेक तरह से देश विकास में इस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं, हम युवा अच्छा नेता, सेनापति, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर बनकर कई तरीके से देश में विकास ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्र के कल्याण के लिए बनाई गई सामाजिक और आर्थिक नीतियों का सम्मान करना चाहिए, सरकार के बने हुए सभी नियम और कानून का पालन करना चाहिए, अपने खिलाफ किसी भी अपराध को सहना नहीं चाहिए, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, समाज में ऊंच-नीच का भेदभाव दूर करें, बिना दहेज लिए विवाह करने का व्रत ले, इस प्रकार देश को दहेज के दानव से मुक्त कर सकते हैं, ना कोई धर्म बड़ा होता है ना कोई जाति बड़ी होती है सबसे बड़ी इंसानियत ही होती है तो सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनने की कोशिश करें। हमे एक दूसरे के प्रति सम्मान भाव होना चाहिए जिसे हमारे पास वह दृष्टि हो जो पुरानी पीढ़ियों में नहीं थी, मुसीबत में फंसे हुए लोगों की और गरीब लाचार व्यक्ति की मदद करें, अपंग और बुजुर्गो का सम्मान और सेवा का भाव रखे, आपके पास ज्यादा है तो जरुरतमंदों को दे। शिवांगी ने बताया कि मेरा परिवार हमेश दीन दुखियों की मदद करता रहता है, इससे वह प्रेरित होती है, जब भी त्यौहार आते हैं तो वह जरूरमदों को जरूरत की वास्तुएं, कपड़े, मिठाइयां, किताब, कॉपी आदि देकर त्यौहारों की खुशियां उनके साथ साझा करते है।

# भाकियू श्रमिक जनशक्ति की बैठक 16 दिसम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ती की युवा महिला जिलाध्यक्ष डॉ. मोनिका त्रिवेदी के आवास पर अमेठी कोहना पर 16 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे संगठन के पदाधिकारियों की बैठक होगी।

जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नियुक्ती प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा एवं सदस्यता अभियान चलाकर के संगठन को मजबूत बनाने के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। यह जानकारी संगठन के नेता सर्वेश सिंह यादव ने दी है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय डाक एवं दूर संचार लेखा और वित्त सेवा के 50वें स्थापना संबोधित करते हुए कहा

# अभिव्यक्ति व संवाद के संतुलन पर पनपता है लोकतंत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र केवल प्रणालियों पर ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर केंद्रित मूल मूल्यों पर भी पनपता है।

श्री धनखड़ ने यहां भारतीय डाक एवं दूर संचार लेखा और वित्त सेवा के 50वें स्थापना संबोधित करते हुए कहा कि आज की संस्थागत चुनौतियाँ भीतर और बाहर से अक्सर सार्थक संवाद और प्रामाणिक अभिव्यक्ति के क्षरण से उत्पन्न होती हैं। विचार की अभिव्यक्ति और सार्थक संवाद दोनों ही लोकतंत्र के अनमोल रत्न हैं। अभिव्यक्ति और संचार एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच सामंजस्य ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, डिजिटल




संचार आयोग के वित्त सदस्य मनीष सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। श्री धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र केवल व्यवस्थाओं पर नहीं, बल्कि मूल मूल्यों पर पनपता है। इसे अभिव्यक्ति और संवाद के नाजुक संतुलन पर केंद्रित होना चाहिए। अभिव्यक्ति और संवाद, ये जुड़वां ताकतें लोकतांत्रिक जीवन शक्ति को आकार देती हैं। उनकी प्रगति को व्यक्तिगत पदों से नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक लाभ से मापा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा इस बात का उदाहरण है कि विविधता और विशाल जनसांख्यिकीय क्षमता राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे सकती है।

लोकतांत्रिक स्वास्थ्य और आर्थिक उत्पादकता राष्ट्रीय विकास में बराबर भागीदार हैं। स्व-लेखा परीक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री धनखड़ ने कहा, सेल्फ ऑडिट बहुत ज़रूरी है। किसी व्यक्ति या संस्था को गिराने का सबसे पक्का तरीका है, उसे या सज्जन या सज्जन महिला को जांच से दूर रखना। आप जांच से परे, आपका पतन निश्चित है। और इसलिए, आत्म-लेखा परीक्षा, स्वयं से परे एक लेखा परीक्षा, आवश्यक है। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और तालमेल पर जोर देते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में विभागों के बीच सहयोग बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

### हमारा संविधान सबसे बड़ा और खूबसूरत : रिजिजू



**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने समानता को संविधान की आत्मा करार देते हुए लोकसभा में आज कहा कि इसमें सभी नागरिकों के लिए बराबरी का अधिकार और अवसर प्रदान किया गया, इसलिए यह दुनिया का सबसे बड़ा और खूबसूरत संविधान है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने 'संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर आज दूसरे दिन चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि संविधान की भावना के अनुसार ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के साथ सरकार का कामकाज शुरू किया। उन्होंने कहा कि संविधान की बदौलत ही आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला विराजमान है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा ही नहीं, बल्कि सबसे खूबसूरत भी है, जिसमें सभी के लिए प्रावधान है। इस संविधान को लेकर हम लोग गौरव महसूस करते हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि हमारे देश में अल्पसंख्यक आयोग है, जबकि अन्य देश में ऐसा नहीं है। अल्पसंख्यकों के लिए विशेष कानून बनाया गया है। अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं बनाई गई, जिसका उनको लाभ मिल रहा है। कांग्रेस की सरकार हो या हमारी सरकार सबने अपने तरीके से काम किया है, लेकिन अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित नहीं है, यह कहना गलत है। इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए, जिससे देश की छवि खराब हो। देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं तभी तो दूसरे देशों के पीड़ित यहां आते हैं।

# मुकदमे वापस लेने के लिए तीन करोड़, बेटा देखने के लिए 30 लाख की थी मांग

समृद्धि न्यूज

**जौनपुर।** बेंगलुरु में अपनी पत्नी और उसके परिवार वालों से प्रताड़ित इंजीनियर अतुल सुभाष से मुकदमा वापस लेने के लिए तीन करोड़ और इकलौते पुत्र से मिलने के लिए 30 लाख रुपए की मांग उसकी पत्नी निकिता की तरफ से की गई थी। यही वजह और मुकदमों से परेशान होकर इंजीनियर अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में आत्महत्या कर ली थी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृत इंजीनियर के भाई विकास ने पुलिस निरीक्षक मराठहल्ली पुलिस स्टेशन बेंगलुरु को प्रार्थना पत्र दिया है कि नौ दिसंबर सुबह 2ः45 बजे घटना के बारे में पता चला, जब मिस्टर जैक्सन का फोन आया उन्होंने मुझसे पूछा क्या वह अपने भाई से बात किए हैं और क्या उन्हें पता है कि उसने आत्महत्या कर ली। तब वादी पूरी तरह सदमे में था। उन्होने जैक्सन को बताया कि शाम को



अपने भाई से बात किया था। वह बिल्कुल ठीक था और सही मानसिक स्थिति में था और ऐसी कोई जानकारी नहीं थी। कॉल डिस्कनेक्ट करने के बाद जब वादी ने अपना मोबाइल चेक किया तो भाई के मोबाइल से उसे अलविदा कहने वाले कई संदेश दिखे। उसके बाद उसके निर्देश और गूगल लोकेशन चेक किया। बाद में भाई द्वारा बनाया गया वीडियो दिखा तो हैरान और स्तब्ध रह गया। उसने ईमेल पर साझा किया था।

उसके भाई अतुल और निकिता की 2019 में शादी हुई। भाई से पैसे ऐंठने की आड़ में निकिता पत्नी, निशा सास, अनुराग साला व सुशील चचेरा ससुर पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाए और अत्यधिक मानसिक और शारीरिक तनाव दिया। निकिता और उसके परिवार के सदस्यों ने हमारे भाई के खिलाफ कई झूठे मामले दर्ज कराए और उन मामलों को बंद करने के लिए आरोपी तीन करोड रुपए की मांग कर रहे थे। मेरे भाई को अपने बच्चों को देखने और उससे मिलने के लिए 30 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। जौनपुर में अदालत की सुनवाई के दौरान भाई अतुल के बयानों का मजाक उड़ाकर उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया गया और कहा गया या तो अतुल को उन्हें तीन करोड रुपए देना चाहिए या आत्महत्या कर लेना चाहिए। आत्महत्या करने से पहले ऐसा कदम उठाने के अपने कारणों का खुलासा किया कि उसे चारों लोगों द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और जबरन वसूली की जा रही थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। शुक्रवार को बेंगलुरु पुलिस यहां आई।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम कांग्रेस के साथ : द्रमुक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को लेकर उनकी पार्टी की शिकायतें जरूर हैं और आज वह उसके साथ इसलिये बैठी है ताकि देश में लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा की जा सके।

संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर लोक सभा में दो दिन की चर्चा के दूसरे दिन चर्चा को आगे बढ़ाते हुये श्री राजाने कहा, कांग्रेस के साथ उनके दल की शिकायतें रही हैं लेकिन लोकतंत्र और संविधान को लेकर हमें चिंता है, इसलिये उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ है। वर्तमान समय में लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को दबा दिया गया है, इसलिये मैं कांग्रेस के साथ बैठा हूं। उन्होंने कहा कि केशवानंद भारती मामले में उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने स्पष्ट कर दिया था कि संविधान में संशोधन किया जा सकता है लेकिन उसकी मूल भावना को बदला



नहीं जा सकता। श्री राजा ने कहा कि दामोदर विनायक सावरकर ने सबसे पहले हिन्दू राष्ट्र की बात की थी, मोहम्मद अली जिन्ना ने दो राष्ट्र की बातें उसके बाद शुरू की थी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने हिन्दू राष्ट्र के सिद्धांत को स्वीकार नहीं किया था।

चर्चा में शामिल होते हुये तेलुगूदेशम के एल श्रीकृष्णा देवरायुलू ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने बहुत शानदार संविधान बनाया, लेकिन संविधान सभा के अन्य सदस्यों ने भी इसे बनाने में महती मदद की थी। श्री देवरायुलू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एन टी राव जब मुख्यमंत्री थे और उपचार के लिये अमेरिका गये थे तो आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार गिरा दी गयी, क्या वह संविधान के अनुरूप था। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर के बहुत अच्छे बनाये गये संविधान के की वजह से ही हमारा लोकतंत्र जीवंत है, हम सभी मिलकर संविधान को कायम रखेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के सुधाकर सिंह ने कहा कि संविधान एक जीवित दस्तावेज है जो सांस लेता है और समय-समय पर बदलता भी है। वर्ष 2014 से हमारे संवैधानिक मूल्यों का क्षरण हुआ है। पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को समाप्त करने के प्रयास किये जा रहे हैं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एम गुरुमूर्ति ने कहा कि संविधान ने अस्पृश्यता को दूर किया, सामाजिक न्याय, साक्षरता एवं आर्थिक प्रगति को बढ़ावा दिया। तमाम उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी हैं। कल दो नेताओं से हमारे नेता पर कीचड़ उछालने का काम किया। निर्दलीय राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि संविधान हमारे देश के वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वधर्म समभाव के सिंद्धात पर आधारित गीता के समान है। एक व्यक्ति ने संघर्ष शुरू किया।

### झारखंड में भीषण सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, तीन घायल

**रांची।** झारखंड में बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र के दांतू गांव के पास शुक्रवार की रात एनएच-23 बोकारो-रामगढ़ नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। दुर्घटना में घायल सभी लोगों को जारीडीह कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया तथा तीन अन्य लोगों का इलाज भी चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ स्वीटी भगत ने आज बताया कि अस्पताल में 8 लोगों को लाया गया था जिसमें से 5 की मौत हो चुकी थी और 3 घायल थे। इनमें से एक की हालत गंभीर है। उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है जबकि दो की स्थिति ठीक है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दांतू गांव में शुक्रवार की रात एनएच-23 पर डाकबंगला के सामने सड़क जाम की वजह से एक कार खड़े टेलर से टकरा गई।

# गुजरात में स्वाइन फ्लू का कहर दो माह में अब तक 22 की मौत

एजेंसी

**अहमदाबाद ।** गुजरात में सर्दी बढ़ने के साथ ही स्वाइन फ्लू के केस में वृद्धि आई है। पिछले दो महीने से राज्य में स्वाइन फ्लू का कहर जारी है। इसमें मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। राज्य में पिछले दो माह में 22 लोगों की मौत स्वाइन फ्लू से होने की जानकारी मिली है। वहीं मौत का यह आंकड़ा स्वाइन फ्लू के मामले में देश में दूसरे नंबर पर है।

राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुजरात में स्वाइन फ्लू के पिछले दो महीने में 386 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 22 लोगों की मौत हो चुकी हैं। इस साल अक्टूबर तक स्वाइन फ्लू के 1682 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं इनमें 55 लोगों की मौत हुई थीं। राजकोट से मिले आंकड़ों के अनुसार सर्दी बढ़ने के साथ ही यहां मौसमी बीमारियों का जोर बढ़ा है। शहर

**▸ स्वाइन फ्लू से मौत मामले में गुजरात देश में दूसरे नंबर पर**

में पिछले 8 दिनों में सर्दी, खांसी, श्वास लेने में तकलीफ संबंधी 2500 केस दर्ज हुए हैं। इसके अलावा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के 11 केस मिले हैं। शहर में मच्छरों के प्रकोप के कारण बीमारी फैल रही हैं। इसके अलावा सूरत में भी कमोबेश यही हाल है। सूरत महानगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार शहर में बुखार, डेंगू से चार लोगों की मौत हुई हैं। इसमें डेंगू से एक बालक की मौत भी शामिल है। स्वाइन फ्लू के संबंध में विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि स्वाइन फ्लू मरीज के दूसरे व्यक्ति के सम्पर्क में आने से फैलता है। पीड़ित व्यक्ति के हाथ का स्पर्श करने, छींकने-खांसने आदि के जरिए यह बीमारी दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है।

## खबरें एक नजर में

### जनवरी से नवंबर तक यूपीआई से 15547 करोड़ लेनदेन

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल करके इस वर्ष जनवरी से नवंबर तक 223 लाख करोड़ रुपये के 15,547 करोड़ लेन-देन किए गए हैं। यूपीआई के जरिए भारत में वित्तीय लेन-देन एक उल्लेखनीय प्रभाव को दिखाता है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट में बताया कि डिजिटल भुगतान क्रांति को आगे बढ़ाते हुए यूपीआई ने जनवरी से नवंबर, 2024 तक 223 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15,547 करोड़ लेन-देन हासिल किए हैं, जो भारत में वित्तीय लेन-देन पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित करता है। मंत्रालय ने यूपीआई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसको दुनियाभर के देशों में महत्व मिल रहा है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अंतरराष्ट्रीय गति हासिल कर रही है। यूपीआई और रूपे दोनों तेजी से देश के बाहर विस्तार कर रहे हैं। यूपीआई भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) का विकसित एक भुगतान प्रणाली मंच है। इस मंच के जरिए ग्राहक विभिन्न बैंकों के अपने सभी खातों को ला और रख सकता है। ग्राहक इन खातों के माध्यम से लेन-देन कर सकता है।

### शाह देंगे छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस को अपनी सत्यनिष्ठा, मानवीय गरिमा और पिछले 24 वर्षों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के लिए देश के सर्वोच्च पुलिस सम्मान राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड से 15 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा छत्तीसगढ़ पुलिस को यह सम्मान मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह मेरे गृहमंत्री के कार्यकाल में हुआ है जिससे मैं और भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह पुरस्कार हमारे पुलिस बल के कर्तव्यपरायणता, मेहनत और ईमानदारी का प्रमाण है। राष्ट्रपति का पुलिस कलर अवार्ड छत्तीसगढ़ पुलिस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है। यह सम्मान न केवल हमारे पुलिस बल के मनोबल को ऊंचा करेगा, बल्कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी और सशक्त बनाएगा।

### ब्रिसबेन टेस्ट : बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल

**ब्रिसबेन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया। पहले दिन केवल 13.2 ओवर का खेल हो सका, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मेकस्विनी 4 रन बनाकर खेल रहे हैं। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैच में केवल 5.3 ओवर फेंके गए थे, तभी बारिश शुरु हो गई, जिसके कारण 25 मिनट तक खेल रूका रहा। बारिश रूकने के बाद फिर से खेल शुरु हुआ और ख्वाजा और मेकस्विनी ने संभलकर खेलना जारी रखा, 13.2 ओवर के बाद फिर से बारिश शुरु हो गई और फिर रूकी ही नहीं, जिसके बाद मैच अधिकारियों ने दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया। इस मैच के लिए भारत ने अपनी टीम में दो बदलाव किये। हर्षित राणा और रविचंद्रन अश्विन को बाहर किया गया और उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। टीम ने स्कॉट बोलैंड, जिन्होंने गुलाबी गेंद से ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाई थी, को बाहर किया।

### नैब पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**दुबई।** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी गुलबदीन नैब पर शुक्रवार को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी 20 आई के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि नैब को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है। यह घटना जिम्बाब्वे की पारी के 11वें ओवर के दौरान हुई जब कप्तान राशिद खान की गेंद पर ताशिंगा मुसेकीवा के खिलाफ एलबीडब्ल्यू अपील को खारिज कर दिया गया। जुर्माने के अलावा, पूर्व अफ़गानिस्तान कप्तान के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि के भीतर उनका पहला अपराध है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने राज कपूर को 100वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महान अभिनेता राज कपूर को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने उन्हें एक दूरदर्शी फिल्म निर्माता, अभिनेता और शाश्वत शोमैन बताया। मोदी ने कहा कि फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं की पीढ़ियां उनसे बहुत कुछ सीख सकती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, ÷आज, हम महान राज कपूर की 100वीं जयंती मना रहे हैं, जो एक दूरदर्शी फिल्म निर्माता, अभिनेता और शाश्वत शोमैन थे। उनकी प्रतिभा ने कई पीढ़ियों को पार किया, भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा, ÷श्री राज कपूर का सिनेमा के प्रति जुनून कम उम्र में ही शुरू हो गया था और उन्होंने एक अग्रणी कहानीकार के



रूप में उभरने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी फ़िल्में कलात्मकता, भावना और यहां तक कि सामाजिक टिप्पणियों का मिश्रण थीं। वे आम नागरिकों की आकांक्षाओं और संघर्षों को दर्शाती थीं। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷राज कपूर की फिल्मों के प्रतिष्ठित किरदार और अविस्मरणीय धुनें दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आती हैं। लोग उनकी कृतियों की प्रशंसा करते हैं कि कैसे वे सहजता और उत्कृष्टता के साथ विविध विषयों को उजागर करते हैं। उनकी फ़िल्मों का संगीत भी बेहद लोकप्रिय है। उन्होंने कहा, श्री राज कपूर सिर्फ एक फिल्म निर्माता ही नहीं थे, बल्कि एक सांस्कृतिक राजदूत थे।

### समुद्री संबंधों को मजबूत करने के लिए नौसेना प्रमुख इंडोनेशिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी इंडोनेशिया की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शनिवार को रवाना हुए हैं। उनकी यह यात्रा भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। एडमिरल त्रिपाठी की 15-18 दिसंबर तक इंडोनेशियाई यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत समुद्री संबंधों को रेखांकित करती है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-इंडोनेशिया समुद्री सहयोग के साझा दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल सजाफ्री सजामसोएद्दीन (सेवानिवृत्त), इंडोनेशियाई सशस्त्र बलों के कमांडर जनरल अगुस सुबियांटो और इंडोनेशियाई नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल मुहम्मद अली सहित इंडोनेशियाई सरकार और रक्षा अधिकारियों के शीर्ष स्तर के साथ द्विपक्षीय चर्चा में शामिल होंगे।

# भाजपा हर समय करती है संविधान पर हमला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर समय संविधान पर हमला करती है और मोदी सरकार देशवासियों का हक एक उद्योगपति के हवाले कर देश के किसानों, मजदूरों, गरीबों, दलितों तथा पिछड़ों का हिस्सा उनको दे रही है।

श्री गांधी ने शनिवार को 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा' में हिस्सा लेते हुए कहा कि अभय मुद्रा का आईडिया भगवान शिव, भगवान कृष्ण, गुरुनानक, महात्मा बुध, कबीर आदि महापुरुषों से मिला। यह संविधान इन्हीं महापुरुषों की अभय मुद्रा के भाव से आया है जिसमें सबको निर्भय रहने की बात कही गई है। मनुस्मृति आज का कानून है और यह बात उन्हीं सावरकर ने कहा है जो आरएसएस की विचारधारा को आगे बढाने का काम करते रहे हैं। संविधान को लेकर जब आरएसएस के लोग बात करते हैं तो वे अपने नेता और अपनी



विचारधारा को गाली देते हैं उनका अपमान करते हैं। उत्तर प्रदेश में संविधान का नहीं 'मनुस्मृति' का कानून चल रहा है और वहां गरीब की सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि 'भारत के संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है' यह बात भाजपा की विचारधारा के पोषक महापुरुष नेता ने कही थी जिनकी भाजपा के लोग पूजा करते हैं। दलितों के संदर्भ में एकलव्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य की जाति के आधार पर उनका गुरु बनने से इनकार कर दिया था तो एकलव्य अकेले धनुषवाण चलाने की तपस्या करने लगे। काफी समय बाद उसी जंगल में एकलव्य ने अपने बाणों से एक कुत्ता बाधक बना लिया और कुत्ते को नुकसान पहुंचाए बिना उसे चारों ओर से बाणों से घेर लिया। जब द्रोणाचार्य उस वन से निकल रहे तो उन्हें कुत्ते की यह हालत देखकर आश्चर्य हुआ तो बोले यह काम किसने किया। एकलव्य ने स्वीकार किया और बोले कि आपकी मूर्ति बनाकर उसके सामने मैंने धनुष विद्या हासिल की है। द्रोणाचार्य ने कहा कि आपने शिक्षा ली है इसलिए दक्षिणा दीजिए। गुरु द्रोणाचार्य ने गुरु दक्षिणा के रूप में एकलव्य से उसका अंगूठा मांग लिया। इसी तरह से भाजपा हिंदुस्तान के युवकों का अंगूठा काटने में लगी है और भाजपा सरकार आज इसी तरह से अडानी को सारे काम देकर देश के युवाओं, गरीबों, कमजोरों का अंगूठा काट रहे हैं। उनका कहना था कि सरकार ने अग्निवीर योजना लेकर युवकों का अंगूठा काटा है, 70 बार पेपर लीक करवा कर सरकार ने युवाओं का अंगूठा काटा है। किसान अपने हक की लड़ाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन किसान की बात नहीं की जा रही है और उसका भी अंगूठा काटा जा रहा है।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में ब्राइडल रैमवॉक व फैशन शो का रहा जलवा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कानपुर रोड आशियाना स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष बक्शी का तालाब एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा अरुण सिंह गप्पू एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रधान संघ उत्तर प्रदेश संयोगिता सिंह महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप जलाकर किया।

सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लोक गीतों से सजी शाम में हमरी अटरिया पे आजा रे सांवरिया.... जुगलबंदी गीत सुनाकर रितेश गुप्ता व अंशु सिंह ने बांधा समां। संगीत से सजे अगले सोपान में बिंदिया लगाई मैंने कजरा लगाया और हमसे बलम से ऐसी बिगड़ी गीत प्रस्तुत कर रितेश गुप्ता ने गुलाबी ठंड के माहौल को बदला। अगले क्रम में सैया बिन नथुनिया के डारी.....। हमरो बलम भोजपुरिया रंगीला रोजे फुचका खीयावेला... प्रिया पाल ने



अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आएंगे...। निमिया की डार मैया डाली रे झुलनवा के झूली झूली ना.. भक्ति गीत और लोकगीत की प्रस्तुति देकर प्रिया पाल ने दर्शको को भाव विभोर किया। शाइनिंग स्टार डांस ग्रुप सुमित चौरसिया के संयोजन में अमित ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की वहीं मोहित, सुरभि, आयुषी, अक्षिता, सिम्मी वर्मा ने डांस प्रस्तुत किया। लैला ओ लैला गाने पर मोनू गौतम ने डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को घुमाया नचाया। वही लघु नाटिका संचार संदेश (श्री कृष्ण के उपदेश) नाटक प्रस्तुत कर समाज के लिए दिव्य संदेश दिया। रोली मेकओवर रोली सिंह के संयोजन में सांस्कृतिक संध्या पर ब्राइडल रैमवॉक और फैशन शो का जलवा रहा।

# भारतीय सेना को मिले 491 युवा अफसर

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में आज आयोजित गरिमामय पासिंग आउट परेड ने देश को 456 नए सैन्य अधिकारी सौंपे। अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर हुई इस परेड में भारतीय सेना के लिए 456 और मित्र देशों की सेनाओं के लिए 35 कुल 491 अधिकारी कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण का अंतिम चरण पार किया। इस ऐतिहासिक परेड में नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड की सलामी ली। तमाम गणमान्य व्यक्तियों, विदेशी मेहमानों, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और कैडेटों के परिजनों की मौजूदगी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने गर्व और प्रेरणा का माहौल बनाया।

परेड का आयोजन अकादमी के सबसे प्रतिष्ठित स्थल चेटवुड भवन के सामने किया गया। अनुशासन, समर्पण और गर्व की झलक प्रस्तुत करती इस परेड ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिव्यूइंग ऑफिसर ने कैडेटों के



अनुशासन और परिश्रम की सराहना की और उन्हें उत्कृष्ट सैन्य अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया। परेड के बाद आयोजित पीपिंग और शपथ ग्रहण समारोह (ओथ सेरेमनी) के दौरान कैडेट्स ने अपनी वर्दी पर स्टार चिह्न लगाए और भारत माता की सेवा और सुरक्षा के लिए शपथ ली। इन 491 कैडेट्स में से 456 युवा अधिकारी भारतीय थल सेना का अभिन्न हिस्सा बनेंगे। जबकि 35 अधिकारी मित्र देशों की सेनाओं में सेवा देंगे।

इस वर्ष की पासिंग आउट परेड के साथ भारतीय सैन्य अकादमी ने देश-विदेश की सेनाओं को अब तक कुल 66,119 सैन्य अधिकारी प्रदान करने का कीर्तिमान स्थापित किया। इनमें मित्र देशों की सेनाओं के 2,988 अधिकारी भी शामिल हैं। यह अकादमी का गौरवपूर्ण योगदान है जो इसे विश्वस्तरीय सैन्य प्रशिक्षण संस्थान बनाता है। इस अवसर पर सभी कैडेट्स ने भारतीय सेना के मूल्यों-कर्तव्य, सम्मान और साहस-के प्रति समर्पण व्यक्त किया। यह परेड न केवल सैन्य अधिकारियों के जीवन का नया अध्याय है, बल्कि देश और दुनिया के लिए शांति और सुरक्षा का प्रतीक भी है।

### नए सैन्य अधिकारियों का उत्साह

नए अधिकारी कैडेट्स के चेहरे पर गर्व और आत्मविश्वास की झलक साफ दिखी। ये युवा सैनिक अपनी मातृभूमि की सेवा के लिए तत्पर हैं और अपने साहसिक कर्तव्यों को निभाने के लिए तैयार हैं। भारतीय सेना में शामिल होने वाले इन 456 युवा अधिकारियों के लिए यह दिन उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन साबित हुआ।

### मित्र देशों का सहयोग

भारतीय सैन्य अकादमी में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, तजाकिस्तान समेत कई मित्र देशों के कैडेट्स को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इस वर्ष मित्र देशों के 35 सैन्य अधिकारी भी अकादमी से प्रशिक्षित होकर अपनी सेनाओं का हिस्सा बने। यह भारत की मित्रता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

# यू.सी.एम.ए.एस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 : गणित के छात्रों का लगा महाकुंभ

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** जहां एक तरफ पूरे देश में प्रयागराज के होने वाले पारंपरिक महाकुंभ की चर्चा है, तो वहीं दूसरी तरफ राजधानी दिल्ली में भी एक अनोखे 'महाकुंभ' का आयोजन किया गया।

यू.सी.एम.ए.एस इंटरनेशनल प्रतियोगिता 2024 जो दुनिया की सबसे बड़ी अबेकस और मेंटल अर्थमैटिक प्रतियोगिता है, इसे दूसरी बार आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चला, जिसमें 30 देशों के 6,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में दुनिया भर से आए छात्रों ने गणित के प्रश्नों को हल करने की अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया। छात्रों के साथ-साथ इस कार्यक्रम में 15,000 से भी अधिक अन्य लोग, समर्थक व उनके माता-पिता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारत के 24 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया और छात्रों को 10,000 से अधिक ट्रॉफी देकर उनकी असाधारण योग्यता का सम्मान किया गया। दिल्ली में वैश्विक स्तर पर आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों



के मानसिक विकास को और बढ़ाने के प्रति यू.सी.एम.ए.एस की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अबैकस और मेंटल अर्थमैटिक की तकनीकों से और क्या बेहतर कर सकते हैं, यह हौसला बढ़ाना था। पत्रकारों से बात करते हुए, यूसी इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के सीईओ श्री एलेक्सन वोंग ने कहा कि, यू.सी.एम.ए.एस प्रतियोगिता अपने आप में बहुत ही प्रभावशाली प्रतियोगिता बन गई है। जिसमें वैश्विक स्तर पर इतने सारे छात्र मेंटल अर्थमैटिक की शक्ति का प्रदर्शन करने हेतु एक साथ एकत्रित हुए। यह प्रतियोगिता न सिर्फ उनकी बौद्धिक क्षमता की परीक्षा लेती है बल्कि उनकी रचनात्मकता को और बढ़ाने का भी प्रयास करती है।